संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 04 फरवरी 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



भूटान नरेश, जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के लखनऊ आगमन पर एयरपोर्ट पर उनका स्वागत करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 34 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# बदहाल है दिल्ली सरकार की शिक्षा व्यवस्थाः मोदी

● पीएम नरेंद्र मोदी ने दिल्ली सरकार की शिक्षा नीति पर सवाल खड़े किए

**थमा चुनाव प्रचार**

**▶▶ दिल्ली में 9वीं कक्षा के बाद बच्चों का आगे जाने नहीं देते, जो बच्चे गारंटी हैं कि पास होंगे, उन्हें को जाने देते हैं**





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली** विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के कुछ छात्रों से बातचीत की। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने दिल्ली सरकार की शिक्षा नीति पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा, मैंने सुना है कि दिल्ली में 9वीं कक्षा के बाद बच्चों का आगे जाने नहीं देते, जो बच्चे गारंटी हैं कि पास होंगे, उन्हें को जाने देते हैं। आप सरकार सोचती है कि बच्चों के रिजल्ट खराब हो जाएंगे तो उनकी इज्जत खराब हो जाएगी। दिल्ली में बेईमानी का काम हो रहा है।

**आप के शिक्षा मॉडल पर पीएम मोदी ने साधा निशाना**

पीएम मोदी ने पेड़ के नीच बैठकर बच्चों से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने तर्क दिया कि बोर्ड परीक्षाओं में छात्रों को बराबर मौके देने के बजाय, कमजोर छात्रों को सिर्फ अपने 'बहुप्रचारित' शिक्षा मॉडल को बढ़ावा देने और पार्टी को अच्छी छवि दिखाने के लिए रोका जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा,' इसके बदले में पार्टी युवा छात्रों के जीवन के साथ खेल रही है और उनके भविष्य को नुकसान पहुंचा रही है।' बता दें कि पीएम मोदी ने आम आदमी पार्टी के शिक्षा मॉडल पर निशाना साधा है। आम आदमी पार्टी दावा करती आई है कि राज्य में शिक्षा की वर्ल्ड क्लास फैसिलिटी मुहैय्या कराई जा रही है। बता दें कि 5 फरवरी को दिल्ली में विधानसभा चुनाव होना है। वहीं, 8 फरवरी को मतगणना होगी।

## दिल्लीवासी इस 'आप-दा' सरकार से त्रस्त हैंः नड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली की बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एक जनसभा में कहा कि यह चुनाव, दिल्ली की तकदीर और तस्वीर बदलने, आप-दा से मुक्ति पाने और विकसित दिल्ली बनाने का चुनाव है। दिल्लीवासी इस 'आप-दा' सरकार से त्रस्त हैं। सभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता जेपी नड्डा ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने का वादा कर आई केजरीवाल सरकार विगत एक दशक में दिल्ली को लूटने में कोर-कसर नहीं छोड़ी है।

**प्रवेश वर्मा ने की तालकटोरा स्टेडियम का नाम बदल कर 'भगवान महर्षि वाल्मीकि' करने की घोषणा**

नई दिल्ली विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने तालकटोरा स्टेडियम का नाम बदलकर भगवान महर्षि वाल्मीकि के नाम पर रखने की घोषणा की। उन्होंने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनते ही नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) काउंसिल की पहली बैठक में तालकटोरा स्टेडियम का नाम बदलकर भगवान महर्षि वाल्मीकि कर दिया जाएगा।

वर्मा ने कहा कि वाल्मीकि समाज एक पिछड़ा हुआ समाज है, अनुसूचित जाति का समाज है, जब तक अनुसूचित को आगे नहीं लेकर आएंगे, देश आगे नहीं बढ़ेगा।

## यह चुनाव महिलाओं का चुनाव है : केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि यह चुनाव महिलाओं का चुनाव है। एक-एक महिला वोट डालने जाएं और अपने घरों में पुरुषों को समझाएं कि जैसे हर महिला आआपा को वोट दे रही है, वैसे ही हर पुरुष का एक -एक वोट झाड़ू पर पड़ना चाहिए ताकि हम 60 सीट क्रॉस कर जाएं। अगर सारी महिलाएं इस काम पर लग गईं तो आआपा की 60 से ऊपर सीट आएंगी। केजरीवाल राजधानी में आज विभिन्न जनसभाओं में पार्टी उम्मीदवारों को समर्थन में चुनाव प्रचार कर रहे थे। भाजपा पर हमला बोलते हुए उन्होंने दावा किया कि ये लोग बड़ी उल्टी सीधी बातें कर रहे थे कि 3 सीट फंस गईं। नतीजे देख लेना नई दिल्ली, कालकाजी और जंगपुरा तीनों सीटें ऐतिहासिक मार्जिन से आआपा जीतने जा रही है।

आगे उन्होंने दिल्ली की जनता से अपील करते हुए कहा कि सिर्फ झाड़ू का बटन दबाएं और आआपा की नई सरकार में 35 हजार रुपये तक की बचत करें।





**अपील**

**▶▶ पुरुषों को समझाएं कि जैसे हर महिला आप को वोट दे रही है, वैसे ही हर पुरुष का झाड़ू को वोट दें**

## स्वाति ने यमुना के प्रदूषण को लेकर दिल्ली सरकार पर साधा निशाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल को आज दिल्ली चुनाव के बीच एक फिर से पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। सोमवार को स्वाति मालीवाल पूर्वांचल की महिलाओं के एक समूह के साथ यमुना नदी पहुंची थी। उसके बाद वहां से बोतल में पानी लेकर आआपा के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के आवास पर पहुंचीं। उन्होंने अरविंद केजरीवाल से सवालिया लहजे में पूछा की यमुना मैली क्यों है? स्वाति मालीवाल ने यमुना के प्रदूषण को लेकर दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केजरीवाल ने यमुना नदी को नाले में तब्दील कर दिया है। यमुना में काला, सड़ा गंदा पानी बह रहा यहा कि स्थिति इतनी खराब है की बदबू के कारण से यहां पर खड़ा नही रहा जा सकता। यमुना वेंटिलेटर पर है और केजरीवाल अपने शीशमहल में विराजमान है। स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया एक्श पर वीडियों साझा करते हुए कहा कि "अरविंद केजरीवाल की वजह से यमुना नदी सीधे-सीधे नाला बन चुकी हैं। यमुना नदी की हालत इतनी खराब हो गई है इसलिए सभी पूर्वांचली महिलाओं के साथ अरविंद केजरीवाल के घर जा रहे हैं। महिलाएं उनसे सवाल करना चाहती है कि छठ पूजा महिलाएं कहां करें? यमुना नदी का काला पानी इक्ट्ठा कर केजरीवाल के घर लेकर जा रहे हैं।"

## सीएम हमारी सरकार का नहीं अपने सरकार में करवाए कामों का ब्यौरा दें : जयराम ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला : जयराम** ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री झूठ बोलना बंद करें और 2 साल में उन्होंने जो काम अपनी सरकार में करवाए उसका ब्यौरा दें। अधिकारी उन्हें गुमराह कर रहे हैं और झूठे आंकड़े दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने जितने भी काम मीडिया के सामने गिनवाए हैं उन सारे कामों की स्वीकृति भाजपा के सरकार में हुई थी, उनकी डीपीआर भाजपा की सरकार में स्वीकृत हो गई थी और उन सभी प्रोजेक्ट पर भाजपा सरकार में ही काम शुरू हो गया था। इसलिए झूठ बोलकर प्रदेश को बरगलाने की बजाय मुख्यमंत्री यह बताएं कि उनके दो साल के कार्यकाल में विधायक प्राथमिकता के कितने नए काम का प्रस्ताव बना, कितने नए कामों की स्वीकृति मिली, कितने नए कामों की डीपीआर बनी और कितने नए काम शुरू हुए। मुख्यमंत्री होते हुए हर बात पर झूठ बोलना, बार-बार झूठ बोलना उनके न तो व्यक्तित्व को शोभा देता है और न ही उनके पद की गरिमा के अनुकूल है।



**साधा निशाना**

**▶▶ मुख्यमंत्री का बार-बार झूठ बोलना उनके न तो व्यक्तित्व को शोभा देता है और न ही उनके पद की गरिमा के अनुकूल है**

## महाकुंभ भगदड़ की घटना पर पर्दा डालने की हो रही कोशिशः जया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** समाजवादी पार्टी की राज्यसभा सदस्य एवं फिल्म अभिनेत्री जया बच्चन ने आरोप लगाया कि महाकुंभ में हुई भगदड़ की घटना पर पर्दा डालने की कोशिश हो रही है। जया बच्चन ने सोमवार को संसद परिसर में मीडियाकर्मियों से कहा कि महाकुंभ में गरीबों और आम आदमी की कोई सहायता नहीं की जा रही है और न ही उसके लिए कोई व्यवस्था की जा रही है। बच्चन ने आरोप लगाया कि भगदड़ में जान गंवाने वाले लोगों के शवों को नदी में फेंक दिया गया है, जिससे जल प्रदूषित हो गया है।



महाकुम्भ प्रयाग की पावन भूमि पर ज्ञान की देवी मां सरस्वती के प्राकट्य उत्सव बसंत पंचमी पर सोमवार को गंगा, यमुना व अदृश्य सरस्वती के पवित्र पावन संगम में सुनहरे मौसम के मध्य करोड़ों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। नागा साधुओं ने त्रिवेणी में डुबकी लगाई।

## विधानसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र में जोड़े गए हिमाचल जितने मतदाताः राहुल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी** ने सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले कथित तौर पर बड़ी संख्या में मतदाता जोड़े जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों के बीच हिमाचल प्रदेश की आबादी जितने मतदाताओं को महाराष्ट्र की मतदाता सूची में जोड़ा गया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में पांच साल में इतने मतदाता नहीं जुड़े जितने लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच के समय में जोड़े गए हैं। शिरड़ी की एक बिल्डिंग में 7 हजार मतदाताओं का पंजीकरण हुआ है। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि इसमें कुछ नया नहीं था। उन्हीं बातों को दोहराया गया है जिन्हें पहले भी कहा जाता रहा है। राहुल ने चुनाव आयोग की चयन प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए और कहा कि आने वाले दिनों में चुनाव आयुक्त को तय किया जाना है और उन्हें लगता कि वे केवल समिति की बैठक में भाग ही ले पाएंगे, भागीदारी नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि वे आरोप नहीं लगा रहे, सिर्फ सवाल पूछ रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि चुनाव आयोग लोकसभा और विधानसभा चुनावों की मतदाता सूची प्रदान करे। उन्हें लगता है कि ज्यादातर मतदाता उन क्षेत्रों में जोड़े गए जहां भाजपा हारती रही है। राहुल ने अपने भाषण की शुरूआत में वैज्ञानिक प्रगति का विषय उठाया और कहा कि इस देश का भविष्य भारत के युवा तय करेंगे।

**मुद्दा**

**▶▶ राहुल ने वैज्ञानिक प्रगति का विषय उठाया और कहा कि इस देश का भविष्य भारत के युवा तय करेंगे**



## महाकुंभ भगदड़ में हुई मौतों पर खरगे की टिप्पणी को लेकर हंगामा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को कहा कि पिछले सप्ताह महाकुंभ में मची भगदड़ में हजारों लोगों की मौत हो गई, जिन्हें मैं श्रद्धांजलि देता हूं। उनके इस बयान को लेकर सदन में जोरदार हंगामा हुआ और सभापति जगदीप धनखड़ ने उनसे यह बयान वापस लेने को कहा। खरगे ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर आज राज्यसभा में हुई चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि मेरा कहना है कि वहां (महाकुंभ भगदड़ में) हजारों लोग मारे गए। अगर आप कहते हैं कि मैं गलत हूं तो कम से कम वहां हुई मौतों की सही संख्या की रिपोर्ट जारी कर दें। उनके इस बयान पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा किया। इस पर खरगे ने कहा, मैंने किसी को दोषी ठहराने के लिए 'हजारों' नहीं कहा लेकिन कितने लोग मारे गए, कम से कम यह जानकारी तो दें। यह मेरा अंदाजा है, अगर मैं गलत हूं तो मैं सुधार करने के लिए तैयार हूं। उन्हें (सरकार को) आंकड़ा देना चाहिए कि कितने लोग मारे गए, कितने लापता हैं। इस पर सभापति जगदीप धनखड़ ने उनसे अपने बयान को वापस लेने का आग्रह किया। सभापति ने कहा, "विपक्ष के नेता ने हजारों की संख्या में आंकड़े देकर एक परिदृश्य का संकेत दिया है। मैं उनसे अपील करता हूं कि इस सदन में जो भी कहा जाता है, उसका बहुत महत्व होता है। आपने कुछ ऐसा कहा है, जिससे सभी स्तब्ध हैं।



## चुनाव में आप की 60 से ज्यादा सीटें आ रही हैं : संजय सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने सोमवार को इस चुनाव में आआपा की 60 से ज्यादा सीटें आ रही हैं। आज प्रचार अभियान समाप्त होने से पहले दिल्ली के रिठाला से आआपा प्रत्याशी मोहिंदर गोयल के समर्थन में रोड शो किया। इसके अलावा, उन्होंने बवाना से आआपा प्रत्याशी जय भगवान किराड़ी और अनिल झा के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर जनता से आम आमदी पार्टी को वोट की अपील की। संजय सिंह ने कहा कि इस चुनाव में आआपा की 60 से ज्यादा सीटें आ रही हैं और अरविंद केजरीवाल चौथी बार मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल द्वारा दी गई सुविधाओं से हर परिवार की हर महीने 25 हजार रुपये की बचत होगी। अगर भाजपा आ गई तो सारी सुविधाएं बंद कर देगी। राज्यसभा सदस्य सिंह ने आगे कहा कि यह वोट देने की ताकत जनता को स्वतंत्रता सेनानियों शहीद ए आजम भगत सिंह, शहीद सुखदेव और खुदीराम बोस की शहादत से मिली है। साथ ही, डॉक्टर बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने एक संविधान लिखा।

उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने गारंटी दी है कि मुख्यमंत्री बनने के बाद महिलाओं के खाते में हर महीने 2100-2100 रुपये की महिला सम्मान राशि आएगी।





**दावा**

**▶▶ अरविंद केजरीवाल द्वारा दी गई सुविधाओं से हर परिवार की हर महीने 25 हजार रुपये की बचत होगीः संजय**

## 'राहुल का राजनीतिक झूठ राष्ट्र के लिए नुकसानदायक'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने सोमवार को लोकसभा में राहुल गांधी की टिप्पणी को झूठ करार देते हुए कहा है कि उनकी राजनीतिक टिप्पणी विदेश में राष्ट्र को नुकसान पहुंचाती है। जयशंकर ने एक्स पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री के निमंत्रण के बारे में उनकी अमेरिकी यात्रा के दौरान किसी भी स्तर पर चर्चा नहीं की गई। यह सामान्य ज्ञान है कि प्रधानमंत्री इस तरह के आयोजनों में शामिल नहीं होते हैं। वास्तव में भारत का प्रतिनिधित्व आम तौर पर विशेष दूत करते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जानबूझकर दिसंबर-2024 में उनकी अमेरिकी यात्रा के बारे में एक झूठ बोला है। वे तत्कालीन बिडेन प्रशासन के विदेश मंत्री और एनएसए से मिलने गये थे। इसके अलावा एक बैठक भी थी। अपने प्रवास के दौरान नए बनने जा रहे एनएसए ने उनसे मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने आज लोकसभा में कटाक्ष किया था कि अमेरिका के साथ बातचीत करते समय हमें अपने विदेश मंत्री को प्रधानमंत्री को आमंत्रित करने के लिए नहीं भेजना चाहिए।



## राजीव के मानहानि मामले में थरूर को हाई कोर्ट का नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली हाई कोर्ट ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर के खिलाफ पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर की ओर से दाखिल दीवानी मानहानि याचिका पर सुनवाई करते हुए शशि थरूर को नोटिस जारी किया है। जस्टिस पुरुषेंद्र कौरव की बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 28 अप्रैल को करने का आदेश दिया। राजीव चंद्रशेखर ने शशि थरुर के खिलाफ दस करोड़ रुपये की मानहानि का दावा किया है। राजीव चंद्रशेखर ने शशि थरुर के खिलाफ राऊज एवेन्यू कोर्ट में आपराधिक मानहानि का भी केस किया हुआ है।

**सहयोग** प्रदेश में अब तक 15 जिलों में नए मेडिकल कॉलेज बने, मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याओं को भी सुना

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उपमंडल नारायणगढ़ का किया दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उपमंडल नारायणगढ़ के रेस्ट हाउस में प्रेस एसोसिएशन नारायणगढ़ तथा पत्रकार मंच नारायणगढ़ से जुड़े मीडिया प्रतिनिधियों ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने नारायणगढ़ के मीडिया प्रतिनिधियों की सराहना करते हुए कहा कि आप लोगों का मुझे सदैव सहयोग मिला है। अपने राजनैतिक कैरियर के संघर्ष के दिनों को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यहाँ के मीडिया साथियों का उन्हें भरपूर सहयोग और समर्थन मिला है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याओं को भी सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता के कल्याण के लिए सरकार ने अनेक योजनाओं को लागू किया है। जनता को इन योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रतिदिन जनता की समस्याओं को सुनें और तत्परता से उनके निदान के लिए कार्यवाही करें। मुख्यमंत्री ने नारायणगढ़ के युवा पत्रकारों से कहा कि वे अपने वरिष्ठ पत्रकारों से मार्गदर्शन ले और सकारात्मक सोच के साथ जनता से जुडी खबरों को प्रकाशित करें। उन्होने कहा कि उनका सदैव प्रयास रहेगा कि नारायणगढ़ क्षेत्र विकास की बुलंदियों को छुए। नारायणगढ़ उपमण्डल में खेल स्टेडियम, हॉकी का एस्टोटर्फ, बागवानी का रिजनल सैंटर एवं कालेज, राजकीय महिला महाविद्यालय शहजादपुर, अधिकतर गांवों में कम्यूनिटी सैंटर, गांव डेरा में बिजली का पावर हाउस, कई पुल व सडके आदि कार्य करवाये जा रहे हैं।

इन सुविधाओं के पूरा होने पर इलाके के लोगों को इनका फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक जिला में एक-एक मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा और अब तक 15 जिलों में मेडिकल कॉलेज बन गये है तथा शेष जिलों में आगामी समय में मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार हो जाएंगे।



**विविधता**

**▶▶ अब तक 15 जिलों में मेडिकल कॉलेज बन गये है तथा शेष जिलों में मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार हो जाएंगे**

# अवैध बिल्डिंग पर जमकर गरजा बुलडोजर, आंखों के सामने किया ध्वस्त



**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में करीब तीन हजार वर्ग मीटर में अवैध नक्शे के रूप में खड़ी की गई चार मंजिला इमारत पर जीडीए टीम की दूसरे दिन रविवार को भी कार्रवाई जारी रही। पोकलेन मशीन व बुलडोजर से प्राधिकरण की टीम ने 10 ब्लाक में दूसरे दिन चार फ्लैट के एक ब्लाक को ध्वस्त किया।

**पिछले करीब तीन वर्षों से चल रहा था निर्माण कार्य :** दो अन्य ब्लाक को कार्यवाही कर झुका दिया गया। तीसरे दिन भी जीडीए की कार्रवाई जारी रही। दुहाई में ईएमआर कालेज के पीछे तीन हजार वर्ग मीटर में चार मंजिल 10 ब्लाक का निर्माण किया जा रहा था। इसमें करीब 40 फ्लैट निमार्णाधीन हैं। यह निर्माण कार्य पिछले करीब तीन वर्षों से चल रहा था।

**पोकलेन मशीन को मंगाया गया:** प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने इस पर शनिवार से नक्शा पास न होने के कारण ध्वस्तीकरण की कार्यवाही आरंभ की। बुलडोजर से ब्लाक की दीवारों को ध्वस्त किया, लेकिन ब्लाक नहीं गिराये जा सके। इस पर पोकलेन मशीन को मंगाया गया, लेकिन वह उपयोग में न होने के कारण जवाब दे गई।

**बिल्डिंग के सभी 10 ब्लाक तोड़ने की योजना :** रविवार को एक बार फिर से दूसरी पोकलेन मशीन के साथ जीडीए टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में एक ब्लाक को ध्वस्त करने के साथ ही दो अन्य ब्लाक के कुछ पिलर तोड़कर झुका दिया। एक-एक ब्लाक में चार-चार फ्लैट बने हुए थे। यह कार्यवाही सोमवार को भी जारी रही। प्रवर्तन टीम की इस बिल्डिंग के सभी 10 ब्लाक तोड़ने की योजना है।

**अवैध**

**▶▶ बुलडोजर से प्राधिकरण की टीम ने 10 ब्लाक में दूसरे दिन चार फ्लैट के एक ब्लाक को ध्वस्त किया**

**20 बीघा अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर:** दुहाई में जिस बिल्डिंग के ब्लाक को तोड़ने के लिए प्राधिकरण की टीम पहुंची। वहां पास में ही अवैध रूप से विकसित की जा रही करीब 20 बीघा कालोनी की सड़क, नाली, विद्युत पोल आदि को बुलडोजर से तोड़ दिया गया। दुहाई में चार मंजिला इमारत के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। उसे लेकर प्राधिकरण में चर्चा है कि इसमें दो जेई का पैसा लगा है। यह मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में आया तो इस पर कार्यवाही का चाबुक तेजी के साथ चल रहा है।

## नोएडा में बदलेगा बिल्डिंग बायलॉज, घटेगी नई इमारतों की ऊंचाई

**नोएडा।** भारतीय मानक ब्यूरों (बीआइसी) की ओर से तैयार बिल्डिंग बायलॉज 2023 का अध्ययन नोएडा प्राधिकरण पूरा कर बिल्डिंग बायलॉज 2010 को संशोधित करने का निर्णय लिया है। अब इसे तीनों प्राधिकरण में लागू किया जाएगा। इस मुद्दे प्रमुखता से काम करने के लिए मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के निर्देश पर नोएडा प्राधिकरण सीईओ डॉ. लोकेश एम ने खुद कमान संभाली है, जल्द ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सीईओ एनजी रवि कुमार और यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण सीईओ डा अरुणवीर सिंह के साथ बैठक करने जा रहे है। बता दें कि नोएडा प्राधिकरण अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी की अध्यक्षता में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास के प्रशासनिक, नियोजन, परियोजना और विधि विभाग अधिकारियों की समिति का गठन कर प्रस्ताव नोएडा प्राधिकरण में तैयार किया गया था।

## गंभीर सर्वाइकल कैंसर से जूझ रही विदेशी महिला का शारदा केयर - हेल्थसिटी में हुआ सफलतापूर्वक इलाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**ग्रेटर नोएडा::** शारदा केयर – हेल्थसिटी के जाने-माने ऑन्कोलॉजिस्ट (कैंसर विशेषज्ञ) डॉ. अनिल ठाकवानी ने फिजी से आई 34 साल की महिला का जटिल गर्भाशय का कैंसरका सफलतापूर्वक इलाज किया। मरीज पिछले 6-7 महीनों से गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थी। उसे लगातार वजाइनल ब्लीडिंग, एब्नार्मल डिस्चार्ज और पेट के निचले हिस्से में तेज दर्द हो रहा था। डॉक्टरों द्वारा की गई जांच और रेडियोलॉजिकल टेस्ट से पता चला कि उसे गंभीर सर्वाइकल कैंसर है। डॉ. अनिल ठकवानी, सीनियर कंसलटेंट और एच.ओ.डी, डिपार्टमेंट क्लिनिकल ऑन्कोलॉजी ने बताया कि बायोप्सी में मध्यम स्तर का स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा पाया गया और ढएळ स्कैन में 6.4७5.4७6.5 सेमी का ट्यूमर दिखाई दिया, जो शरीर के कई महत्वपूर्ण अंगों के पास था। इलाज के तहत बाहरी बीम रेडिएशन, साप्ताहिक कीमोथेरेपी और इंटरनल ब्रेकीथेरेपी का उपयोग किया गया। मरीज की हालत पर पूरी टीम ने बारीकी से नजर रखी और उसे सावधानीपूर्वक ठीक किया गया। अपने सफल इलाज पर महिला ने खुशी व्यक्त करते हुए शारदा केयर – हेल्थसिटी के डॉक्टरों और पूरे स्टाफ को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, 'लगातार ब्लीडिंग और दर्द के बावजूद, डॉक्टर ठकवानी और उनकी टीम ने उन्हें हिम्मत और आत्मविश्वास से लड़ने की ताकत दी।

**उत्तर रेलवे**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

**कार्य का नाम और इसकी स्थिति:** 30-Elect-58-T-R1-24-25-E3
दिल्ली मंडल में दोषपूर्ण सौर संयंत्र, सौर वाटॅर हीटर (एसडब्ल्यूएच), सौर पंप और स्टैंड-अलोन सौर स्ट्रीट लाइट और उपरोक्त संयंत्र के सीएएमसी की मरम्मत के संबंध में विद्युत कार्य।

| | |
|---|---|
| निविदा की अनुमानित लागत | रु. 207.08 लाख |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 2,53,600.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 28.02.2025, 12:00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 28.02.2025, 12:00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in व वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

378/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## पीडब्लूएनसैट ने विद्यार्थियों की सफलता के सम्मान में 2.2 करोड़ रुपये से अधिक के कैश पुरस्कार वितरित किए

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार : एजुकेशन** प्लेटफॉर्म, फिजिक्सवाला (पीडब्लू) ने पूरे देश में आयोजित नेशनल स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (पीडब्लूएनसैट) 2024 में सबसे अच्छे अंक प्राप्त करने वाले 1,581 विद्यार्थियों को सम्मानित किया है। अकेले हिसार में पीडब्लू ने 12 विद्यार्थियों को सम्मानित किया है। शिक्षा प्राप्त करना आसान बनाने के लिए पीडब्लू ने इस पुरस्कार समारोह में विद्यार्थियों को 2.2 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार वितरित करके उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों को सम्मानित किया। देश में स्कॉलरशिप के लिए एक महत्वपूर्ण टेस्ट, पीडब्लूएनसैट में पूरे देश से 15.5 लाख विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। 250 करोड़ रुपये के पीडब्लूएनसैट 2024 स्कॉलरशिप फंड द्वारा पीडब्लू का उद्देश्य विद्यार्थियों को ट्यूशन फीस की फिक्र किए बगैर कोचिंग प्राप्त करने में समर्थ बनाना है। पीडब्लूएनसैट 2024 का उद्देश्य जेईई और नीट प्रत्याशियों को फैकल्टी, संसाधन और अध्ययन का वातावरण प्रदान करना है। यह स्कॉलरशिप प्रोग्राम वित्तीय सहायता के अलावा, रहने की व्यवस्था में सहयोग और मेंटरशिप भी उपलब्ध कराएगा ताकि प्रतिभाशाली विद्यार्थी अपने शैक्षणिक उद्देश्य प्राप्त कर सकें। इस साल, 5 लाख से अधिक विद्यार्थियों को कम से कम 50 प्रतिशत की स्कॉलरशिप मिली।पीडब्लू के फाउंडर एवं सीईओ, अलख पांडे ने कहा, ह्यह्यहमने शिक्षा को किफायती बनाने और सभी तक पहुँचाने के सरल से लक्ष्य के साथ इसकी शुरूआत की थी।

पीडब्लूएनसैट 2024 हमारे द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की वित्तीय बाधा को दूर करने का एक तरीका है। 250 करोड़ रुपये की स्कॉलरशिप विद्यार्थियों को भविष्य बनाने में मदद करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करता है।

**वित्तीय बाधा**

**▶▶ पीडब्लूएनसैट 2024 हमारे द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की वित्तीय बाधा को दूर करने का एक तरीका है**

## संत शिरोमणि गुरु रविदास जयन्ती महोत्सव 11 व 12 को



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** संत शिरोमणि गुरु रविदास के 648वें जयन्ती महोत्सव 11 व 12 फरवरी को नगर पालिका रोड स्थित संत गुरु रविदास मन्दिर गन्नौर में संत गुरु रविदास सेवा समिति, गन्नौर के तत्वाधान में धूमधाम से मनाया जाएगा । जानकारी देते हुए समिति के प्रधान दयानंद अहलावत व सुखबीर सिंह ने बताया कि मंगलवार 11 फरवरी को सत्संग, 12 फरवरी को गुरु वंदना के बाद मुख्य अतिथि गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान व अति विशिष्ट अतिथि ज्योति भनखड़ डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस मेधावी विद्यार्थीयो को पुरस्कार वितरण करेंगे। प्रधान दयानंद अहलावत ने बताया कि दोपहर बाद शोभा-यात्रा निकाली जाएगी । यात्रा मंदिर से शुरू होकर शहर के रेलवे रोड व मुख्य मार्ग से होती हुई वापस मंदिर में आकर समाप्त होगी ।

**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण, उत्तर रेलवे, रोहतक रोड़, शकूरबस्ती, दिल्ली-56, भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये निर्धारित प्रोफार्मा पर एक पैकेट प्रणाली में ई खुली निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | नई दिल्ली पलवल खण्ड पर समपार संख्या 579-सी किमी 1512/31-33 एवं समपार संख्या 579 बी कि0मी0 1517/25-27 के स्थान पर स्टेनलेस स्टील के फुटओवर ब्रिज का शेष कार्य निर्माण। |
| अनुमानित लागत | रू 182.21 लाख |
| धरोहर राशि | रू 241100/- |
| कार्य पूरा करने की अवधी | स्वीकृति पत्र जारी होने के 06 माह के अन्दर। |
| रेलवे की वैब साईट पर निविदा की बिक्री एवं उपलब्धता | निविदा दस्तावेज दिनांक **10.02.2025 से 24.02.2025** तक समय 11.30 तक उपलब्ध रहेंगे। |
| निविदा अपलोड करने की दिनांक/समय | निविदा कर्ता दिनांक **10.02.2025 से 24.02.2025** समय 11.30 वैब साईट से अपलोड कर सकते हैं। |
| निविदा के खुलने की तिथि एवं समय | निविदा अपलोड करने के तुरन्त पश्चात दिनांक **24.02.2025** को 11:30 तक |

संख्या : 412-एकाउन्टस/निर्माण/शकूरबस्ती दिनांक : 31.01.2025 374/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## दिल्ली से अपने खेतों पर घूमने आए युवक के साथ मारपीट

**ग्रेटर नोएडा।** शहर में रहने वाला हर व्यक्ति गांव घूमने के बारे में सोचता है। हर किसी को लगता है कि गांव की गलियों और खेतों की हरियाली के बीच शांति मिलती है। ऐसे में दिल्ली से आए एक युवक ने अपने दोस्तों के साथ गांव घूमने का प्लान बनाया और कार से वहां पहुंच गया। लेकिन उस व्यक्ति को यह नहीं पता था कि वहां पहुंचकर उसके साथ ऐसा कुछ हो जाएगा।

**उत्तर रेलवे**
**(ई-नीलामी सूचना)**

संख्या-No 7PUB/TN/Pay & Use Toilets/Auction/2022 दिनांक : 03.02.2025
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा डीलक्स पे एंड यूज शौचालय MOT के आधार पर अनुबंध लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई-नीलामी IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई-बोली "जैसा है जहां है" के आधार पर निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित कि जाती है-

| ई-कैटलॉग संख्या E-Catalogue No. | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/साइट |
|---|---|---|
| PaynUse03-2025 | दिनांक 19.02.2025 को 12:00 बजे | हजरत निजामुद्दीन (HNZM)-2 साइट, नई दिल्ली (NDLS)-1 साइट, दिल्ली (DLI)-1 साइट, पालम (PM)-1 साइट, आनंद विहार (ANVT) 1 साइट, कुल 6 साइट्स/स्थल। |

| | |
|---|---|
| वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | https://ireps.gov.in/ |
| ई-नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ | आईआरईपीएस के ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आयोजित ई नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सभी ठेकेदारों को अपनी बोलियां जमा करने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए: – ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस पर पंजीकरण-ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए सक्रिय आईआरईपीएस उपयोगकर्ता खाता; एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान; भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता; आईआरईपीएस खाते के साथ एस बी आई बैंक खाते का एकीकरण; फंड का लियन मार्किंग; कारोबार का अद्यतन विवरण; जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई-निविदा/ई-नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए अपना ऑन लाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के लिए अब वर्चुअल अकाउंट नंबर (वीएएन) नामक एक नयातंत्र शुरू किया गया है, जिसका उपयोग बोलीदाताओं द्वारा लियन मार्किंग तंत्र के विकल्प के रूप में किया जा सकता है। बोली लगाने हेतु प्रवेश करने से पहले किसी भी समय लियन मार्किंग मैकेनिज्म (यदि सक्रिय हो) और वैन मैकेनिज्म के बीच स्विच करने के लिए स्वतंत्र हैं। VAN तंत्र के लिए बोली लगाने वाले का भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता होना आवश्यक नहीं है। उपयोगकर्ता किसी भी बैंक में अपने किसी भी मौजूदा बैंक खाते से अपने VAN खाते में धन स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र हैं, जो उन्हें IREPS ई-नीलामी में भाग लेने में सक्षम बनाता है। |
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055, Email: sanitationcell@gmail.com Tel: 011-23743084 |

373/2025 वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## गाजियाबाद के सेंट मैरी स्कूल को मिली बम से उड़ाने की धमकी... खाली कराई गई बिल्डिंग

**धमकी**

**▶▶ गाजियाबाद के शालीमार गार्डन थाना इलाके में एक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद :** गाजियाबाद के शालीमार गार्डन थाना इलाके में एक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। साथ ही डॉग व बॉम स्कवाड की टीम भी पहुंची। आनन-फानन बच्चों को स्कूल मैदान में भेजा गया और जांच की गई। जानकारी के अनुसार, शालीमार गार्डन थाना इलाके में स्थित सेंट मैरी स्कूल को ईमेल पर सोमवार सुबह करीब सात बजे धमकी भरा मैसेज पहुंचा। स्कूल प्रबंधन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि ईमेल में स्कूल को खाली करने और बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। सुरक्षा के लिहाज से तुरंत सभी बच्चों को स्कूल मैदान में भेज दिया गया। साथ ही डॉग व बॉम स्कवाड की टीम ने जांच शुरू की। छानबीन व तलाश करने फर्जी धमकी होने का पता चला।

**उत्तर रेलवे**
**पहला शुद्धिपत्र**

**टेंडर नं.:** 30-ELECT-60-T-2024-25-E3, **कार्य का नाम:** "विद्युत कार्य से संबंधित (i) एडीईएन/ई-II के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/एस.पी. मार्ग के एस/ओ में 10 टाइप-I क्वार्टरों के स्थान पर टाईप-II क्वार्टरों का प्रावधान और अन्य संबद्ध कार्य। (ii) एस.एम. मार्ग में नए बैडमिंटन हॉल का प्रावधान।"

| टेंडर नं.: 30-ELECT-60-T-2024-25-E3 | | संशोधन |
|---|---|---|
| | पहले प्रकाशित | |
| कार्य का नाम | "विद्युत कार्य से संबंधित (i) एडीईएन/ई-II के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/एस.पी. मार्ग के एस/ओ में 10 टाइप-I क्वार्टरों के स्थान पर टाईप-II क्वार्टरों का प्रावधान और अन्य संबद्ध कार्य। (ii) एस.एम. मार्ग में नए बैडमिंटन हॉल का प्रावधान।" | प्रशासनिक आधार पर रद्द कर दिया गया। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु. 34.08 लाख | |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली | |
| बयाना राशि | रु. 68,200.00 | |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 12.02.2025, 12:00 बजे | |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 12.02.2025, 12:00 बजे | |

उपर्युक्त निविदा के निविदा दस्तावेज को संशोधित किया गया है, कृपया www.ireps.gov.in पर उपलब्ध संशोधित दस्तावेजों को देखें और तदनुसार अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करें।
379/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**ई-नीलामी नोटिस**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई-नीलामी की जाएगी, जिसका विवरण सारणीबद्ध है-

| क्र. सं. | कैटगरी एवं विवरण | Area | ई-कैटलॉग | ई-नीलामी की तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कालका रेलवे स्टेशन पर Cloak रूम मनैजमेंट का ठेका आवंटन हेतु। | 15.225 sqm | UMB-PnU-CR-0225 | 07.02.2025 को 12:00 बजे |
| 2 | भटिंडा रेलवे स्टेशन पर Cloak रूम मनैजमेंट का ठेका आवंटन हेतु। | 20.78 sqm | UMB-PnU-CR-0225 | 07.02.2025 को 12:00 बजे |
| 3 | चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 89.16 sqm | UMB-Advt-04-25 | 18.02.2025 को 13:00 बजे |
| 4 | सिरहिंद रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 2160 sq. ft. | UMB-Advt-04-25 | 18.02.2025 को 13:00 बजे |
| 5 | अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 2500 sq. ft. | UMB-Advt-04-25 | 18.02.2025 को 13:00 बजे |
| 6 | गिदड़बाहा रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1500 sq. ft. | UMB-Advt-04-25 | 18.02.2025 को 13:00 बजे |
| 7 | बराडा रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 720 sq. ft. | UMB-Advt-04-25 | 18.02.2025 को 13:00 बजे |
| 8 | भटिंडा रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 2109.41 sq. ft. | UMB-Advt-04-25 | 18.02.2025 को 13:00 बजे |
| 9 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1440 sq. ft. | UMB-Advt-04-25 | 18.02.2025 को 13:00 बजे |
| 10 | फतेगढ़ साहिब रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 4188 sq. ft. | UMB-Advt-04-25 | 18.02.2025 को 13:00 बजे |
| 11 | धुरी रेलवे स्टेशन के आउट ऑफ होम में वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1872 sq. ft. | UMB-Advt-04-25 | 18.02.2025 को 13:00 बजे |
| 12 | अंबाला शहर रेलवे स्टेशन परिसर में डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 91.12 sq. ft. | UMB-Advt-04-25 | 18.02.2025 को 13:00 बजे |
| 13 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन परिसर में डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 150 sq. ft. | UMB-Advt-04-25 | 18.02.2025 को 13:00 बजे |
| 14 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन परिसर में नॉन-डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1440 sq. ft. | UMB-Advt-04-25 | 18.02.2025 को 13:00 बजे |
| 15 | अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन परिसर में नॉन-डिजिटल मीडिया द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 6109 sq. ft. | UMB-Advt-04-25 | 18.02.2025 को 13:00 बजे |

ई-नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाये।
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 384/25

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## बेदखली सूचना

**मैं कमलदीन पुत्र प्रेम सिंह व नसीमा पत्नी कमलदीन निवासी मकान नं 251, सरकारी अस्पताल के पास, उग्राखेड़ी जिला पानीपत अपने हल्फ से बयान करते हैं कि हमारी सगी पुत्री मर्जीना हमारे कहने-सुनने से बाहर है। हम मर्जीना को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करते हैं। आज के बाद मर्जीना किसी से लेन देन करती है तो वह खुद जिम्मेदार होगी। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।**

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## सूचना

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की बोली बड़ा तालाब में मछली पालन हेतु दिनांक 5-02-2025 को समय सुबह 10 बजे बोली ग्राम सचिवालय में होनी है। जिसके लिए सिक्योरिटी बोलीदाता को 30 हजार रुपए पहले जमा करवानी होगी। अन्य शर्ते मौके पर पढ़कर सुनाई जाएगी।**

**सरपंच पूनम देवी, ग्राम पंचायत माहरा**
**तहसील गोहाना, जिला सोनीपत**
**मोबाइल : 8053022943**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# आदर्श नगर: मुकेश गोयल के रोड़ शो में माहौल बना गए भगवंत मान

- **आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र को विकास कार्यों के दम पर बनाउंगा "आदर्श": मुकेश गोयल**
- **जनता से किया हर वादा करूंगा पूरा, ये है मेरी गारंटी: मुकेश**







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** 5 फरवरी को सभी प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में हो जाएगी कैद। आज चुनाव प्रचार का है आखिरी दिन। यहीं कारण है की हर पार्टी, हर नेता आखिरी मिनट तक अपनी पूरी ताकत झोंक देना चाहता था इसी क्रम में आदर्श नगर से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल ने अपने तरकश के सभी तीर छोड़ दिए। हजारों की संख्या में मोटर साइकल, इ रिक्शे और गाड़ियों पर सवार आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थकों का ये काफिला बहुत कुछ बोल गया। जहां तक नजर जा रही थी, वहां तक आम आदमी पार्टी के झंडे लिए उनके समर्थक दिखाई दे रहे थे। उधर कार्यकर्ताओ का उत्साह अपने सातवें आसमान पर रहा। साथ ही आदर्श नगर से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल के चेहरे की चमक, उनके कॉन्फिडेंस को साफ दर्शा रही थी।

इस मौके पर पर आम आदमी पार्टी के दो बहुत बड़े चेहरे मौजूद रहे। एक है पार्टी के नेशनल लीडर और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और दूसरे हैं ..निगम के छह चुनाव जीतकर इतिहास रच चुके दिल्ली के नेता मुकेश गोयल।

**भव्य रोड शो का हुआ आयोजन:** मुकेश गोयल ने जनसमर्थन में रोड शो का भव्य आयोजन किया। इस मौके पर पंजाब के सीएम भगवंत मान ने मुकेश गोयल के चुनाव प्रचार को सातवें आसमान पर ले गए। भगवंत मान ने कहा रोड शो में जिस तरह आप सबका प्यार मिला है उसके लिए आम आदमी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता आभारी है। आम आदमी पार्टी को आप फिर से पूर्ण बहुमत से दिल्ली की सत्ता पर काबिज कराएं, ये मेरी अपील है। दिल्ली में जो विकास कार्य पिछले 11 वर्षों से अनवरत रूप से जारी है उसे बरकरार रखने के लिए चौथी पर आम आदमी पार्टी का सरकार बनना जरूरी है।

**जो वादा किया आप ने उसे पूरा करेंगे केजरीवाल:** सीएम भगवंत मान ने कहा कि आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने 15 गांरटी दिल्ली की जनता को दिए हैं और सभी गारंटी पूरे होगे ये केजरीवाल की गारंटी है। अब तक आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किए सारे वादे पूरे किए, उसी तरह ये वादे भी पूरा करेंगे।




- **नरेला का मध्यम वर्ग, झुग्गीवासी, पूर्वांचल वासी एवं दलित समाज सब मिलकर भाजपा की जीत के नायक बनने को तैयार हैं : राजकरण खत्री**

# नरेला: राजकरण खत्री की जनसमर्थन रैली में उमड़ा जनसैलाब





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में चुनाव प्रचार थम गया। अब 05 फरवरी को दिल्ली की जनता ईवीएम से तय करेगी प्रत्याशियों के किस्मत का फैसला। चुनाव प्रचार थमने से पूर्व नरेला विधानसभा क्षेत्र पूरा भाजपामय हो गया। नरेली की गली-गली भाजपाई नारों से गूंज रही थी। इसी कड़ी में भाजपा प्रत्याशी राजकरण खत्री ने जन समर्थन रैली का आयोजन किया। देखते ही देखते रैली जनसैलाब बन गई। पूरा क्षेत्र भाजपामय हो गया। लोगो राजकरण खत्री जिंदाबाद, भाजपा जिंदापाद के गगनचुंबी नारे लगा रहे थे।

**जनसमर्थन रैली में उमड़ जनसैलाब:** राजकरण खत्री ने नरेला विधानसभा क्षेत्र में जनसमर्थन रैली का आयोजन किया। जनसमर्थन रैली चुनाव कार्यालय से शुरू होकर चौधरी रामदेव चौक, सबोली मोड, सफियाबाद मोड, पाना उद्यान, पाना मामूरपुर, पाना पापोसिया, बस स्टैंड, पुरानी अनाज मंडी, अलीपुर मोड़ से होते हुए वापस चुनाव कार्यालय पर संपन्न हुई ..इस दौरान हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

**दिल्ली वाले अब परिवर्तन का मन बना चुके हैं: राजकरण खत्री:** इस मौके पर राजकरण खत्री ने कहा कि जनता का प्यार पाकर मैं अभिभूत हूं और पूरे आत्मविश्वास के साथ कह सकता हूं कि नरेला विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ पूरी दिल्ली में दिल्लीवासियों ने अब परिवर्तन का मन बना चुके हैं, उन्हे केजरीवाल के बहाने नही भाजपा का विकास बदलाव चाहिए। हम एक लम्बे चुनाव प्रचार का अंत कर रहे हैं और अगले 48 घंटे हम सब भाजपा कार्यकर्ता पूरे समर्पण से अंतिम सम्भव वोट को डलवाने के लिए काम करेंगे। राजकरण खत्री ने कहा कि इस चुनाव प्रचार में हमारी विरोधी आम आदमी पार्टी का पूरा प्रचार झूठ, भ्रम, अफवाहें फैलाने पर आधारित था और उसके चलते हमे त्रिकोणीय चुनाव प्रचार करना पड़ा। एक तरफ हम हर पल आम आदमी पार्टी के भ्रमजाल को तोड़ने का काम करना था तो दूसरी ओर हमे आम आदमी पार्टी एवं अरविंद केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार एवं अकर्मण्यता को उजागर करने का काम किया तो तीसरी ओर दिल्ली के लिए केन्द्र सरकार के कामों एवं दिल्ली के लिए भाजपा के संकल्प को दोहराने का काम किया।

**प्रधानमंत्री का मिला आशीर्वाद:** इस मौके पर राजकरण खत्री ने कहा कि इस चुनाव में भाजपा के सभी प्रत्याशियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आशीर्वाद मिला, जिसका मैं दिल की गहराईयों से आभार प्रकट करता हूं। राजकरण ने आगे कहा कि हमे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि का बड़ा लाभ मिला है और उनके द्वारा चुनाव की ओपचारिक घोषणा से पहले एक विशाल जनसभा के साथ ही प्रचार के दौरान की तीन जनसभाओं के बाद यह कहना सही होगा की दिल्ली की जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है और 8 फरवरी को दिल्ली में भाजपा सरकार आयेगी।

**जो वादा किया है उसे पूरा करेंगे:** राजकरण खत्री ने कहा कि दिल्ली विधासभा चुनाव प्रचार के दौरान जो वादा मैं नरेला विधानसभा क्षेत्र की जनता से किया हूं और पार्टी ने घोषणापत्र में जो भी वादे किए हैं उसे पूरा करेंगे। ये मोदी की गारंटी है। आप सभी भारी मतों से दिल्ली में भाजपा की बहुमत से सरकार बनाइए, दिल्ली को सचमुच राजधानी का रूप दे देंगे।




# यात्रियों को अच्छा खाना उपलब्ध कराने

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि हरियाणा रोडवेज में प्रतिदिन तीन लाख यात्री व कर्मचारी सफर करते हैं तथा उन्हें अच्छा खाना उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। प्रदेश के पांच बस स्टैंडों पर ट्रायल तौर पर टूरिज्म विभाग द्वारा बसों के यात्रियों को रेलवे की तर्ज पर खाना उपलब्ध कराने के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाईवे पर हम रेस्ट हाउस बनाना चाहते हैं ताकि वाहन चालक, महिलाएं व यात्रियों को रिफ्रेश होने की बेहतर सुविधा मिल सके। विज आज अम्बाला छावनी बस स्टैंड पर आस्था फाउंडेशन द्वारा प्रारंभ की गई पांच रूपए में थाली सेवा की शुरूआत करने के उपरांत लोगों को संबोधित कर रहे थे।

**दुर्घटनाओं में 80 फीसदी मानवीय चूक**



उन्होंने कहा कि ट्रायल तौर पर पांच बस स्टैंडों पर टूरिज्म विभाग से अनुबंध कर रहे हैं जहां से खाना मुहैया कराया जाएगा। यदि यह ट्रायल कामयाब हुआ तो अन्य बस स्टैंड पर भी यह सुविधा होगी। इसके अलावा, रेलवे की तर्ज पर हरियाणा रोडवेज में भी खाना उपलब्ध कराने की योजना है। उन्होंने कहा कि आज जो दुर्घटनाएं हो रही है वह 80 प्रतिशत मानवीय चूक की वजह से हो रही है। मानवीय चूक चालक को आराम नहीं करने की वजह से हो रही है। परिवहन मंत्री ने कहा कि बसों के लिए उन्होंने एक ट्रेकिंग सॉफ्टवेयर/ऐप बनाने के निर्देश दिए हैं जिससे पता चलेगा कि कौन सी बस कहां पर है। उन्होंने कहा कि हम नई एसी व इलेक्ट्रिक बसों की भी खरीद करने जा रहे हैं। अम्बाला में लोकल रूट पर पांच इलेक्ट्रिक बसें संचालित की गई हैं जबकि अन्य बसों का संचालन भी किया जा रहा है।

## विज ने सीएम सैनी पर साधा निशाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के बिजली एवं परिवहन मंत्री अनिल विज का मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को लेकर रोष थम नहीं रहा है। विज अब तक मुख्यमंत्री के पद पर रहते नायब सैनी की कार्य प्रणाली पर सवाल उठा रहे थे लेकिन सोमवार को सीधे सीएम पर निशाना साध दिया। विज ने सोशल मीडिया एक्स पर सैनी समर्थकों की 17 तस्वीरें शेयर कीं। जिनमें ये समर्थक सीएम सैनी और अनिल विज के खिलाफ चुनाव लड़ने वाली पूर्व कांग्रेसी मंत्री की बेटी चित्रा सरवारा के साथ नजर आ रहे हैं। विज ने इन तस्वीरों को वीडियो के रूप में जारी करते हुए बैकग्राउंड में क्या मिलिए ऐसे लोगों से जिनकी फितरत छुपी रहे, नकली चेहरा सामने आए, असली सूरत छुपी रहे गाना लगाया। इसके अलावा इन लोगों को गद्दार बताया। यही नहीं, एक फोटो में सीएम नायब सैनी की फोटो पर ही गद्दार का ठप्पा लगाया गया है। अनिल विज ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- "आशीष तायल जो खुद को नायब सैनी का मित्र बताते हैं, उनकी फेसबुक पर नायब सैनी के साथ अनेकों चित्र मौजूद हैं। आशीष तायल के साथ विधानसभा चुनाव के दौरान जो कार्यकर्ता नजर आ रहे हैं वही कार्यकर्ता चित्रा सरवारा भाजपा की विरोधी उम्मीदवार के साथ भी नजर आ रहे हैं। ये रिश्ता क्या कहलाता है..? उन्होंने लिखा- तायल आज भी नायब सैनी के परम मित्र बने हुए हैं तो फिर प्रश्न उठता है की भाजपा उम्मीदवार (अनिल विज) की मुखालफत किसने करवाई? अनिल विज ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर 52 सेकेंड का वीडियो शेयर किया है, जो इन 17 फोटो से बना है। जिसमें उट नायब सैनी के समर्थक उनके और उनके खिलाफ चुनाव लड़ने वाली निर्दलीय उम्मीदवार चित्रा सरवारा के साथ नजर आ रहे हैं।

# 7 से 23 फरवरी तक चलेगा 38वां अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेला

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा पर्यटन निगम की प्रधान सचिव श्रीमती कला रामचंद्रन ने कहा कि 38वां अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेला भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। 7 फरवरी से 23 फरवरी तक चले वाले इस मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन व सरकार द्वारा सभी तैयारियां बेहतरीन ढंग से की जा रही हैं। कला रामचंद्रन ने आज 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर उपायुक्त विक्रम सिंह भी उपस्थित थे। हरियाणा पर्यटन निगम की प्रधान सचिव ने कहा कि सूरजकुंड मेले को डिजिटल रूप दिया गया है। पहली बार स्टॉल की बुकिंग ऑनलाइन की गई है। पूरी पारदर्शिता बनाए रखते हुए सूरजकुंड का यह शिल्प मेला डिजिटल प्लेटफार्म के साथ




पर्यटन के क्षेत्र में आमजन के स्वागत के लिए तैयार हो रहा है। मेले से जुड़े हर पहलू की जानकारी सूरजकुंड मेला डॉट कॉम डॉट इन पर उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि इस बार 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में उड़ीसा व मध्यप्रदेश थीम स्टेट हैं और बिम्सटेक-बांग्लादेश, भूटान, इंडिया, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका व थाईलैंड राष्ट्र भागीदार हैं और नॉर्थ ईस्ट हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट एसोसिएशन मेले का कल्चरल पार्टनर है। साथ ही दिल्ली मेट्रो टिकटिंग पार्टनर रहेगा। उन्होंने बताया कि मेला मैदान में आने वाले लाखों आगन्तुकों को थीम स्टेट मध्य प्रदेश व उड़ीसा, बिम्सटेक देशों के साथ-साथ अनेक देशों के कलाकार, बुनकर, शिल्पकार मेले में भागीदारी करेंगे, जबकि देश के अनेक राज्यों के पारंपरिक व लजीज व्यजनों का आनंद आमजन ले सकेंगे। श्रीमती कला रामचंद्रन ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मेला परिसर का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया और जल्द से जल्द काम को पूरा करने के निर्देश दिए।

## न्यूज फ्लैश

### नगर निगम करेगा पॉलीथिन यूनिटों पर कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद:** फरीदाबाद में नगर निगम ने पॉलीथिन के निर्माण करने वाली यूनिटों का पता लगाकर कार्रवाई करने की योजना तैयार की है। इसके साथ स्टोर रखने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी। एडिशनल कमिश्नर गौरव आंतिल ने समाधान शिविर में शिकायते सुनने के दौरान अधिकारियों को इसको लेकर निर्देश दिए हैं। फरीदाबाद नगर निगम एडिशनल कमिश्नर गौरव आंतिल ने कहा कि सरकार ने पॉलीथिन को प्रतिबंधित किया हुआ है। इसके बाद भी फरीदाबाद में कई यूनिट इसका निर्माण कर रही हैं। निर्माण के साथ बाजार में इसको स्टोर भी किया जा रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक और अन्य प्रतिबंधित पॉलीथिन मानव जीवन, पर्यावरण के लिए बड़ी समस्या बन चुका है। जिससे खतरनाक बीमारियां दिन प्रतिदिन बढ़ रही हैं। एडिशनल कमिश्नर ने बैठक में मौजूद अधिकारियों को इस तर की यूनिटों की पहचान कर सूची तैयार करने को कहा है। इसको लेकर अधिकारियों की एक टीम भी बनाई गई है। जो सूची बनाकर जल्द ही उच्च अधिकारियों को देंगे। निगम के द्वारा लगातार पॉलीथिन को लेकर चालान भी किए जा रहे हैं। लेकिन उसके बाद भी पॉलीथिन बनाई जा रही है और उसको बाजार में बेचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही कार्रवाई करने के काम को शुरू किया जाएगा।

### महाकुंभ में टेंट बुकिंग के नाम पर युवती से धोखाधड़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद:** फरीदाबाद में युवती से महाकुंभ प्रयागराज में टेंट बुक कराने के नाम पर 61 हजार रुपए की धोखाधड़ी कर ली। युवती ने फेसबुक पर वीडियो देखकर संपर्क किया था। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर पुलिस को दी शिकायत में नेहा ने बताया कि वह एसजीएम नगर एनआईटी की रहने वाली है। 24 जनवरी को वह अपने परिवार के साथ कुंभ मेले गई थी। वह अपनी फेसबुक आईडी चला रही थी, तो उसे टेंट से संबंधित एक विडियो दिखाई दी। उसने विडियो पर क्लिक कर दिया, जिसके बाद उसके नंबर पर एक टेंट बुक कराने को लेकर मैसेज आया। उसके बात उसकी टेंट बुक कराने के लिए बातचीत शुरू हो गई। नेहा ने बताया कि बात करने वाले ने उससे 39 हजार रूपए अपने खाते में बुकिंग के लिए डलवा लिए। जिसके कुछ समय बाद फोन आया कि टेंट बुक नहीं हुआ है, आपको जीएसटी के पैसे और देने पड़ेंगे। पीड़ित युवती 22 हजार रूपए फिर से खाते में ट्रांसफर कर दिए। पैसे भेजे जाने के बाद उसने फोन उठाना बंद कर दिया। जिसके बाद उसे ठगी का एहसास हुआ।

### गौमाताओं को 69 कट्टे हरा चारा व 10 किलो गुड़ खिलाकर दिलबाग सिंह का जन्मदिन मनाया

**सोनीपत:** स्टेट अवॉर्डी दिलबाग सिंह का जन्मदिन जटवाड़ा की शाखा कामी रोड पर स्थित गौशाला में परिवार व मित्रों ने साथ मिलकर गौशाला में गौमाताओं को हरा-चारा व गुड़ खिलाकर मनाया। गौभक्त विकास कुमार के सुपुत्र हर्ष कुमार ने कनाडा से प्राध्यापक जी को जन्मदिन की बधाई दी। गौभक्त विकास कुमार ने बताया कि गौशाला में जाकर गौमाताओं की सेवा करने में बहुत आनंद आता है। जन्मदिन व खुशी के अवसर पर गौमाताओं की सेवा करनी चाहिए। दिलबाग सिंह के जन्मदिन पर गीता हिंदी अध्यापिका, गौभक्त विकास कुमार, सरोज, अर्पित सिंह, विनोद कुमार, उमा देवी ने गौशाला में जाकर गौमाताओं को हरा-चारा डालकर जन्मदिन मनाया और पुण्य का कार्य किया। दिलबाग सिंह ने सभी गौभक्तों का हरदयतल से बहुत-बहुत धन्यवाद किया।

### गुरुग्राम: एसपीओ ने वेतन वृद्धि की मांग पर सीएम को लिखा पत्र

**गुरुग्राम।** विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) का वेतन बढ़ाने के लिए शहीद परिवार कल्याण फाउंडेशन ने मांग की है। शहीद परिवार कल्याण फाउंडेशन के संयोजक मेजर डॉ. टी.सी. राव ने मुख्यमंत्री नायब सिंह को एक पत्र लिखा है। जिसमें हरियाणा में कार्यरत पूर्व सैनिकों के लिए वेतन वृद्धि की मांग की गई है। पत्र की एक प्रति प्रिंसिपल सेक्रेटरी गृह विभाग, हरियाणा और डीजीपी पुलिस को भी भेजी गई है। मेजर डॉ. टी.सी. राव ने पत्र में बताया कि हरियाणा सरकार ने विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) के पद पर पूर्व सैनिकों को नियुक्त किया था, ताकि वे सिपाहियों की कमी को पूरा कर सकें।

## भाजपा सरकार बनने से बढ़ेगा दिल्ली का गौरव : धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़: भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औम प्रकाश धनखड़ ने बवाना, नजफगढ़ और रोहिणी में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने का आह्वान करते हुए कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार आ रही है। बवाना, रोहिणी और नजफगढ़ के मतदाता दिल्ली की सरकार में अपनी भागीदारी बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में पांच फरवरी को कमल का बटन दबाएं। राष्ट्रीय सचिव धनखड़ ने कहा कि दिल्ली में आप की सरकार घोटालों में लगी रही और देश की राजधानी की गरिमा और गौरव को कम करने का पाप किया है। भाजपा की नीति राष्ट्र हित की रही है और हमारी सरकार बनने से देश की राजधानी दिल्ली का गौरव विश्व पटल पर बढ़ेगा। धनखड़ ने कहा कि दिल्ली की जनता पूरी तरह से बदलाव के मूड में है और केजरीवाल से छुटकारा चाहते है। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने जनता में बदलाव के मूड का अनुभव हुआ है। इसलिए बवाना से रवींद्र,रोहिणी से विजेंद्र गुप्ता और नजफगढ़ से नीलम कृष्ण पहलवान बड़े अंतर से चुनाव जीत रहे हैं। राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि देश की जनता का भरोसा पीएम मोदी जी पर है। मोदी जी जो कहते हैं वह पूरा जरूर करते हैं।

## गांव रामलवास में नहीं हो रहा कोई खननः कृष्ण

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के खान एवं भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि जिला चरखी दादरी के गांव रामलवास में वर्तमान में किसी भी प्रकार का कोई खनन कार्य नहीं चल रहा है और न ही जल दोहन हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में पहले से ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि यदि स्थानीय ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की समस्या है तो उनका निवारण प्राथमिकता के आधार पर तुरंत प्रभाव से होना चाहिए। वहीं ग्रामीण भी अपनी समस्या को लेकर किसी भी समय उनसे व विभाग के अधिकारियों से बात कर सकते हैं,जिनका तुरंत प्रभाव से उचित समाधान सुनिश्चित किया



जाएगा। खनन मंत्री ने बताया कि रामलवास गांव में बंद हो चुकी खान पर ग्रामीणों द्वारा पिछले काफी दिनों से धरना दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने शिकायत दी थी कि संबंधित खान मालिक द्वारा नियमों की अवहेलना करके खनन किया जा रहा है और जल दोहन भी हो रहा है, जिससे इलाके में भूजल स्तर नीचे चला गया है। इस शिकायत पर तुरंत संज्ञान लेते हुए विभाग द्वारा संबंधित माईन को 28 अक्टूबर, 2024 को सस्पेंड कर दिया गया था। तदोपरांत, 11 दिसंबर, 2024 को उस माईन का पट्टा भी रद्द (टर्मिनेट) किया जा चुका है। कृष्ण लाल पंवार ने बताया कि वर्तमान में रामलवास गांव में किसी भी प्रकार का कोई खनन कार्य और जल दोहन का नहीं हो रहा है। ग्रामीणों की यदि कोई और भी मांग है तो वे विभाग के अधिकारियों व उनसे मिल सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अवैध खनन पर पूर्ण प्रतिबंध है और किसी भी प्रकार का अवैध खनन करने पर संबंधित के खिलाफ तुरंत प्रभाव से सख्त कार्रवाई की जाती है।

**शांति**
**▶▶ ग्रामीणों की शिकायत पर संबंधित माइन के विरुद्ध की जा चुकी है कार्रवाई: पंवार**

## कामकाजी महिलाओं को मिलेगा सखी निवास, बच्चों के लिए डे केयर की भी सुविधा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार कामकाजी महिलाओं की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए फरीदाबाद सेक्टर- 78 और गुरुग्राम सेक्टर 9 में सखी निवास योजना के तहत महिला छात्रावास का निर्माण करने जा रही है। इससे कामकाजी महिलाओं के रहने की समस्या दूर होगी। सखी निवास में कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित और सुविधाजनक आवास मिलेगा। हरियाणा महिला विकास निगम इसकी कार्ययोजना तैयार कर रहा है। सखी निवास में रहने वाली कामकाजी महिलाओं को डे केयर की सभी सुविधा दी जाएगी। वह अपने साथ बच्चों को भी रख सकती हैं। अगर बच्चे बड़े हो तो भी उसे रखने की व्यवस्था होगी। इसमें 12 साल तक के लड़के और 18 साल तक की लड़की को रखने की अनुमति होगी। इस योजना का लाभ किसी भी तरह की कामकाजी महिलाओं को मिलेगा। इसमें अविवाहित के साथ विवाहित और तलाकशुदा भी शामिल होंगी। इसमें वंचित वर्ग और शारीरिक विकलांगता वाली महिलाओं को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। कामकाजी महिला हरियाणा निवासी होनी चाहिए और उसके पास हरियाणा का परिवार पहचान पत्र होना जरूरी है। महानगरों में महिला की मासिक आय 50 हजार रुपये और किसी अन्य स्थान पर 35 हजार रुपये प्रति माह से अधिक नहीं होनी चाहिए। जब भी महिला की मासिक आय तय सीमा से अधिक होती है तो उसे छात्रावास को 3 माह के अंदर छोड़ना होगा। छात्रावास के लिए महिला को आधार कार्ड, पुलिस सत्यापन रिपोर्ट, कर्मचारी का वेतन प्रमाण पत्र भी आवेदन के साथ लगाना होगा।

## दिल्ली चुनाव के मद्देनजर सवेतन अवकाश घोषित

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़। हरियाणा** सरकार ने दिल्ली में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उन सभी कर्मचारियों को सवेतन अवकाश देने का ऐलान किया है जिनके वोट दिल्ली में है। सरकार के ऐलान से उन लोगों को लाभ मिलेगा जिनके वोट तो दिल्ली में हैं और वह काम करने के लिए रोजाना हरियाणा में आते हैं। दिल्ली विधानसभा के चुनाव 5 फरवरी को होंगे और मतों की गिनती 8 फरवरी को होगी। सरकार ने इस संबंध में जारी आदेशों के अनुसार सभी सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, बोर्डों और निगमों में 5 फरवरी को सवेतन अवकाश घोषित किया है।

## पलवल को स्वच्छता के मामले में अग्रणी जिलों में शामिल किया जाएगाः गौतम




**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता, खेल और कानून एवं विधायी राज्यमंत्री गौरव गौतम ने कहा कि पलवल जिले को स्वच्छता और सौन्दर्यकरण के मामले में देश के अग्रणी जिलों में शामिल किया जाएगा। खेल मंत्री गौरव गौतम ने सोमवार को पलवल के बस स्टैंड से स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सौंदर्यीकरण को लेकर पलवल के चौक - चौराहों सहित ओवरब्रिज पर वॉल पेंटिंग का कार्य चल रहा है। नगर परिषद के सौजन्य से बस स्टैंड से शुरू किए गए स्वच्छता अभियान के दौरान स्वयं मंत्री गौतम ने कचरे को एकत्रित कर ट्रैक्टर - ट्रॉलियों में रखवा कर आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जिले में तिरंगा लाइट लगाने का कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा। खेल मंत्री ने कहा कि साफ सफाई को लेकर लगातार समय - समय पर स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा नगर परिषद के कर्मचारियों को भी सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं शहर से कूड़ा उठाने के लिए 80 रिक्शा, 10 ट्रैक्टर-ट्रॉली व 2 जेसीबी नगर परिषद को उपलब्ध करवाई गई हैं।आगरा चौक ओवरब्रिज पर महापुरुषों और ऐतिहासिक धरोहरों की चित्रकारी की जा रही है। राज्यमंत्री गौतम ने कहा कि शहर में 'हमारा पलवल' नाम से आकर्षक सैल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं।

**लक्ष्य**
**▶▶ शहर में की स्वच्छता अभियान की शुरूआत, शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर भी करवाया जा रहा है वॉल पेंटिंग का कार्य**

## आत्मनिर्भर भारत की कल्पना साकार करेगा केंद्रीय बजटः लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 के लिए पेश किए गए बजट में अनेक दूरदर्शी समावेशी नीतियों की घोषणा की गई है, जो न केवल राष्ट्रीय स्तर पर व हरियाणा राज्य हो नहीं बल्कि हर राज्य के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह एक विकासोन्मुख व संतुलित बजट है। यह बजट देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि यह बजट हर वर्ग, किसान, युवा, महिला, कर्मचारी, व्यापारी या औद्योगिक सबकी खुशहाली के लिए अत्यंत लाभकारी व कल्याणकारी बजट है जिसमें हर वर्ग व हर व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का ध्यान रखा गया है। सभी वर्गों के लिए यह बजट एक वरदान है। लोक निर्माण मंत्री ने बताया कि बजट में मध्यम वर्ग के लिए बहुत बड़ी राहत दी गई है तथा अब 12.75 लाख रुपए तक कोई टैक्स नहीं देना पड़ेगा। अकेले हरियाणा प्रदेश में 11 लाख आयकरदाता हैं तथा इस बजट से लगभग 5 लाख लोग आयकर के दायरे से बाहर हो जाएंगे। समाज के हर वर्ग के व्यक्ति ने इस बजट की भरपूर सराहना की है, क्योंकि यह बजट आम नागरिक की जरूरतों को प्राथमिकता देने, सामाजिक कल्याण तथा सभी भारतीयों के लिए एक उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस बजट से देश विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ेगा। रणबीर गंगवा ने बताया कि यह बजट कृषि क्षेत्र में तीव्रगति से सुधार के लिए अभूतपूर्व कदम है। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और आयात पर निर्भरता कम होगी।

## पलवल में बाइक व गाड़ी की टक्कर में पति की मौत, पत्नी व भतीजा घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
पलवलः राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी और पांच वर्षीय भतीजा घायल हो गए। वे तीनों बाइक पर वृंदावन की यात्रा पर जा रहे थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। हादसे को लेकर छानबीन जारी है। मिली जानकारी अनुसार बल्लभगढ़ के सुभाष कॉलोनी निवासी योगेश अपनी पत्नी गुंजन और भतीजे अभिनव के साथ बाइक पर वृंदावन की यात्रा कर रहे थे। वे बंचारी गांव के पास पहुंचे तो एक तेज रफ्तार इनोवा कार ने पीछे से उनकी बाइक को टक्कर मार



दी। हादसे में तीनों सड़क पर गिर गए। इनोवा ड्राइवर कुछ दूर तक रुका, लेकिन फिर मौके से फरार हो गया। योगेश को गंभीर चोटें आईं और वह मौके पर ही बेहोश हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को होडल के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां योगेश ने दम तोड़ दिया। मुंडकटी थाना प्रभारी रेणु शेखावत ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित पत्नी गुंजन की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## सैलजा ने नहरों के पुल की सुरक्षा दीवार बनाने, रिफलेक्टर लगाने को लेकर सीएम को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर कहा है कि नहरों के पुलों पर रेलिंग न होने के चलते हादसे हो रहे है और लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ रहा है। इस मामले में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए साथ ही फतेहाबाद जिला के गांव सरदारेवाला के समीप भाखड़ा नहर में गाड़ी गिरने से मारे गए 12 लोगों के परिवारजनों को 50-50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाए। सांसद कुमारी सैलजा ने मुख्यमंत्री



नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर कहा है कि उनके सिरसा लोकसभा क्षेत्र के जिला फतेहाबाद के गांव सरदारेवाला के समीप एक गाड़ी के भाखड़ा नहर में गिरने से 12 लोगों की मौत हो गई, अगर सिंचाई विभाग ने लोगों की मांग पर पहले ही संज्ञान लिया होता तो यह हादसा होने से रोका जा सकता था। कुमारी सैलजा ने कहा है कि सिरसा और फतेहाबाद जिला से होकर गुजरने वाली भाखड़ा नहर पर कई पुल है यहां पर या तो सुरक्षा दीवार नहीं है या टूटी पडी है, रेलिंग नहीं है, यहां तक कि रिफलेक्टर तक नहीं लगाए गए है। सिरसा के गांव लोहगढ़ क्षेत्र से गुजरने वाली सरहिंद नहर के पुल की रेलिंग भी टूटी पड़ी है, इस ओर भी संबंधित विभाग के अधिकारियों ने कभी कोई ध्यान ही नहीं दिया यहां तक लोगों ने इस बारे में अधिकारियों को कई बार अवगत करवाया। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि सिरसा जिला के गांव ओढ़ां क्षेत्र में पीरखेडा नहर के पुल पर भी रेलिंग टूटी हुई पड़ी है। इसके साथ ही गांव लोहगढ़ के समीप से होकर गुजरने वाली सरहिंद के पुल पर भी रेलिंग नहीं है। अगर देखा जाए तो इस प्रकार के सभी हादसे अधिकारियों की लापरवाही का ही नतीजा है। नहरों में जहां पर गहराई ज्यादा है वहां पर रेलिंग और संकेतक जरूर लगाए जाए। कुछ नहर पर नहाने के लिए लोगों ने लंबे समय से अपने हिसाब से स्पाट विकसित किए हुए है, जहां पर हादसे होते रहते है। कुमारी सैलजा ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि संबाधित विभाग की एक टीम बनाकर सर्वे करवाया जाए, कि नहरों पर कहां कहां रैलिंग नहीं है, रिफलेक्टर नहीं है, सुरक्षा दीवार नहीं है। जहां पर भी नहीं है वहां पर इनकी व्यवस्था की जाए। साथ ही विभागीय लापरवाही के चलते जहां पर भी इस प्रकार के हादसे हुए है वहां के संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और गांव सरदारेवाला के समीप नहर में गाडी के गिरने से जिनकी मौत हुई है उनके परिजनों को 50-50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाए।

# शहरवासी प्रॉपर्टी आई.डी. को सेल्फ सर्टिफाई कर अपना डाटा करें लॉक : डा. वैशाली शर्मा

## अब तक 57 हजार 71 प्रॉपर्टी आईडी हो चुकी स्व-प्रमाणित, ऑनलाईन आपत्ति तथा सेल्फ सर्टिफाई करवाने के लिए नगर निगम की सीएफसी में 2 काउंटर अलग से हैं स्थापित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। नगर निगम** आयुक्त डॉ.वैशाली शर्मा ने शहरवासियों से अपील करते कहा है कि सभी सम्पत्तिधारक अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को सेल्फ सर्टिफाई यानि स्व-प्रमाणित अवश्य करें। उन्होंने कहा कि जिन सम्पत्तिधारकों की प्रॉपर्टी आई.डी. में नाम, क्षेत्र, पता व सम्पर्क नम्बर जैसी त्रुटियां दुरूस्त हो चुकी हैं, वह सभी नागरिक भी प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित कर लें। उन्होंने बताया कि अब तक नगर निगम क्षेत्र की 57 हजार 71 प्रॉपर्टी आई.डी. स्व-प्रमाणित हो चुकी हैं।

उन्होंने ऐसे सम्पत्तिधारकों से भी अपील करते कहा कि जिन्होंने हाल ही में रजिस्ट्री करवाई है, वह भी प्रॉपर्टी आई.डी. पर अपना सारा विवरण अच्छे से

**अपील**

**त्रुटियां दुरूस्त हो चुकी हैं, वह सभी नागरिक भी प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित कर लें**

चेक करके उसे स्व-प्रमाणित कर अपनी आई.डी. को लॉक कर लें, ताकि कोई अन्य व्यक्ति प्रॉपर्टी आई.डी. से किसी प्रकार की छेड़छाड़ न कर सके।

उन्होंने यह भी बताया कि अगर किसी सम्पत्तिधारक की प्रॉपर्टी आई.डी. डाटा में कोई त्रुटि हो, तो रजिस्ट्री व आधार कार्ड जैसे सम्बंधित दस्तावेज लेकर किसी भी कार्य दिवस में नगर निगम कार्यालय के नागरिक सुविधा केन्द्र



(सी.एफ.सी.) में आकर ऑनलाईन आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। इस कार्य के लिए दो विंडो अलग से लगी हुई हैं। जिन लोगों का प्रॉपर्टी आई.डी. डाटा सही है, वह भी इन विंडो पर आकर सेल्फ सर्टिफाई करवा सकते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि जिन व्यक्तियों को अपनी नई प्रॉपर्टी आई.डी. मालूम नहीं है तो वह अपनी प्रॉपर्टी की क्रंट लोकेशन लेकर इन्हीं विंडो से अपनी नई प्रॉपर्टी आई.डी. प्राप्त कर सकता है। अगर उनके पास अपनी पुरानी प्रॉपर्टी आई.डी. है, तो वह उसे भी साथ लेकर आएं। उन्होंने सभी शहरवासियों से अपील करते कहा कि वे प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित करवाकर अपने डाटा को लॉक करें। ऐसा करने से कोई अन्य व्यक्ति उससे किसी प्रकार की छेडखानी नहीं कर सकता और न ही उसमें कोई तबदीली लाने के लिए आपत्ति दर्ज कर सकता। इससे सम्बंधित प्रॉपर्टी मालिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करेंगे। उन्होंने कहा है कि नागरिक इस कार्य के लिए नगर निगम की टीमों का सहयोग करें। यह कार्य उन्हीं की सुविधा के लिए ही किया जा रहा है।

एन.डी.सी. पोर्टल पर प्रॉपर्टी आई.डी. को कैसे करें स्व-प्रमाणित- उन्होंने बताया कि नागरिक सबसे पहले एन.डी.सी. पोर्टल (प्रॉपर्टी डॉट यूएलबी हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन) साईट पर जाएं। इसके बाद अगर किसी व्यक्ति ने साईट पर रजिस्ट्रेशन किया हुआ है तो ठीक, नहीं तो न्यू रजिस्ट्रेशन का बटन क्लिक कर उस पर अपना ब्यौरा दर्ज करें।

इसके पश्चात अपने रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर से लॉगिन करें तथा सर्च फील्ड में जाकर प्रॉपर्टी आई.डी. को सर्च करें। फिर प्रॉपर्टी का ब्यौरा पर क्लिक कर उसे चेक करें। प्रत्येक ब्यौरा के आगे येस व नो, दोनो विकल्प मिलेंगे। उसे ध्यान से पढने के बाद, सारा डाटा ठीक दिखाई दे, तो उसे येस कर दें। सारी जानकारी को येस करने के बाद अंत में परिवार पहचान पत्र या आधार नम्बर डालकर सब्मिट करें।

# सीएम नायब सैनी शोक व्यक्त करने गांव रज्जु माजरा पहुंचे

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला/नारायणगढ़ :**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गांव रज्जू माजरा में बसपा नेता स्वर्गीय हरबिलास सिंह रज्जू माजरा, गांव नग्गला राजपूतान में जिला परिषद् के पूर्व चेयर सुरेन्द्र राणा के बड़े भाई स्वर्गीय नाथू राम, गांव फतेहपुर-80 में भाजपा नेता पवन गुज्जर की माता सत्या देवी जी के निधन पर तथा गांव छोटी कोहड़ी में राजकुमार के घर जाकर उनके पुत्र हवलदार स्वर्गीय मनीष के निधन पर शोक संतावना व्यक्त की। इस मौके पर उनके साथ पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी, भाजपा के जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, मंडल अध्यक्ष नारायणगढ़ जगदीप कौर तथा मंडल प्रधान शहजादपुर विक्रम राणा सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकत्रा मौजूद रहें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे गहरी वेदना हुई है। उन्होंने कहा कि परिजन के निधन से किसी भी व्यक्ति के जीवन में ऐसी शून्यता लाता है, जिसकी भरपाई



संभव नहीं है। इन दिवंगत आत्माओं के परिवारों पर जो दुख की घड़ी इस समय आई है परमात्मा इस दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उन्होनें इस दौरान परम पिता परमात्मा से प्रार्थना की कि इन दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दे और शोकाकुल परिवारों के लोगों को दुःख सहन करने की शक्ति दें।

इस मौके उपायुक्त पार्थ गुप्ता, पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह, एसडीएम शाश्वत सांगवान, भाजपा के जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, मंडल प्रधान नारायणगढ़ जगदीप कौर, मंडल प्रधान शहजादपुर विक्रम राणा, चन्दन सैनी, नम्बरदार सुरेश पाल, जगपाल सैनी, भाजपा जिला युवा मोर्चा प्रधान संदीप सैनी अम्बली, प्रवीन धीमान, भाजपा जिला महामंत्री विवेक गुप्ता, जिला परिषद् सदस्य पंकज सैनी, नरेन्द्र राणा कुराली, मंगूराम कंजाला, धनीराम, कुलदीप दिप्पी, नीटू शर्मा, संजीव सैनी संगरानी, गुलशन सैनी, रणधीर भूरेवाला, श्रीपाल राणा, ओपी चान्ना, मदन चान्ना, रामपाल छोटी कोहड़ी, सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# फिल्म आशिकी-2 के गीत -तू ही मुझको बता दे, चाहूं या न' को गाकर बांधा समां

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** चाहत कराओके एकेडमी द्वारा स्थानीय अटल पार्क में म्यूजिक का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगीत गीत एवं डांस प्रेमियों द्वारा अपनी कला की प्रस्तुति प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को चाहत कराओके एकेडमी द्वारा मेडल व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर पारूल राणा ने फिल्म आशिकी 2 के गाने तू ही मुझ को बता दे, चाहूं या ना- अपने तू दिल का पता दे, चाहूं या ना को गाकर वहां पर मौजूद सभी दर्शकों का मन मोह लिया। अजय जैन द्वारा गाये गये गीत जो तुमको हो पसंद वही बात करेंगे की भी मौजूद श्रोताओं ने काफी सराहना की। बेबी पूर्वी, सोनाक्षी व



तनु,माही ने अपनी डांस की प्रस्तुति दी एवं अशोक वर्मा ने बांसुरी बजाकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में सर्वोदय सामाजिक संगठन के संस्थापक सतीश पांचाल, अजय जैन, पारुल राणा, कविता, विनोद को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक विनोद वर्मा ने बताया कि चाहत कराओके एकेडमी का मुख्य उद्देश्य उभरते कलाकारों की प्रतिभाओं को मंच पर प्रस्तुति देना है। उन्होंने सभी संगीत प्रेमियों से आग्रह किया कि आप सभी इस कार्यक्रम में आकर अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए अपने मन में छुपे भावों को नई दिशा देने का काम करें। कार्यक्रम में विनोद वर्मा के अतिरिक्त टीम मैनेजर किरण चड्ढा, श्रवण बठला, नीरू, अशोक महेंद्रु, नरेन्द्र वर्मा, मास्टर सतीश चन्द्र, राजेन्द्र राणा सहित अन्य मौजूद रहे।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व भ्रूण हत्या पर सेमिनार का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखाः गीता वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय समालखा में एनएसएस शिविर का अंतिम दिन था आज बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व भ्रूण हत्या पर सेमिनार का आयोजन किया। मुख्य अतिथि सोनिया शर्मा ने शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह आज प्रण ले कि हम भ्रूण हत्या का विरोध करेंगे। उन्होंने बताया कि कन्या भ्रूण हत्या जन्म से पहले लड़कियों को मार डालने की क्रिया है। हमारे समाज में लड़कियों और महिलाओं के प्रति भेदभाव का सबसे भयानक और प्रारंभिक रूप है। भारत सरकार द्वारा लिंग जांच कन्या भ्रूण हत्या पर प्रतिबंध लगाने और उसे दंडित करने के लिए 1994 में कानून पारित किया गया। भ्रूण हत्या की वजह से जेंडर रेशों चिंता जनक स्तर तक पहुंच गया है।

# योग हमेशा के लिए रख सकता है निरोग : दिनेश गुलाटी



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। मेरा** मिशन स्वस्थ भारत के संचालक दिनेश गुलाटी ने अपने जयपुर प्रवास के दौरान दी नेचर रिजॉर्ट में पर्यटकों और रिजॉर्ट के स्टाफ को योग करवाया। पिछले बीस वर्षो से वे लगातार वर्ष के 365 दिन योग करवा रहे हैं और लोगों को स्वस्थ कर रहे हैं। योग क्लास के दौरान उन्होंने कहा कि योग की निरंतता अति आवश्यक है। योग हमेशा के लिए रख सकता है निरोग। यदि आप घर से बाहर भी हैं तब भी रोज योग करें।। नियमित योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ बनाता है और रोगों से लड? की शक्ति देता है। रोजाना योग करने वाले व्यक्ति हमेशा स्वस्थ रहता है। योग हमारे शरीर के साथ-साथ दिमाग को भी स्वस्थ बनाता है। मानसिक शांति, तनाव मुक्त जीवन, रोग मुक्त जीवन, शरीर का वजन कम करना जैसे अनगिनत लाभ योग द्वारा प्राप्त किए जा सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### 35 बोतल अवैध शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। बीती** शाम थाना घरौंडा टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर अनाज मंडी घरौंडा क्षेत्र में नाकाबंदी करके एक आरोपी जितेन्द्र कुमार पुत्र बलेश्वर राय सनजात निवासी गांव हरिचेक तहसील सजंत थाना भगवानपुर जिला बेचुशराय बिहार को 35 बोतल अंग्रेजी मार्का रॉयल ग्रीन व मैजिक मोमंट के साथ गिरफतार किया गया।



अनुसंधान अधिकारी उप निरक्षक रोहताश कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना घरौंडा में आबकरी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया हे। आज आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### किशोरावस्था शिक्षा पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**समालखा 3 फरवरी ( कुलदीप सिंह )**
**दिल्ली पब्लिक** स्कूल पानीपत सिटी में सीबीएसई द्वारा दो दिन का किशोरावस्था शिक्षा पर आधारित दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विभिन्न स्कूलों के अध्यापकों ने भाग लिया। इस कार्यशाला की रिसोर्स पर्सन डॉ० अनुपम हांडा जो एयर फोर्स स्कूल अंबाला कैंट में पी जी टी हिस्ट्री के पद पर कार्यरत हैं तथा दिव्या कौशिक जो माता रूकमणी राय आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल अंबाला कैंट की प्रधानाचार्या के पद पर कार्यरत हैं। सर्वप्रथम विद्यालय की प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया ने उन्हें गुलदस्ता भेंट करके उनके प्रति सम्मान प्रकट किया। विद्यालय की छात्राओं ने उनके स्वागत में एक गीत प्रस्तुत किया ।तत्पश्चात उन्होंने किशोरावस्था में होने वाली चुनौतियों ,उनके समाधान, किशोरावस्था में शिक्षकों तथा माता-पिता की क्या भूमिका होती है, आदि विषयों पर खुलकर चर्चा की। उन्होंने बताया कि किशोरावस्था में अनेक समस्याएं जैसे जिद्दी होना , चिड़चिड़ापन परिवार के साथ असंतुष्टता, मादक पदार्थों का सेवन करना, यौन समस्याएं , अच्छी डाइट ना लेना भावनात्मक परिपक्व न होना , व्यायाम की कमी, धूम्रपान करना साथियों द्वारा बुलिंग करना , अच्छी डाइट ना लेना, व्यायाम की कमी आदि अनेक समस्याएं आती है। उन्होंने बताया कि किशोरों के मनोविज्ञान को समझना शिक्षकों के लिए महत्त्वपूर्ण है । शिक्षक किशोरों के व्यवहार और भावनाओं की पेचीदगियों को समझकर एवं आत्मविश्वास, समयप्रबंधन, समस्या समाधान, नैतिक मूल्यों का विकास , टीम वर्क, ग्रुप डिस्कशन आदि कौशलों का विकसित करके उनके विकास के लिए उचित एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान कर सकता है । किशोरावस्था में भावनात्मक समर्थन, मार्गदर्शन और सुरक्षित वातावरण देने के लिए माता-पिता की अहम भूमिका होती है। इस कार्यशाला के दौरान उन्होंने बहुत सी गतिविधियों का भी आयोजन किया जिसमें सभी अध्यापकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यशाला के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट देकर सम्मानित किया । उन्होंने विभिन्न स्कूलों के अध्यापकों का स्कूल में पधारने पर आभार प्रकट किया।

# कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने किया केयू पुरुष छात्रावासों का दौरा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ तथा कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विभिन्न पुरुष छात्रावासों का दौरा किया। इस अवसर कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने विवेकानन्द छात्रावास, भगत सिंह, नरहरि, रणबीर आदि पुरुष छात्रावासों को दौरा करते हुए खाने की गुणवत्ता जांची। इसके साथ उन्होंने छात्रावासों में दी जा रही स्वास्थ्य सुविधा, होस्टल में रहने, साफ-सफाई, कॉमन रूम, मैस व्यवस्था की जांच की।

कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विद्यार्थियों को छात्रावास में हर प्रकार की सुविधाएं मिलें, इसके लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने होस्टल में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा छात्रों के वाहन के लिए सेंट्रल पार्किंग व्यवस्था के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, चीफ वॉर्डन प्रो. जसबीर ढांडा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी प्रो. अनिल गुप्ता, कुलपति के ओएसडी पवन रोहिला सहित अन्य वॉर्डन मौजूद थे।

# वसंत पंचमी एक जीवन दर्शन का पर्व हैं : श्रीप्रकाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :वसंत पंचमी** भारत के सांस्कृतिक और धार्मिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व न केवल ऋतु परिवर्तन का प्रतीक है, बल्कि ज्ञान, कला और शिक्षा के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का भी अवसर है। वसंत पंचमी को देवी सरस्वती के पूजन के साथ-साथ प्रकृति के सौंदर्य का उत्सव भी कहा जा सकता है।वसंत पंचमी ज्ञान, संस्कृति और प्रकृति का उत्सव ही नही बल्कि यह एक जीवन दर्शन का पर्व हैं। यह विचार बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित ऋतु संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये।कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती, भारतमाता एवं योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के चित्र के समक्ष माल्यार्पण, पुष्पार्चन दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों



ने बसंतोत्सव के उपलक्ष्य में विभिन्न विधाओं में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा पौराणिक मान्यता के अनुसार, भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि के निर्माण के बाद जब संसार को निर्जीव और नीरस पाया, तब उन्होंने अपने कमंडल से जल छिड़का, जिससे देवी सरस्वती का प्राकट्य हुआ। देवी सरस्वती ने अपने वीणा के स्वरों से संसार में जीवन और ऊर्जा का संचार किया। तभी से इस दिन को ज्ञान और संगीत की देवी को समर्पित किया गया।वसंत पंचमी केवल धार्मिक पर्व नहीं है, बल्कि यह ऋतु परिवर्तन और प्रकृति के नवीनीकरण का भी संकेत है। यह दिन वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है, जब धरती पीली सरसों की चादर ओढ़ लेती है और आम के पेड़ों पर बौर आने लगते हैं। यह समय खेत-खलिहानों के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। किसान इस दिन अपने खेतों को देखकर प्रसन्नता महसूस करते हैं और नई फसल की तैयारी में जुट जाते हैं। पीला रंग, जो इस पर्व का मुख्य प्रतीक है, वसंत ऋतु का रंग है। यह रंग ऊर्जा, आशा और नई शुरूआत का प्रतीक है। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा आज के समय में वसंत पंचमी केवल एक धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है। इसे सांस्कृतिक जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण के साथ भी जोड़ा जा रहा है। कई स्थानों पर इस दिन पेड़ लगाने, जल संरक्षण और स्वच्छता अभियानों का आयोजन किया जाता है।

# कला मानवीय संवेदनाओं की अभिव्यक्ति का प्रतिबिम्बः डॉ. वीरेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के ललित कला विभाग में सोमवार को तीन दिवसीय सामूहिक कला प्रदर्शनी ॑अंर्तद्वंद्व॑ का उद्घाटन करते हुए बतौर मुख्यातिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल ने कहा कि कला मानवीय संवेदनाओं की अभिव्यक्ति का प्रतिबिम्ब है। कलाकार अपनी कला के माध्यम से समाज के विभिन्न रंगों को अपनी कला के द्वारा प्रदर्शित करता है। उन्होंने ललित कला विभाग के विद्यार्थियों नीरज सिंह रावत, अधिश्री ध्यानी और उदय शाह की प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए उनकी कलाकृतियों की प्रशंसा की।



प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपने मन के विचारों को रंग की सहायता से कैनवास पर बड़े ही सुंदर रूप से अभिव्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तीनों विद्यार्थियों के चित्र अति सुंदर व प्रेरणादायक है और विद्यार्थियों ने इस प्रदर्शनी के माध्यम से मानवीय संवेदनाओं, विचारों और आंतरिक संघर्षों को कलात्मक अभिव्यक्ति की है। ललित कला विभागाध्यक्ष डॉ गुरचरण सिंह ने बताया कि इस प्रकार की प्रदर्शनियों के माध्यम से छात्रों को कला बाजार व आधुनिक काल तकनीकों से अवगत कराना है ताकि छात्र आत्मनिर्भर बन सके और भविष्य में कला के क्षेत्र में योगदान दे सके। उदय शाह ने प्रदर्शनी के माध्यम से बताया कि भावनाएं शक्तिशाली शक्ति है और वह सकारात्मक और नकारात्मक दोनों हो सकती है। वहीं नीरज सिंह रावत की कलाकृतियां गतिशील मानव रूप को दशार्ती हैं। अधिश्री ध्यानी ने अपनी कृतियों में कला मानवीय भावनाओं की गहराई का अन्वेषण है।

इस अवसर पर ललित कला विभागाध्यक्ष डॉ. गुरचरण सिंह, डॉ पवन कुमार, डॉ राकेश बानी, डॉ मोनिका, डॉ आर. के. सिंह, चंद्रिमादास एवं सोहन दक्ष भी उपस्थित रहे। यह कला प्रदर्शनी आम दर्शकों के लिए 5 फरवरी 2025 तक खुली रहेंगी। यह प्रदर्शनी समीक्षकों व कला प्रेमियों के लिए एक अनुष्ठान अनुभव प्रदान करने के साथ-साथ कला संग्राहकां द्वारा खरीद का एक सुनहरा अवसर भी है।

# वाह फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में वसंत उत्सव कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के संगीत एवं नृत्य विभाग के सभागार में वाह फाउंडेशन के सहयोग से सोमवार को वसंत उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस असवर पर कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर किया गया। प्रो. कृष्णा देवी, अधिष्ठाष्त्री, प्राच्य विद्या संकाय व विभागाध्यक्षा, संगीत एवं नृत्य विभाग ने मुख्य अतिथि का विधिवत रूप से स्वागत किया और वसन्तोत्सव कार्यक्रम का परिचय देते हुए, इसके महत्त्व के विषय में विद्यार्थियों को अवगत



कराया। कार्यक्रम में छात्रा मुस्कान महिपाल ने सरस्वती वंदना की। वहीं छात्र माधव भाटिया ने बांसुरी वादन कर सबका मन मोह लिया। विभाग के अन्य छात्रों ने गजल, पंजाबी लोकगीत, सितार वादन, तबला वादन, कथक नृत्य, सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विभाग के शिक्षक डॉ. पुरुषोत्तम कुमार ने वसंत कविता प्रस्तुत की। इसके पश्चात विभाग के छात्र-छात्राओं ने बंदिश बंद फ्यूजन प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि प्रो. अनामिका गिरधर ने सभी छात्रों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया।

## संपादकीय

# सैफ पर हमला: नहीं थम रहा सवाल-जवाब का सिलसिला

**यह न तो** किसी फिल्म का हिस्सा है और न ही कोई स्टंट। फिल्म अदाकार सैफ अली खान अपने घर पर 16 जनवरी की आधी रात बाद बदनीयत से घुसे एक आरोपी के प्राणघातक हमले से बुरी तरह जख्मी हो खून से लथपथ हो जाते हैं। शेरदिल सैफ अपने छोटे बच्चे के साथ ऑटो में बैठकर अस्पताल पहुंचते हैं। घायल सैफ को पहचानते ही अस्पताल में तहलका मचता है। हैसियत के अनुसार बेहतर इलाज मिलता है। खबरिया चैनलों में घटना को दिखाने की होड़ मचती है। देखते ही देखते एक सेलेब्रिटी पर हमला हर जुबान पर होता है। लोग अपने-अपने कयास लगाते हैं। मुंबई पुलिस पर उंगली उठती है। हड़बड़ाहट में पुलिस को जो सुराग, सबूत हाथ लगते हैं उसी पर काम शुरू हो जाता है। सीसीटीवी फुटेज मिलते ही पलक झपकते हर मोबाइल पर पहुंच जाती है। कई घण्टे बल्कि दिन पुलिस खाली हाथ रहती है। धीरे-धीरे सुराग मिलने के दावे होते हैं। तीन संदेहियों की बात होती है। हद तो तब हो जाती है जब छत्तीसगढ़ जा रहे कथित आरोपी की फोटो जारी हो जाती है जिससे उसकी न केवल नौकरी चली गई बल्कि होने वाली शादी भी टूट गई। उससे हाथ कुछ नहीं लगा। काफी मशक्कत, किरकिरी और नाक के सवाल के बीच 35 पुलिस टीमों की 60 घण्टों की भागदौड़ से 19 जनवरी को कथित असली आरोपी हाथ लगता है। इसे बांगलादेशी घुसपैठिया शरीफुल इस्लाम शहजाद बताया जाता है। दूसरी ओर बांगलादेश में बैठा उसका पिता देखते ही साफ इनकार करता है कि सीसीटीवी में दिख रहा शख्स उनका बेटा नहीं है। इसी बीच फुटेज और पकड़ाए आरोपी के अलग-अलग हुलिए पर नई बहस और कई तर्क-कुतर्क शुरू हो जाते हैं। वाकई दोनों अलग-अलग दिखते हैं जो पहली नजर में समझ आता है। देश की सबसे स्मार्ट कहलाने वाली मुंबई पुलिस अपने ही जारी वीडियो पर घिर जाती है। बात तकनीक से पहचान तक आती है। वहीं दूसरे आम जानकार भी सवाल उठाते हैं। आम और खास सभी फुटेज और गिरफ्तार आरोपी के चित्रों का मिलान करते हैं और संदेहों की झड़ी लग जाती है। सी.सी.टी.वी. में बाल काले हैं आरोपी के बाल थोड़े से सफेद हैं। दोनों की उम्र भी अलग-अलग झलकती है। पकड़ा गया उम्र दराज लगता है तो फुटेज वाला बनिस्बत युवा। माथे का आकार-प्रकार भी अलग-अलग दिखता है। सीसीटीवी वाले का माथा पकड़ाए आरोपी की तुलना में छोटा है। आँखों में भी साफ अंतर है। पकड़ाए आरोपी की आँखें थोड़ी चौड़ी और बादाम के आकार सी है। सीसीटीवी में दिख रही आँखें गोल और छोटी हैं। दोनों की भौंहों का अंतर भी साफ-साफ झलकता है। दोनों की नाक का भी अंतर समझ आता है। गिरफ्तार की नाक चौड़ी है। फुटेज में नाक नुकीली और कम चौड़ी है। दोनों के होंठों में साफ-साफ अंतर दिख रहा है। बात सिर्फ आरोपी की हो तो भी समझ आता है। लेकिन सैफ के डिस्चार्ज के वक्त आए वीडियो ने तो जैसे हंगामा बरपा दिया। चूंकि उन पर चाकू से इतने वार हुए कि एक टुकड़ा टूटकर पीठ में जा घुसा जो सर्जरी से निकला। जाहिर है जख्म गहरे होंगे और सैफ बेइंतिहा दर्द से गुजरे होंगे। साधारणतया फांस घुसने या नाखून के साथ किनारे जमीं चमड़ी कट जाने पर कई-कई दिन लोगों को तकलीफ रहती है।

# जागरूकता से ही होगा कैंसर रोग पर नियंत्रण

**रमेश सर्राफ धमोरा**

> "दुनिया भर में हर साल एक करोड़ से अधिक लोग कैंसर की बीमारी से दम तोड़ते हैं। जिनमें से 40 लाख लोग समय से पहले (30-69 वर्ष आयु वर्ग) मर जाते हैं। इसलिए समय की मांग है कि इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ कैंसर से निपटने की व्यावहारिक रणनीति विकसित करनी चाहिये। 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों के बढ़कर प्रति वर्ष एक करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। यदि विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों में 25 प्रतिशत कमी के लक्ष्य को हासिल किया जाए तो हर साल 15 लाख जीवन बचाए जा सकते हैं।
> अमेरिका और चीन के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा कैंसर मरीज भारत में है। 2020 में 1.93 करोड़ नए कैंसर मरीज सामने आए हैं"

**कैंसर** बीमारियों का एक जटिल समूह है जिसकी विशेषता असामान्य कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि और प्रसार है । इसमें 100 से अधिक विभिन्न रोग शामिल हैं जो शरीर के विभिन्न अंगों को प्रभावित करते है। ये कोशिकाएं ट्यूमर नामक द्रव्यमान का निर्माण कर सकती हैं। जो शरीर के सामान्य कामकाज में हस्तक्षेप कर सकती हैं। जबकि कैंसर किसी को भी प्रभावित कर सकता है। इन्हें कार्सिनोमा, सारकोमा, ल्यूकेमिया और लिम्फोमा जैसे प्रकारों में वगीर्कृत किया जाता है। इसके कारणों में आनुवंशिक, पर्यावरणीय और जीवनशैली कारक शामिल हैं, जिनमें अस्पष्टीकृत वजन घटाने से लेकर लगातार थकान तक के लक्षण शामिल हैं। कैंसर की रोकथाम में जीवनशैली में बदलाव जैसे कि तंबाकू से परहेज, स्वस्थ आहार और टीकाकरण शामिल हैं। प्रभावी प्रबंधन और शुरूआती पहचान के लिए जागरूकता और ज्ञान महत्वपूर्ण है। कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। विश्व कैंसर दिवस का जन्म 4 फरवरी 2000 को पेरिस में न्यू मिलेनियम के लिए कैंसर के खिलाफ विश्व शिखर सम्मेलन में हुआ था। विश्व कैंसर दिवस का प्राथमिक लक्ष्य कैंसर और बीमारी के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। 1933 में अंतर्राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ ने स्विट्जरलैंड में जिनेवा में पहली बार विश्व कैंसर दिवस मनाया था।

कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसका नाम सुनते ही घबराहट होने लगती है। कैंसर से पीड़ित व्यक्ति बीमारी से अधिक तो कैंसर के नाम से डर जाता है। जिस व्यक्ति को कैंसर होता है वह तो गंभीर यातना से गुजरता ही है उसके साथ ही उसका परिवार को भी बहुत कष्टमय स्थिति में गुजरना पड़ता है। जानलेवा होने के साथ ही कैंसर की बीमारी में मरीज को बहुत अधिक शारीरिक पीड़ा भी झेलनी पड़ती है। कैंसर की बीमारी इतनी भयावह होती है जिसमें मरीज की मौत सुनिश्चित मानी जाती है। बीमारी की पीड़ा व मौत के डर से मैरिज घुट-घुट कर मरता है। इस दिन कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने, लोगों को शिक्षित करने, इस रोग के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दुनिया भर में सरकारों और



व्यक्तियों को समझाने तथा हर साल लाखों लोगों को मरने से बचाने के लिए मनाया जाता है। नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कहा है कि देश के अधिकांश क्षेत्रों में कैंसर की सही निगरानी नहीं हो पा रही है। जिस कारण अधिकांश मामलों में बीमारी का देरी से पता चल रहा है। देश के सभी शोध केंद्रों को पत्र लिख आईसीएमआर ने कैंसर की जांच और निगरानी को आसान बनाने के लिए प्रस्ताव मांगे हैं। देश के सभी जिलों में कैंसर निगरानी और जांच को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान के तहत नई नीति बनाने के लिए आईसीएमआर को जिम्मेदारी सौंपी है। इसके लिए अलग-अलग शोध टीमें गठित होंगी और भौगोलिक व स्वास्थ्य सेवाओं की मौजूदा स्थिति के आधार पर वैज्ञानिक तथ्य एकत्रित किए जाएंगे।

दुनिया भर में हर साल एक करोड़ से अधिक लोग कैंसर की बीमारी से दम तोड़ते हैं। जिनमें से 40 लाख लोग समय से पहले (30-69 वर्ष आयु वर्ग) मर जाते हैं। इसलिए समय की मांग है कि इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ कैंसर से निपटने की व्यावहारिक रणनीति विकसित करनी चाहिये। 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों के बढ़कर प्रति वर्ष एक करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। यदि विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों में 25 प्रतिशत कमी के लक्ष्य को हासिल किया जाए तो हर साल 15 लाख जीवन बचाए जा सकते हैं।

अमेरिका और चीन के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा कैंसर मरीज भारत में है। 2020 में 1.93 करोड़ नए कैंसर मरीज सामने आए हैं। जिनमें 14 लाख से अधिक भारतीय हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के अनुसार देश में कैंसर के मामलों की संख्या 2022 में 14.6 लाख से बढ़कर 2025 में 15.7 लाख होने का अनुमान है। जिसके लिए सरकार को चिकित्सा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है। तभी समय पर कैंसर मरीजों की जांच से पहचान कर सही उपचार कर देकर उनकी जान बचाई जा सकती है।

भारत में कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की नैशनल कैंसर रजिस्ट्री के आंकड़ें बताते हैं कि देश में 2023 में कैंसर के मामले 15 लाख तक पहुंच गए हैं। इसके अलावा ऐसे हजारों केस भी होंगे जिनका आंकड़ा नहीं मिल पाता होगा। भारत में कैंसर के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही हैं। 2040 तक भारत में कैंसर के मामले 2020 की तुलना में 57.5% बढ़कर 20लाख 80हजार हो जाएंगे। (आईसीएमआर) के मुताबिक भारत में हर साल 1.3 मिलियन से ज्यादा नए कैंसर के मामले सामने आते हैं। कैंसर रोग का इलाज करने वाले डॉक्टरों का भी मानना है कि यह खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। कैंसर रोग की शुरूआती पहचान, जोखिम में कमी और प्रबंधन जैसे उपाय जरूरी है।

(आईसीएमआर) के आंकड़ों को देखें तो 2021 में कैंसर के 1426447 मामले नैशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम में दर्ज किए गए। 2022 में यह संख्या बढ़कर 1461427 हो गई और 2023 में 1496972 केस सामने आए। हर 9 में से से एक व्यक्ति को अपने जीवनकाल में कैंसर होने की संभावना है। पुरुषों में फेफड़े और महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के काफी मामले सामने आ रहे हैं। 14 वर्ष तक की आयु में लिम्फोइड ल्यूकेमिया का खतरा बढ़ा है। 2020 की तुलना में 2025 में कैंसर के मामलों में 10 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी का अनुमान है। आंकड़े बताते हैं कि भारत में कैंसर से साल 2020 में 7,70,230, 2021 में 7,89,202 और 2022 में 8,08,558 लोगों की मौत हुई है।

विश्व कैंसर दिवस 2025 की थीम यूनाइटेड बाय यूनिक है, जो कैंसर के खिलाफ लड़ाई में व्यक्तिगत, रोगी-केंद्रित देखभाल की महत्वपूर्ण भूमिका को परिभाषित करती है। कैंसर का पता लगाने, कैंसर के प्रकार और कारण, डायग्नोस और उपचार में काफी प्रगति हुई है। लेकिन अफसोस की बात है कि दुनिया की ज्यादातर आबादी के पास अभी भी बुनियादी स्वास्थ्य सेवायें नहीं पहुंच पायी है। जिसमें गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की देखभाल, रेगुलर टीकाकरण, यौन और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं और पुरानी बीमारी का इलाज शामिल है। कैंसर की रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाकर, हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स को ट्रेनिंग देकर, इफेक्टिव कम्यूनिटी बेस्ड प्लान को लागू करके, हम इस बीमारी से बचाव कर सकते हैं।

विश्व कैंसर दिवस दुनिया पर कैंसर के प्रभाव को कम करने के लिए सभी के लिए मिलकर काम करने का एक अवसर है। जागरूकता बढ़ाकर, शिक्षा को बढ़ावा देकर, दूसरों को नैतिक रूप से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करके और कैंसर के खिलाफ लड़ाई में समर्थन देकर ऐसे लोगों का जीवन बचाना है जिसे रोका और ठीक किया जा सकता है। एकजुट होकर और कार्म करके हम इस बीमारी से हमारे स्वास्थ्य, हमारी अर्थव्यवस्था और एक समाज के रूप में हमारी आत्माओं पर पड़ने वाले असर को कम कर सकते हैं।

## कविता

हमारे हाले दिल पर मुस्कुराते हो।

क्यों हाले दिल पर मेरे मुस्कुराते हो
प्रेम पत्र पढ़कर क्यों मेरे जलाते हो।

कल ही कहा रोज मिला करेंगे हम
मालिक हो वादे से मुकर जाते हो।

तमन्ना है कभी खुलकर मिलो हमसे
क्यों खुद ही शर्म से लिपट जाते हो।

मेरी नजर से खुद को देखो जरा संजीव
फूलों की तरह हंसकर हमें चिढ़ाते हो।

कभी मिला के नजर,कभी झुका के नजर
है दिल गवाह के हर हाल सितम ढाते हो।

संजीव

# बिहार में मखाना बोर्ड का गठन

**हितेष वाजपेयी**

**बिहार**, विशेष रूप से मिथिलांचल क्षेत्र, अपने उच्च गुणवत्ता वाले मखाने के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। हाल ही में बिहार में मखाना बोर्ड के गठन का निर्णय किसानों के लिए एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम साबित हो सकता है।

यह न केवल मखाना किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगा बल्कि उनके उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नई पहचान भी दिलाएगा।

**किसानों के लिए संभावित लाभ**

**बेहतर विपणन सुविधाएँ**

मखाना बोर्ड के गठन से किसानों को अपने उत्पादों के लिए संगठित विपणन तंत्र मिलेगा। इससे बिचौलियों की भूमिका कम होगी और किसान सीधे खरीददारों या निर्यातकों से जुड़ सकेंगे, जिससे उन्हें उचित मूल्य मिलेगा।

**उन्नत तकनीकी सहायता**

मखाना की खेती में वैज्ञानिक तकनीकों और आधुनिक कृषि विधियों के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। इससे उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा में सुधार होगा, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी।

**प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन**

मखाना बोर्ड प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को उनके उत्पादों का मूल्यवर्धन करने में मदद करेगा। इससे कच्चे मखाने के बजाय प्रोसेस्ड मखाने के रूप में अधिक लाभ प्राप्त होगा।

**निर्यात के अवसर**

मखाना बोर्ड के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक भारतीय किसानों की पहुंच आसान होगी। मखाने की वैश्विक मांग को देखते हुए, बिहार के किसानों के लिए निर्यात के नए द्वार खुल सकते हैं, जिससे विदेशी मुद्रा अर्जन के साथ-साथ किसानों की आय में भी वृद्धि होगी।

**सरकारी सहायता और अनुदान**

बोर्ड के माध्यम से किसानों को सरकार की विभिन्न योजनाओं और अनुदानों का लाभ सुलभ होगा। इससे वे बेहतर बीज, खाद, सिंचाई और अन्य कृषि उपकरणों का उपयोग कर सकेंगे।

**समस्याओं का समाधान**

मखाना किसानों को अब तक भंडारण, वितरण, उचित मूल्य निर्धारण और तकनीकी जानकारी की कमी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। मखाना बोर्ड इन चुनौतियों का समाधान प्रदान कर सकता है, जिससे खेती अधिक लाभकारी और स्थिर हो सकेगी। बिहार में मखाना बोर्ड का गठन किसानों की समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

यह न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक होगा, बल्कि बिहार को मखाने के वैश्विक हब के रूप में स्थापित करने में भी मदद करेगा।

यदि इसे प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है, तो यह निर्णय कृषि क्षेत्र में एक नई क्रांति ला सकता है और बिहार के ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बना सकता है।

## विचार

# वापिस बुलाना नहीं आता तो ब्रह्मास्त्र चलाते क्यों हो!

**सुशील कुमार ' नवीन '**

**महाभारत** युद्ध में अपने पिता की मृत्यु से गुस्साए द्रोण पुत्र अश?वत?थामा ने पांडवों के समूल नाश के लिए ब्रह्मास्त्र छोड़ दिया था। श्रीकृष्ण के कहने पर अर्जुन भी उसी क्षण ब्रह्म-अस्त्र का प्रयोग करते हैं। यह देखकर महर्षि वेदव्यास जी घबरा जाते हैं। सकल सृष्टि विनाश को जानकर वे अपने बल से दोनों के ब्रह्मास्त्र को बीच में ही रोककर कहते हैं कि अपने-अपने ब्रह्मास्त्र वापस लो अन्यथा विनाश हो जाएगा। अर्जुन को तो ब्रह्मास्त्र वापस लेना आता है। ऐसे में वे तो उसे वापिस ले लेते हैं परंतु अश्वत?थामा कहता है कि मुझे ब्रह्मास्त्र छोड़ना तो आता है परन्तु वापिस लेना नहीं आता। तब वेदव्यास जी उसे कहते हैं कि मूर्ख! जब ज्ञान अधूरा है तो उसे प्रयोग करना जरूरी है क्या? ठीक ऐसा ही फिलहाल दिल्ली चुनाव में घटित हुआ है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने चुनावी लाभ के लिए हरियाणा की तरफ ' यमुना में जहर ' ब्रह्मास्त्र छोड़ तो दिया पर बिना विचारे छोड़ दिया। चुनावी लाभ के लिए जुबानी तरकश से छोड़ा यह तीर अब उन्हीं की तरफ चल पड़ा है। भाजपा को बैठे बिठाए बड़ा मुद्दा मिल गया। खास बात यह भी है कि दिल्ली जल बोर्ड की सीईओ भी केजरीवाल के इस बयान को खारिज कर चुकी है। सीईओ शिल्पा शिंदे ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर केजरीवाल के दावे को गलत बताया है। हरियाणा में पुरानी और एक प्रसिद्ध कहावत है ' भैंस आपणे रंग नै ना देखै, छतरी नै देख कै बिधकै'। अर्थात खुद की कमी पर ध्यान नहीं, और अपनी ही कमी के लिए दूसरों को दोषी ठहराने का प्रयास। 27 जनवरी को एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा की तरफ से दिल्ली को उपलब्ध कराए जा रहे पानी की खराब गुणवत्ता का मुद्दा उठाया था। उनका कहना था कि ,'लोगों को पानी से वंचित करना, इससे बड़ा पाप कुछ भी नहीं है। भाजपा अपनी गंदी राजनीति से दिल्ली की जनता को प्यासा छोड़ना चाह रही है। वे हरियाणा से भेजे जा रहे पानी में जहर मिला रहे हैं। यह प्रदूषित पानी इतना जहरीला है कि इसे दिल्ली में मौजूद वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की मदद से उपचारित नहीं किया जा सकता है। भाजपा दिल्लीवासियों की सामूहिक हत्या करना चाहती है. पर हम ऐसा नहीं होने देंगे।' चुनावी महायुद्ध में इस तरह के बयान लाभ के उद्देश्यों के निमित आमतौर पर दिए जाते हैं। पर वो बयान जिसका न सिर हो और न पैर। फिर उसका क्या फायदा। हरियाणा पर इस तरह के बयानों का तीर छोड़ना चुनावी जानकारों की समझ से दूर है। चुनाव दिल्ली का और आप निशाना हरियाणा को बना रहे हो। यह कोई समझदारी तो है नहीं। खैर बयान दे दिया तो कम से कम उसकी मजबूती तो परख लो। उड़ता तीर पकड़ना खुद के लिए भी तो आत्मघाती हो सकता है। इस बारे में भी जरा विचार कर लेना चाहिए था।

फिलहाल यमुना के पानी में जहर का बयान दिल्ली चुनाव का अब हॉट टॉक बन चुका है। चुनाव आयोग ने नोटिस दिया। जिसका जवाब केजरीवाल खुद पेश होकर दे चुके हैं। हरियाणा में केस दायर हो चुका है। स्वयं सरकार मानहानि का मुकदमा दायर करने के मूड में है। बयान में कुछ मजबूती बनती यदि दिल्ली से ही केजरीवाल को स्पोर्ट मिलता पर यहां तो चाल ही उल्टी पड़ गई है। दिल्ली जल बोर्ड की सीईओ ही अरविंद उनका बयान खारिज कर चुकी हैं। मुख्य सचिव को लिखे पत्र में साफ कहा गया कि फैक्ट गलत और भ्रामक हैं। ऐसे बयानों से दिल्ली वासियों में डर पैदा होता है वही अन्य राज्यों के साथ संबंधों पर भी बुरा प्रभाव होता है। हालांकि दिल्ली की सीएम आतिशी ने जल बोर्ड की सीईओ के पत्र पर रिएक्ट कर चुकी हैं। उनके अनुसार उपराज्यपाल के दबाव की वजह से दिल्ली जल बोर्ड ने लेटर जारी किया। दिल्ली भाजपा के लिए भी यह किसी बड़ी संजीवनी से कम नहीं है। तुरंत इस बयान को आड़े हाथ लेकर चुनावी लाभ लेने के प्रयास शुरू हो गए। हरियाणा सीएम नायब सिंह सैनी स्वयं पानी पीकर दिखा चुके हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



## वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# नर्मदा को अपने कमण्डल में भरने वाले योगी-देवदूत आदिशंकराचार्य

**आत्माराम यादव पीव**

**आदिशंकराचार्य** जी के विषय में कुछ भी लिखना मुझ जैसे व्यक्ति के लिये वही बात होगी जैसे कोई सूरज को दीपक दिखाये किन्तु सागर को अंजुली में भरने का यह अपराध में कर रहा हूँ ताकि आप तक उनका सूक्ष्मतम शब्दों में परिचय करा सकूँ। भारत वर्ष के केरल प्रान्त में प्रवाहित पूर्णा नदी के तट पर बसे ग्राम कलाड़ी में शिवगुरू भट्ट के घर 780 ई. में एक बालक का जन्म हुआ। उनकी माँ आर्याम्बा जिन्हें सुभद्रा के नाम से भी जाना जाता है, वृद्धावस्था में भगवान शिव की कृपा मानकर अपने बेटे का नाम शंकर रखा। एक वर्ष की अवस्था में बालक शंकर ने धाराप्रवाह बोलना शुरू कर दिया एवं तीन वर्ष की अवस्था में उसकी स्मृरणशक्ति विलक्षण हो गयी और वह जो कुछ भी सुनता उसे अक्षरशः दुहरा देता। उसे अनेक काव्यों और पुराणों के श्लोक कण्ठस्थ हो गये तब पिता ने उनका अक्षरभाष्य संस्कार संपन्न कराया। किन्तु अक्षरभाष्य संस्कार कराने के कुछ दिन बाद ही उनके पिता का निधन हो गया। माता ने अपने पुत्र के अन्दर देदीप्यमान गुणों को पाकर पॉचवे वर्ष में उन्हें गुरूकुल भेजकर इनका यज्ञोपवीत संस्कार सपन्न कराया। गुरूकुल पहुॅचते ही पॉचवे वर्ष के कुछ माहों में ही बालक शंकर को चारों वेदों और उनकी शाखाओं का अद्भुत ज्ञान हो गया तब उन्हांने प्रथम बार छह वर्ष की अवस्था में ही बालबोधि-संग्रह लिखा जिससे उनके सहपाठी संस्कृतग्रंथों की समुचित व्याख्या कर सके। सातवे वर्ष में बालक शंकर सभी शास्त्रों में निष्णात हो गये और उनकी स्मरणशक्ति इतनी इतनी तीव्र थी कि वे किसी भी पुराण-शास्त्र एवं वेदों की ऋचाओं का कहीं से भी किसी भी पंक्ति का, किसी भी श्लोक आदि का प्रगटन ऐसे करने लगे जैसे वे उनके सम्मुख हो, उनकी इस प्रतिभा ने उन्हें वाद-विवाद में अपने विरोधियों का मुॅह पर ताले लगा दिये ओर वे वापिस पूर्ण विद्याध्ययन कर सम्पूर्ण ज्ञानसागर समेटे अपने घर लौट आये। वे सच्चे अर्थो में पितृ-मातृ भक्त थे।

# गंगा के घाटन में, काफिर बसंत है

**राकेश अचल**

**कल भी बसंत** था,आज भी बसंत है। बसंत इसलिए है क्योंकि इसका कभी अंत नहीं होता। ये बारह साल में नहीं बल्कि हर साल आता है और हर जगह आता है। ये मजहब नहीं देखता । बसंत धर्म निरपेक्ष है। हिन्दुओं के यहां भी दस्तक देता है और मुसलमानों के यहाँ भी । सिखों के यहां भी और ईसाइयों के यहां भी। बसंत का इन्तजार सभी को होता है। आइये पहले अपने-अपने ठिकाने पर बसंत का स्वागत करें, इस्तकबाल करें ,खैर-मकदम करें। मुझे अबकी बसंत पिछले बसंत से एकदम अलग लग रहा है। अलग है , इसलिए अलग लग रहा है। इस बार का बसंत प्रयागराज में बहने वाली गंगा के तटों पर भी अलग है और अल्लाहबाद की मस्जिदों में भी अलग है। जो लोग पुण्य सलिला गंगा में डुबकी लगाने प्रयागराज आ रहे हैं उन्हें यदि भगदड़ के दौरान कहीं जगह नहीं मिली तो उन्हें अल्लाहबाद की मस्जिदों ने अपना मेहमान बना लिया। उनका हर तरह से ख्याल रखा। सनातनियों की सेवा करने के लिए किसी योगी सरकार ने इन मस्जिदों को नहीं खुलवाया । ये अपने -आप खुलीं। इंसानियत के नाते खुली। योगी सरकार के लिए तो ये मस्जिदें विधर्मियों की इबादतगाहें हैं। यहां सनातनी झाँक भी लें तो अपवित्र हो जाएँ। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मस्जिदों में शरण लेने वाले किसी भी सनातनी का धर्म भ्रष्ट नहीं हुआ। अल्लामा इकबाल इसीलिए कहकर गए कि-' मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर करना।' आपस में बैर करना तो सियासत सिखाती है । मजहब का नाम लेकर। श्रीमद भागवत में भी विधर्मियों के घरों पर बुलडोजर चलाये जाने का कोई निर्देश नहीं है ,लेकिन ये योगी कि भागवत में है। डॉ मोहन भागवत की भागवत में है। उनके लिए काफिर तो काफिर है। उसे बर्दाश्त किया ही नहीं जा सकत। मोहन की भागवत हो या योगी की या धीरेन्द्र शास्त्री की चौपटिया , सभी में ये मुल्क केवल और केवल सनातनियों का मुल्क है । हिन्दुओं का मुल्क है । हिन्दुओं की ही बापौती है इस मुल्क पर। लेकिन आपाद स्थितियां ये प्रमाणित करती है कि ये मुल्क सभी का है।

## न्यूज फ्लैश

### वीवर्क इंडिया मैनेजमेंट लिमिटेड ने सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

**नोएडा।** भारत के अग्रणी प्रीमियम फ्लेक्सिबल कार्यस्थल परिचालकों में से एक और पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल राजस्व के हिसाब से सबसे बड़ा परिचालक (स्रोत: सीबीआरई) वीवर्क इंडिया मैनेजमेंट लिमिटेड (वीवर्क इंडिया) ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी बड़े उद्यमों, छोटे और मध्यम आकार के व्यवसायों, स्टार्टअप और व्यक्तियों सहित विविध प्रकार के ग्राहकों को फ्लेक्सिबल, उच्च-गुणवत्ता वाले कार्यस्थल प्रदान करती है। इसके सदस्य आधार में फॉर्च्यून 500 कंपनियों, अंतरराष्ट्रीय और घरेलू निगमों, बड़े उद्यमों, जीसीसी, एमएसएमई और स्टार्टअप की एक बड़ी सूची शामिल है। कंपनी की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश में 43,753,952 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) शामिल है। बिक्री के लिए प्रस्ताव में एम्बेसी बिल्डकॉन एलएलपी (प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर) द्वारा 33,458,659 इक्विटी शेयर और 1 एरियल वे टेनेंट लिमिटेड निवेशक सेलिंग ऋ: शेयरहोल्डर) द्वारा 10,295,293 इक्विटी शेयर शामिल हैं। कंपनी को बिक्री प्रस्ताव से कोई आय प्राप्त नहीं होगी। जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, जेफरीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड और 360 वन डब्ल्यूएएम लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं वीवर्क इंडिया के ब्रांड और पेशकशों की ताकत, वीवर्क वैश्विक नेटवर्क के साथ इसके जुड़ाव के साथ मिलकर, इसे अमेजन वेब सर्विसेज, जेपी मॉर्गन, वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी, ड्यूश टेलीकॉम और ग्रांट थॉर्नटन सहित प्रमुख वैश्विक ब्रांडों के साथ दीर्घकालिक संबंधों को आकर्षित करने और बढ़ावा देने में सक्षम बनाती है। कंपनी भारत में वीवर्क ब्रांड की अनन्य लाइसेंसधारी है।

### बच्चों ने पीले रंग के परिधान पहनकर और मनमोहक प्रस्तुति देकर सबको आत्मविभौर किया



**गन्नौर।** गायत्री विद्यापीठ बसंत विहार में बसंत पंचमी के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी बच्चों ने पीले रंग के परिधान पहनकर और मनमोहक प्रस्तुति देकर सबको आत्मविभौर कर दिया। सभी अध्यापक वृंद ने भी पीले रंग के परिधान पहनकर मां सरस्वती के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए पुष्प माला पहनाई। विद्यालय की पूर्व शिक्षिका मिस विनीता बच्चों के मध्य रही। प्रधानाचार्य शकुंतला कौशिक ने बच्चों को बसंत पंचमी के बारे में बताते हुए कहा कि विद्या की देवी मां सरस्वती की कृपा से विद्या ग्रहण करते हैं। इस अवसर पर मोनिका मलिक , सुमन मलिक , मिस प्रीति , डिंपल शर्मा , मिस मोनिका , समर्पिता ,पूजा शर्मा , आराधना, सीमा, पायल वर्मा ने छात्रों को बसंत पंचमी के बारे में बताया । पायल वर्मा ने अपनी कलाकृति से सबको आकर्षित किया और भविष्य में बच्चों के लिए तन मन से कार्य करने का संदेश दिया।

### स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच के लिए टीम ने निजी स्कूलों में बसों की फिटनेस जांची



**गन्नौर।** सुरक्षित स्कूल वाहन नीति के तहत स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच के लिए चलने वाले विशेष अभियान के तहत ट्रैफिक चौकी प्रभारी शमशेर सिंह, परिवहन विभाग से सब इंस्पेक्टर धनपत सिंह , शिक्षा विभाग से कप्तान सिंह, की टीम ने निजी स्कूलों में बसों की फिटनेस जांची। टीम में प्रधानाचार्य अनिल, खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से लिपिक कप्तान सिंह, प्राध्यापक कृष्ण निरीक्षण ने कई स्कूलों में जाकर वाहनों की जांच की, इनमें व्यवस्थाएं दुरुस्त मिली।

ट्रैफिक चौकी प्रभारी शमशेर सिंह ने बताया कि जिन बसों की फिटनेस खत्म होने वाली थी, उन्हें वाहनों की फिटनेस तय समय सीमा से 20 दिन पहले करवाने और उसकी सूचना विभाग को देने के निर्देश दिए।

# समस्याओं के समाधान को लेकर किए जा रहे हैं कार्य: टीनू

## समाधान शिविर जरूरतमंद लोगों के लिए उजाले की बड़ी किरण: सीईओ नरेन्द्र पाल मलिक, समाधान शिविर में अधिकारी समय पर पहुंच कर करें जनता की समस्याओं का समाधान: नगराधीश टीनू पोसवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

हरियाणा सरकार का जनता समाधान शिविर बड़ा कार्यक्रम है। इसका लाभ विशेष रूप से उन नागरिकों को मिल रहा है जो समस्याओं को लेकर जझ रहे थे अब उनकी समस्याओं का समाधान कम से कम समय में प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। समस्याओं के समाधान को लेकर आम जनता में जो बैचेनी थी वो निश्चित समय में समस्याओं के हो रहे समाधान से दूर हो रही है। जिला सचिवालय में सोमवार को आयोजित किये गए जनता समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेन्द्र पाल मलिक ने कहा कि समाधान शिविर जरूरतमंद लोगों के लिए उजाले की बड़ी किरण है। शिविर में समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारियों का प्रयास सार्थक नजर आ रहा है।



मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि शिविर में जो लोग व्यवस्था को लेकर सवाल उठाते थे आज उनकी राय इसके विपरीत है। अब लोग कम से कम समय में समस्याओं के हो रहे समाधान से खुश भी है और संतुष्ट भी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह की सकारात्मक सोच व अधिकारियों के सबल प्रयासों ने लोगों की राय बदल दी है। इसका लाभ खास तौर पर उन लोगों को मिल रहा है जो निराश थे। उन्होंने बताया कि समाधान में अधिकारियों के प्रयास प्रशासन व शासन की छवि को मजबूत कर रहे है। यह समाधान शिविर में आ रहे अपनी समस्याएं लेकर आ रहे लोगो ने मान लिया है। नगराधीश टीनू पोसवाल ने बताया कि शिविर में ज्यादातर समस्याएं फैमली आईडी में आय कम करवाने से जुड़ी आ रही है। क्रीड विभाग द्वारा इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कई बार पैंशन बनवाने को लेकर शिकायतकर्ता समाधान शिविर में पहुंचते है जबकि उनकी पैंशन बन चुकी होती है। उन्होंने इस पर शिकायतकताओं को अपने आप को अपडेट रखने की बात कही। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा समस्याओं का कम से कम समय में समाधान करने व अधिकारियों को समय पर पहुंचने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने विभाग से जुड़ी समस्याओं को लेकर शिकायतकताओं से बातचीत की। उन्होंने कहा कि उनकी समस्या पर विभाग न केवल सुनवाई करता है बल्कि गंभीरता से कार्य भी करता है। पुलिस विभाग से जुड़ी समस्याएं बता रही है कि विभाग द्वारा कम से कम समय में समाधान किया जा रहा है। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़ी 96 समस्याएं पहुंची जिनमें पैंशन विभाग, क्रीड, पुलिस से संबंधित थी। अधिकारियों ने तत्काल कार्यवाही करते हुए समस्याओं का समाधान किया। शिविर में समस्याएं लेकर पहुंची सुनीता वासी बिचपड़ी ने प्रशासन से विधवा पैंशन बनवाने के लिए आवेदन किया। उन्होंने कहा कि उनके पति का देहांत हो चुका है। उन्हें सरकार की योजना का अभी तक लाभ नहीं मिल पाया है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने पैंशन विभाग के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

अरविंद वासी उग्रा खेड़ी ने प्रशासन से अनुरोध किया कि उनका बिजली बिल बहुत ज्यादा है। गलत रिडिंग दी गई है। मैं एक साथ इतना बिल भरने में असमर्थ हूं। उन्होंने प्रशासन से बिल माफ करने की गुहार लगाई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बिजली विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

**दिशा-निर्देश**

- मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बिजली विभाग के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए

### करनाल का विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता: जगमोहन आनंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल** के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि जनता की सुरक्षा तथा करनाल का विकास हो यह मेरी पहली प्राथमिकता है। वह सोमवार को अपने कैंप कार्यालय में जनता की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा के लिए अब दमकल विभाग की एक गाड़ी अस्थाई तौर पर पुरानी सब्जी मंडी के नजदीक बने जन स्वास्थ्य विभाग, मंडल नंबर-1 में विशेष तौर पर खड़ी की जाएगी, ताकि जनता की जान.माल की सुरक्षा हो सके। गत दिवस कुंजपुरा रोड पर दुकानों में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी।

## समाधान शिविरों का फायदा उठाएं जनता: रमन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : नगराधीश** डा. रमन गुप्ता ने कहा कि लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का प्रभावी ढंग से समाधान किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे।

नगराधीश डा. रमन गुप्ता सोमवार को लघु सचिवालय के एनआईसी कार्यालय के सभागार में उपायुक्त नेहा सिंह के मार्गदर्शन में लगाए गए समाधान शिविर में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से सम्बन्धित 27 समस्याओं को सुना गया। समाधान शिविर में रखी गई 27 समस्याओं में से अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया गया है तथा शेष समस्याओं का समाधान करने के लिए सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए है।



इससे पहले नगराधीश डा. रमन गुप्ता व कमेटी के सदस्य रामपाल पाली ने क्रिड और विभिन्न विभागों से सम्बन्धित 27 समस्याओं को सुना और उनमें से अधिकतर समस्याओं का समाधान किया।

उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है, ताकि जनता का प्रशासन पर भरोसा और ज्यादा मजबूत हो। शिविर में कुल 27 शिकायतें आई, जिनमें से कई शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया, जबकि कुछ मामलों में आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने के लिए समय सीमा निर्धारित की गई। उन्होंने कहा कि नागरिक अपनी समस्याओं के समाधान के लिए शिविरों का फायदा उठाएं। शिविर के दौरान नागरिकों ने प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि समाधान शिविर के जरिए उनकी समस्याओं को सीधे अधिकारियों तक पहुंचाने का मंच मिल रहा है। ऐसे शिविरों के आयोजन से न केवल प्रशासन और जनता के बीच संवाद मजबूत हो रहा है, बल्कि शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया भी सरल और त्वरित हो रही है।

### 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित

**समालखा: चंदन बाल** विकास पब्लिक स्कूल आट्टा में कक्षा 11वीं के द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने तिलक लगाकर , पुष्प वर्षा द्वारा कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों व अध्यापकगण का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य अनिल कुमार , हेड बॉय, हेड गर्ल और एक्टिविटी कैप्टन द्वारा दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना से किया गया। तदुपरांत कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मंच संचालन रूपांजलि,गुंजन, वंशिका, निशा ,कशिश, भावना,हिमानी, प्रिया, द्वारा बड़े ही मनोहारी ढंग से किया गया। कार्यक्रम में नृत्य ,संगीत,तथा कई प्रकार की। मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अंत में बच्चों को अलग-अलग खिताब से सम्मानित किया गया। इनमें मिस्टर सीबीवीपीयन आर्यन,मिस सीबीवीपीयन मीनू, , मिस्टर इव रितेश, मिस इव रितिका , , मिस्टर सिंपल - बिजेंद्र , मिस सिंपल श्वेता , फिटनेस आइकन रोहित रहे। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने 42 लोंग लास्टिंग अचीवर्स को स्मृति चिह्न द्वारा पुरस्कृत किया। कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने बारहवीं के सभी छात्र-छात्राओं को उनके अनुरूप शीर्षक व उपहार भेंट किए।

## युवक से 22 लाख रूपए की धोखाधड़ी करने मामले में एक आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत: सीआईए वन** पुलिस टीम ने नोहरा रोड पर प्लाट बेचने के नाम पर सिवाह निवासी युवक से 22 लाख रूपए की धोखाधड़ी करने में मामले में नामजद आरोपियों में से एक आरोपी को काबू किया। आरोपी की पहचान सतीश निवासी देशवाल चौक जाटल रोड हाल स्वास्तिक सन्कूल अपार्टमेंट बलिठा बलसाड गुजरात के रूप में हुई। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि धोखाधड़ी कर हड़पी नगदी बरामद करने व गहनता से पूछताछ करने के लिए पुलिस ने आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर जहा से उसे 7 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल कर पूछताछ की। आरोपी ने रिंमांड के दौरान पूछताछ में पुलिस को बताया उसने नोहरा रोड पर साढे तीन एकड़ जमीन खरीदने का सौदा कर ब्याने के रूप में कुछ पैसे देकर इकरारनामा करवा लिया था। बाद में जमीन पर विवाद हो गया। उसने जमीन के विवाद की बात छुपाकर धोखाधड़ी करने की नियत से प्रवीन को उक्त जमीन में से 300 वर्ग गज का प्लाट बेच दिया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने प्लाट बेचने के नाम पर धोखाधड़ी से हड़पी 22 लाख रूपए की नगदी अपने उपर चढ़े कर्ज को चुकाने में खर्च कर दी।

### आम बजट 2025 को लेकर ऑनलाइन सुझाव आमंत्रित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) हरियाणा** सरकार द्वारा आम बजट 2025 को लेकर ऑनलाइन सुझाव मांगे हैं। कोई भी नागरिक ऑनलाइन माध्यम से हरियाणा सरकार के आम बजट को लेकर अपने सुझाव दे सकता है। डीसी डाक्टर विरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा का बजट सत्र फरवरी में प्रस्तावित है। प्रदेश सरकार द्वारा बजट में आमजन की भागीदारी को बढ़ाने के लिए इस बार नई पहल की है। इसके तहत कोई भी व्यक्ति बजट को लेकर वित्त विभाग की वेबसाइट पर जाकर अपने सुझाव दे सकेगा। डीसी ने बताया कि सुझाव के लिए बाकायदा क्षेत्रवार जरूरतों के अनुसार आर्थिक, इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं सामाजिक तीन प्रमुख श्रेणियां बनाई गई हैं। इनके तहत सामाजिक कल्याण, पुलिस, स्कूल एजुकेशन, हायर एजुकेशन, तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य, मेडिकल हेल्थ एवं रिसर्च, महिला एवं बाल विकास आदि विषयों पर नागरिक द्वारा सुझाव दिए जा सकेंगे।

## अवैध देसी पिस्तौल सहित आरोपी को काबू किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन)**

एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने मुखिजा कॉलोनी में नहर बाइपास पर एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान निखिल उर्फ टिंकू निवासी काबड़ी के रूप में हुई। एंटी व्हीकल थेप्ट इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रोहताश ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा अवैध हथियारों की तस्करी पर अंकुश लगा आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है। एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस की एक टीम अभियान के तहत रविवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान न्यू मुखिजा कॉलोनी नहर बाइपास पर मौजूद थी। तभी पुलिस टीम को मुखिजा कॉलोनी की और से एक युवक पैदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर एकदम से वापिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान निखिल उर्फ टिंकू पुत्र राजेंद्र निवासी काबड़ी के रूप में बताई। तलाशी लेने पर उसकी पहनी हुई पेंट की जेब से एक देसी पिस्तौल 32 बौर बरामद हुआ। पिस्तौल को खोलकर जांच की तो अनलोड मिला। देसी पिस्तौल का लाईसेंस व परमिट मांगने पर आरोपी कोई भी कागजात पेश नही कर सका। इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रोहताश ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह करीब 1 महीना पहले यूपी के सहारनपुर गया था। वहा से वापिस आते समय बस में साथ वाली सीट पर बैठे एक अज्ञात युवक से उसने उक्त देसी पिस्तौल 15 हजार रूपए में खरीद कर घर ले आया था।

### महाकुंभ मेला में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला** एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चन्द्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महाकुंभ मेला प्रयागराज में तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता मुकेश कुमार, सतीश कुमार गौड़, फ्रंट ऑफिस कार्डिनेटर बलकार सिंह ने हैल्प डेस्क लगाकर विद्यार्थियों, कर्मचारियों व जनसाधारण को मुफ्त कानूनी सेवाओं की जानकारी दी।

## हारा हुआ हूं बाबा तुम हाथ तो बढाओ.......

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : श्री** खाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.), खाटू धाम कुरुक्षेत्र द्वारा रविवार देर सांय श्री खाटू श्याम मंदिर में श्याम संकीर्तन आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और सचिव अटल शर्मा ने बताया कि बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में हुए इस संकीर्तन में श्याम बाबा का बागा बदला गया। गौरी-गणेश पूजन और माँ सरस्वती वन्दना से आरंभ हुए संकीर्तन में गायक बब्बू चावला ने श्याम भजनों से समां बांधा। श्याम जी के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हुआ। कोई प्यार से मेरे श्याम को पुकारो..., पलकें ही पलके बिछाएंगे जिस दिन श्याम प्यारे घर आएंगे..., देना है तो दीजिए जन्म-जन्म का साथ...,मेरे दुख के दिनों में वो बड़ा काम आता है...., हारा हुआ हूं बाबा तुम हाथ तो बढाओ..., सांवरी सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया... और मैं तेरी हो गई रे सांवरिया सरकार... इत्यादि भजनों पर ताली बजाते हुए श्याम प्रेमी झूम उठे। भजनों के पश्चात श्याम जी को भोग लगाया गया। श्याम आरती के पश्चात बाबा का श्रृंगार प्रसाद लेने के लिए भक्तों में होड लगी रही। चंदन का तिलक लगाकर पंक्तिबद्ध होकर सभी श्रद्धालुओं ने दरबार में माथा टेका। समिति पदाधिकारियों ने श्याम भक्तों से निवेदन किया कि श्याम मंदिर में लगातार मंदिर विस्तार, भंडारा,संकीर्तन आदि धार्मिक व जन सेवा कार्य होते रहते हैं। अतः इन पुण्य कार्यों में यथासंभव सहयोग प्रदान करें। श्याम जी के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हुआ। श्री श्याम आरती में प्रधान सुभाष सुखीजा,उप प्रधान एल डी कंबोज,सचिव अटल शर्मा,कोषाध्यक्ष रमेश शर्मा,राजेश मोदगिल, आशीष चोपड़ा, विनीत राजपाल, हेमंत भारद्वाज,राजू छाबड़ा, अशोक शर्मा,अशोक अरोड़ा,सुरेन्द्र काठपाल,ललित अत्री, डॉ.घनश्याम शर्मा,सतीश कारसा,लवकेश शर्मा,जतिन शर्मा, विजय गुलाटी, डा.प्रवीण शर्मा, अनिरुद्ध,साहिल शर्मा,नरेश सैनी बिशनगढ़,जतिन सैनी बिशनगढ़ मौजूद रहे।



## आयुष विभाग ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : जिला** आयुर्वेदिक अधिकारी सुदेश जाटियान ने कहा कि महानिदेशक आयुष हरियाणा के तत्वाधान में आयुष विभाग द्वारा बसंत पंचमी के पावन अवसर पर गुरुद्वारा सिंह सभा सेक्टर-3 में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं पंचकर्म, जडी-बूटियॉ, योगासन से सम्बन्धित लाईव प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

जिला आयुर्वेदिक अधिकारी सुदेश जाटियान ने गत दिवस बसंत पंचमी के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा लगाए गए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करने उपरांत बोल रही थी। इससे पहले जिला आयुर्वेदिक अधिकारी सुदेश जाटियान, कुलपति आयुष विश्वविद्यालय डा. करतार धीमान द्वारा विधिवत रूप से भगवान धनवन्तरी के प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके शिविर का शुभारंभ किया।



जिला आयुर्वेदिक अधिकारी ने कहा कि हर साल माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचम तिथि को बसंत पंचमी मनाई जाती है। आज के दिन को मां सरस्वती के प्रकट दिवस के रुप में भी जाना जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार बसंत पंचमी के दिन भगवान ब्रह्मद्दा ने अपने कमंडल से जल छिडककर सरस्वती माता को उत्पन्न किया था। इसलिए इस तिथि पर घर, मन्दिर से लेकर सभी शिक्षा संस्थानों में मां शारदा की पूजा का भव्य आयोजन किया जाता है। कुलपति आयुष विश्वविद्यालय के डा. करतार धीमान द्वारा आयुर्वेद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम अपनी जीवनशैली में आयुर्वेद को अपनाकर स्वस्थ रह सकते है क्योंकि हमारे आस-पास ऐसी बहुत सी जड़ी-बुटियां एवं खाद्य सामग्री है जिनके प्रयोग से हम अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सकते है और दवाइयों का कम से कम प्रयोग कर सकते है।

जिला आयुर्वेद अधिकारी के दिशा निर्देश अनुसार आयुष विभाग में कार्यरत योग सहायकों द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर में उपस्थित जनसमूह को योग एवं सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया। जिला आयुर्वेद अधिकारी ने बताया कि घरेलू रसोई में पाये जाने वालें मसालों की विभिन्न रोगों में उपयोगिता तथा हर्बल वाटिका के माध्यम से उपस्थित लोगों को जडी-बुटियों की रोगों में उपयोगिता बारे जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि आयुष विभाग द्वारा अन्य योग संस्थाओं के साथ मिलकर सूर्य नमस्कार का सफलतापूर्वक अभ्यास भी लगातार करवाया जा रहा हैं। जिसमें आयुष विभाग द्वारा अब तक लगभग 237392 रजिस्ट्रेशन करवाए जा चुके है तथा जिले की सभी योगशालाओं/व्यायामशालाओं में प्रतिदिन सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया जा रहा हैं।

## खालसा कॉलेज फॉर विमेन ने एयर केयर सेंटर और क्लीन एयर पंजाब के सहयोग से जीरो वेस्ट पहल शुरू की

**टीम एक्शन इंडिया**

**अमृतसर: पर्यावरणीय** स्थिरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, खालसा कॉलेज फॉर विमेन ने एयर केयर सेंटर और क्लीन एयर पंजाब के सहयोग से अपने कैंपस में आधिकारिक तौर पर जीरो वेस्ट मैनेजमेंट प्रोग्राम शुरू किया । यह पहल सुनिश्चित करती है कि खालसा कॉलेज फॉर विमेन एक जीरो-वेस्ट संस्थान बने, जो पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करेगी। इस प्रोग्राम में वेस्ट सेग्रीगेशन, खाद बनाने स्ट्रेटेजीज शामिल हैं, जिनका उद्देश्य वेस्ट उत्पादन को कम करना औररिसोर्स एफिशिएंसी को अधिकतम करना है। इस पहल का एक प्रमुख पहल परिसर में वमीर्कंपोस्टिंग इकाई है, जिसका प्रबंधन खालसा कॉलेज फॉर विमेन में बॉटनी की असिस्टेंट प्रोफेसर और वेस्ट मैनेजमेंट की विशेषज्ञ डॉ. सीता द्वारा किया जा रहा है। इस पहल के बारे में बोलते हुए, खालसा कॉलेज फॉर विमेन की प्रिंसिपल सुरिंदर कौर ने जीरो वेस्ट मैनेजमेंट न केवल पर्यावरण के लिए एक कदम है, बल्कि एक शैक्षणिक कदम भी है, जो हमारे छात्रों को पर्यावरण जिम्मेदारी के लिए प्रोत्साहित करता है जो स्वच्छ, हरित भविष्य में योगदान करते हैं।



## न्यूज फ्लैश

### राव छल्लूराम की पुण्यतिथि पर किया याद



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़** , गांव कोथल मे समाजसेवी राव छल्लूराम की प्रथम पुण्यतिथि पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन में उनके पुत्र पवन कुमार व पुत्रवधू सरिता तथा पौत्र डॉक्टर चेतन व पौत्रवधू डॉक्टर नीलिमा यजमान रहे। गांव की सबसे बुजुर्ग व्यक्ति शंकरलाल ने फीता काटकर उनकी याद में बनाए स्मारक का उद्घाटन किया। आरपीएस ग्रुप के चेयरमैन व बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान नरेंद्र राव ने उन्हें अपने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राव छालूराम ने अपने सामाजिक कार्यों के चलते अपनी विशेष पहचान बनई। राजनीतिक रूप से वे चौधरी देवीलाल के साथ जुड़े और अपनी अंतिम सांस तक देवीलाल परिवार के साथ अपनी निष्ठा कायम रखी। उन्होंने इनेलो के जिला अध्यक्ष की जिम्मेवारी निभाई वही 1996 में विधानसभा का चुनाव भी लड़ा। इस मौके पर सरपंच परमजीत, राजकुमार खातोद ,संजीव तंवर, असीम राव, राजबीर सरपंच, विष्णु डाबड़, दिनेश तंवर सहित अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### हकेवि में स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिले हेतु ऑनलाइन पंजीकरण तिथि बढ़ाई गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़** । हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत स्नातकोत्तर व पीजी डिप्लोमा कार्यक्रमों में दाखिले के लिए पंजीकरण की तिथि 01 फरवरी, 2025 से बढ़ाकर अब 08 फरवरी, 2025 कर दी गई है। इसके साथ ही पंजीकरण में संशोधन हेतु आगामी 10 फरवरी से 12 फरवरी, 2025 तक करेक्शन विंडों अभ्यर्थियों के लिए खुली रहेगी। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय में दाखिले के इच्छुक विद्यार्थी बढ़ी हुई तारीख के माध्यम से लाभांवित होंगे। दाखिला प्रक्रिया के संबंध में विश्वविद्यालय के सीयूईटी के नोडल ऑफिसर डॉ. तेजपाल ढ़ेवा ने बताया कि स्नातकोत्तर व पीजी डिप्लोमा कार्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित होने के पश्चात विश्वविद्यालय में दाखिला लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया की तिथि अब 08 फरवरी, 2025 कर दी गई है। इसके साथ-साथ अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु 10 फरवरी से 12 फरवरी, 2025 तक करेक्शन विंडों भी अभ्यर्थियों के लिए खुली रहेगी। इसमें अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से रजिस्ट्रेशन फॉर्म में संशोधन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में सीयूईटी 2025 के तहत स्नातकोत्तर व पीजी डिप्लोमा के 41 कार्यक्रमों उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय में दाखिले के इच्छुक आवेदक अधिक जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

# ग्रामीण क्षेत्र का विकास करना सरकार की प्राथमिकता: हरपाल

ब्राह्मण माजरा व डाहर में विकास कार्यों का किया शुभारंभ

**शुभारंभ**

**दो गांव डाहर और ब्राह्मण माजरा में करोड़ों रुपए की लागत के विकास कार्यों का शुभारंभ किया**




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**हरियाणा** के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के बड़े भाई एवं प्रमुख समाजसेवी हरपाल ढांडा ने सोमवार को जिले के दो गांव डाहर और ब्राह्मण माजरा में करोड़ों रुपए की लागत के विकास कार्यों का शुभारंभ किया वह ग्रामीणों को शुभकामनाएं दी। प्रमुख समाजसेवी हरपाल ढांडा ने ब्राह्मण माजरा में दो करोड़ की लागत से बन रहे रास्तों का व सामान्य चौपाल का नारियल फोड़कर एक भव्य कार्यक्रम के तहत उद्घाटन किया।
इसी कड़ी में डाहर में शिव मंदिर के पुनर्निर्माण व कबीर भवन में शैड का उद्घाटन व 90 लाख की लागत से बन रहे रास्ते का शुभारंभ किया। हरपाल ढांडा ने कहा कि राज्य सरकार गांव के विकास को लेकर कटिबंध है। गांव में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। अनेक तालाबों को अमृत सरोवर का रूप प्रदान कर उनमें सुविधा प्रदान की गई है। यह क्रम लगातार जारी है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने गांव के विकास के लिए अनेक योजनाएं शुरू की है। प्रदेश के सभी गांव में विकास को गति प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि गांव के कच्चे मार्गों को पक्का किया जा रहा है। खेतों के रास्तो को पक्का किया जा रहा है ।

उन्होंने कहा की सरकार शिक्षा की सटल में और भी सुधार कर रही है नई शिक्षा पॉलिसी में इसका असर दिखाई देगा।

उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए भरसक प्रयास किया जा रहे हैं।

हरपाल ढांडा ने कहा कि सरकार द्वारा ऐसी योजनाएं क्रियान्वित की है जिनका ग्रामीणों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलेगा। उन्होंने युवाओं से विशेष तौर पर आह्वान किया कि वे शिक्षा व खेलों की तरफ ध्यान दें। नशे जैसी बुराई से अपने आप को दूर रखें। उन्होंने कहा कि युवा लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढ़े। आगामी समय में राज्य सरकार शिक्षा में और अधिक सुधार करने जा रही है इसका प्रभाव सरकारी स्कूलों में दिखाई देने लगेगा। उन्होंने सभी ग्रामीणों को शुभकामनाएं दी व आश्वासन दिया कि वह हर घड़ी में उनके साथ है।

## हर वर्ग की उन्नति में बजट 2025 पूर्ण सहायक : गजेंद्र



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** पूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने बजट 2025 को हर वर्ग हेतु उत्कृष्ट बजट बताया। गजेंद्र सलूजा ने बताया कि मोदी सरकार एवं वित मंत्री निर्मला सीतारमण ने जो बजट पेश किया है। और वह देश की प्रगति में पूर्ण रूप से सहायक है एवं जो भी सहूलियतें दी है इसकी देश की जनता को बहुत लंबे समय से प्रतीक्षा थी। आयकर सीमा को 12 लाख रुपए तक करना बहुत ही महत्वपूर्ण नीति मोदी सरकार की है एवं यह ऐतिहासिक भी है। अब एक लाख रुपए की आय पर कोई भी कर नहीं लगेगा। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने बताया कि एमएसएमई,शिक्षा,स्वास्थ्य बुनियादी विकास तथा क्षेत्र यहां तक कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी व अनुसंधान के लिए भी मोदी सरकार ने पूर्ण गहनता से विशेष प्रावधान दिया है। यह बजट किसी एक वर्ग का नहीं अपितु हर वर्ग की उन्नति के लिए पूर्ण सहायक होगा। किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से 5 लाख तक बढ़ाना जिस से अन्नदाता अत्यधिक प्रगति कर सके। यह बजट हर वर्ग हो समर्पित तो है ही साथ ही परंतु दूरद्दष्टी के साथ देखा जाए तो यह भारत का शानदार बजट है। प्रदेश प्रमुख राष्ट्रीय सदस्यता अभियान एवं प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने कहा कि मोदी सरकार का यह संपूर्ण बजट है जिस से हर वर्ग प्रगति के पथ पूर्ण तीव्रता से गति करेगा। बजट 2025 की सराहना करते हुए प्रदेश प्रमुख राष्ट्रीय सदस्यता अभियान एवं पूर्व जिला अध्यक्ष पानीपत गजेंद्र सलूजा यह भी बताया कि मोदी सरकार का यह बजट किसान, गरीब, मध्यम वर्ग, महिला, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य से लेकर प्रत्येक देशवासी की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट है। गजेंद्र सलूजा ने समस्त हरियाणावासियों की तरफ से इस सर्वसमावेशी ओर दूरदर्शी बजट के लिए सम्पूर्ण केंद्रीय मंत्रिमंडल का आभार जताया।

## मंदिर से नकदी चोरी करने के मामले में आरोपित गिरफ्तार, पूछताछ में नकदी बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के निर्देशानुसार महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा चोरी की वारदातों को अंजाम देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। थाना शहर महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम द्वारा शहर महेंद्रगढ़ क्षेत्र में मंदिर से नकदी चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित सुनील वासी जखराना को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित को कल देर शाम शहर महेंद्रगढ़ क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पूछताछ में पुलिस ने आरोपित से नकदी बरामद की है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। शिकायतकर्ता दीपक वासी महेंद्रगढ़ ने थाना शहर महेंद्रगढ़ में मंदिर से नकदी व अन्य सामान चोरी की शिकायत दर्ज कराई, उसने बताया कि दिनांक 24 नवंबर को चोधरी वाली गली स्थित भगवान मंदिर मे दिन मे एक बजे के करीब एक अज्ञात चोर द्वारा दानपात्र का ताला तोडकर 2000-3000 रुपये नकद चुरा लिए और तीन पित्तल की घंटी, एक सिलवर की बाल्टी आदि चुरा कर ले गया था, उसने बताया कि शंकर भगवान का त्रिशुल भी तोड कर चला गया था और रिकॉर्डिंग मंदिर मे लगे कैमरों में है।

## पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**प्रदर्शन**

**सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी 21 सूत्रीय मांगों को जोर-शोर से उठाया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में सोमवार को पीडब्ल्यूडी मेकेनिकल वर्कर्स यूनियन ने लघु सचिवालय के बाहर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी 21 सूत्रीय मांगों को जोर-शोर से उठाया। इसके बाद उपायुक्त कार्यालय में सीएम के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया। कर्मचारियों ने साफ कहा कि जब तक सरकार यूनियन के साथ बैठकर उनकी मांगों पर ठोस बातचीत नहीं करती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। राज्य उपप्रधान जगबीर शर्मा ने बताया कि सरकार ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों को नौकरी से हटा दिया है। इससे सैकड़ों परिवारों के चूल्हे ठंडे पड़ गए हैं। यूनियन की मांग है कि इन कर्मचारियों को तुरंत दोबारा ड्यूटी पर लिया जाए, ताकि उनका जीवनयापन सुचारू रूप से चलता रहे।
यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि बीते 11 अगस्त को हरियाणा में बड़ी रैली हुई थी, जिसमें तत्कालीन सीएम सैनी ने 20 अगस्त तक कर्मचारियों की लंबित मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था, लेकिन 16 अगस्त को आचार संहिता लागू हो गई, जिसके चलते बातचीत आगे नहीं बढ़ पाई। कर्मचारियों ने कहा कि उनकी पुरानी 21 मागें आज भी जस की तस हैं और अब वे किसी भी हाल में बिना समाधान के नहीं हटेंगे।
यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर पूरे हरियाणा में मोर्चा खोल दिया है। 29 जनवरी को कुरुक्षेत्र में प्रदर्शन हुआ था। आज करनाल और अंबाला में प्रदर्शन किया गया और अब 5 फरवरी को पानीपत में प्रदर्शन की तैयारी है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि अगर मांगे नहीं मानी गई तो आंदोलन और तेज होगा।
प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सरकार ने केशलैस मेडिकल सुविधा की घोषणा तो कर दी, लेकिन जब कर्मचारी अस्पताल जाते हैं तो उन्हें इसका लाभ नहीं मिलता।

## सरस्वती वंदना गायन की प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत (कमाल हुसैन )**

बसंत पंचमी के अवसर पर आई.बी. स्नातकोत्तर कॉलेज पानीपत के संगीत कला परिषद एवं संगीत विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मंत्र एवं सरस्वती वंदना गायन की प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता ऑनलाइन थी जिसमें प्रतिभागीयों द्वारा अपनी २ मिनट की वीडियो विभाग की ईमेल पर भेजी जानी थी। इस स्पर्धा में प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी स्वरचित रचनाओं से अपनी प्रतिभा एवं सृजनशीलता का परिचय दिया। इसमें इंग्लैंड, अमेरिका, कनाडा, आस्ट्रेलिया सहित भारत के विभिन्न शहरों से भी प्रतिभागिता दर्ज हुई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शशि प्रभा मलिक ने सभी प्रतिभागियों के लिए शुभशंसा प्रेषित करते हुए उन्हें संगीत एवं अन्य कलाओं के क्षेत्र में अपनी रुचि एवं प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित किया।




निर्णायक मंडल ने सभी प्रस्तुतियों को ध्यानपूर्वक सुना तथा विजेताओं की घोषणा की जिसमें सुष्मित कौर (रामगढ़िया गर्ल्स कॉलेज, लुधियाना) को प्रथम; धरा खरे (उत्तम गर्ल्स स्कूल, गाजियाबाद) को द्वितीय एवं प्रियंका भारद्वाज (वरअ) को तृतीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। इसके अतिरिक्त कंचन (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, हांसाका, हरियाणा) को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया। इस अवसर पर संगीत कला परिषद की संयोजिका डॉ मोनिका वर्मा ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि संगीत विभाग ऐसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवा पीढ़ी को संगीत के प्रति आकर्षित करने एवं उचित मार्गदर्शन एवं मंच प्रदान करने हेतु कटिबद्ध है।

**प्रतिभागिता**

**इंग्लैंड, अमेरिका, कनाडा, आस्ट्रेलिया सहित भारत के विभिन्न शहरों से भी प्रतिभागिता दर्ज हुई**

## खरखौदा के 2 गांवों को मिलेगी जगमग योजना के तहत 24 घंटे बिजली

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी: खरखौदा** के गाँव सेहरी और बिधलान गाँव को अब 24 घंटे बिजली दी जाएगी। इसकी शुरूआत खरखौदा में सोमवार से कर दी गई। एसडीओ रवि कुमार का कहना है कि गाँव में बिजली मीटर बाहर करने का काम पहले ही कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि सेहरी और बिधलान गांव में एमजीजेजी योजना के तहत आज से 24 घंटे बिजली की आपूर्ति करनी शुरू कर दी गई है। सोमवार को जिला परिषद् अध्यक्ष ने इसकी शुरूआत की है। एसडीओ रवि कुमार का कहना है कि जो भी गांव इस योजना से जुड़ता है तो सबसे पहले उसे घरों से मीटर बाहर निकवालने होते हैं। उसके बाद निगम की तरफ से यह भी देखा जाता है कि गांव में बिजली चोरी कितनी है। जब गाँव का लाइन लोस 20 प्रतिशत से कम हो जाता है तो उसके बाद को गाँव का 20 घंटे बिजली सप्लाई कर दी जाती है।



## तरावड़ी अनाज मंडी में खड़े ट्राले में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** कस्बा तरावड़ी की अनाज मंडी में देर रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। पंजाब नेशनल बैंक के पास खड़े एक ट्राले में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग इतनी भयानक हो गई कि पूरा केबिन धूं-धूं कर जल उठा। ट्राले में ड्राइवर सो रहा था, लेकिन गनीमत रही कि वहां मौजूद 75 साल के चौकीदार ने बहादुरी दिखाई और लाठी मार-मारकर ड्राइवर को जगाया, जिससे उसकी जान बच गई। अगर थोड़ी भी देरी हो जाती तो बड़ा धमाका हो सकता था। सूचना के बाद पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची।

## हकेवि में उन्मुखी एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़** । हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के मदन मोहन मालवीय टीचर ट्रेनिंग सेंटर (एमएमटीटीसी) द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) पर केंद्रित 19वें उन्मुखीकरण और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को एनईपी 2020 के विभिन्न पहलुओं और उसकी व्यावहारिता के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना है। आयोजन के उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार मुख्य अतिथि तथा कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के शिक्षा विभाग के पूर्व डीन प्रो. आर.एस. यादव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय कुलपति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और इसकी पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रकाश डालते हुए ऐसे आयोजनों की महत्ता से प्रतिभागियों को अवगत कराया।



ऑनलाइन माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की शुरूआत हकेवि में एमएमटीटीसी के निदेशक एवं शिक्षक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार के स्वागत भाषण के साथ हुई। तत्पश्चात कार्यक्रम समन्वयक एवं विभाग की सहायक आचार्य डॉ. अमित सिंह ने मुख्य अतिथि का परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के प्रथम दिन विशेषज्ञ वक्ता प्रो. राजेंद्र सिंह यादव ने अपने व्याख्यान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया और उसमें विद्यार्थियों के स्तर पर विद्यमान विविधता व समावेशीकरण से अवगत कराया।

**अवगत कराया**

**एनईपी 2020 के विभिन्न पहलुओं और उसकी व्यावहारिता के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना है**

## वर्कशॉप को बनकर 4 वर्ष पूरे होने पर वर्षगांठ मनाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** सामाजिक संगठनों ने महेंद्रगढ़ में वर्कशॉप व सब डिपो शुरू करने में सरकार की नाकामी व अधिकारियों की तानाशाही बताते हुए महेंद्रगढ़ क्षेत्र से भेदभाव का आरोप लगाया। तीसरी बार जनसमर्थन, फिर भी महेंद्रगढ़ का पिछड़ापन बरकरार इस मौके पर सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने कहा कि प्रदेश में तीसरी बार जन समर्थन मिलने के बाद भी इस पिछड़े क्षेत्र महेंद्रगढ़ को विकास के मामले में आगे बढ़ाने की सोच नजर नहीं आ रही है। भले ही सरकार यहां पर करोड़ रुपए खर्च करके व खर्च करने की बात कहकर विकास का दम भर रही है परंतु बीते करीब 10 वर्षों में इसके विकास पर किए गए करोड़ों रुपए बेकार ही नजर आ रहे हैं। महेंद्रगढ़ में 4 वर्ष पहले बनकर तैयार खड़ा रोडवेज सब डिपो वर्कशॉप भवन अपने आप में एक इतिहास रच रहा है। इससे पहले महेंद्रगढ़ में युवाओं को तैराकी में आगे लाने के उद्देश्य से बनाया गया स्विमिंग पुल अपनी अनदेखी पर आंसू बहा रहा है। तत्कालीन सीएम मनोहरलाल खट्टर इन दोनों योजनाओं का उद्घाटन कर-के वाहवाही जरूर लूट चुके हैं परंतु धरातल पर आज भी कुछ नहीं हैं। इन योजनाओं पर आमजन की मेहनत की कमाई के करोड़ों रुपए बहाने के बाद भी सरकार आमजन को इनका लाभ देने में सफल नहीं हुई है।



**इन योजनाओं पर भी फोकस नहीं**

सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा ने कहा कि सरकार की अनदेखी में भेदभाव पूर्ण नीति को लेकर आज सामाजिक संगठन ने मिलकर रोडवेज सब डिपो वर्कशॉप भवन की चौथी वर्षगांठ मनाते हुए फिर से रोडवेज सब डिपो वर्कशॉप के पास इकठ्ठा होकर केक काटा और मोमबत्ती जलाकर सरकार को जगाने का प्रयास किया है। इसके अलावा भी माधोगढ़ के किले को पर्यटन के रूप में विकसित, महेंद्रगढ़ किले को हेरिटेज होटल बनाने, महेंद्रगढ़ क्षेत्र में आईएमटी, किसान मॉडल स्कूल का सपना आज भी सपना ही बना हुआ है।

**अनदेखी**

**पहले महेंद्रगढ़ में युवाओं को तैराकी में आगे लाने के उद्देश्य से बनाया गया स्विमिंग पुल अपनी अनदेखी पर आंसू बहा रहा है**

**1 फरवरी 2021 को काम पूरा कर सौंपी थी चाबी**

शहर के बस स्टैंड पर नवनिर्मित वर्कशॉप व रोडवेज सब डिपो को शुरू करने के लिए अब तक उदासीन रवैया ही रहा है । 1 फरवरी 2021 को महेंद्रगढ़ में सब डिपो स्थापित करने को लेकर बनाए गए वर्कशॉप का निर्माण पूरा कर एजेंसी द्वारा विभाग को चाबी दे दी गई थी बावजूद इसके सरकारी क्षेत्र के लोगों की चली आ रही दशकों पहले की इस मांग को पूरा करने के लिए तत्पर नजर नहीं आई। महेंद्रगढ़ क्षेत्र के यात्री दूसरे डिपो की बसों पर पूरी तरह से निर्भर है।

## दो दिवसीय खेल मेले का किया गया आयोजन, छात्रों ने लिया भाग

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा/कुलदीप सिह**

गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दो दिवसीय खेल मेले का आयोजन किया गया। जिसके अंर्तगत कक्षा छठी से बाहरवीं तक की सभी छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया । कक्षा अध्यापक, अध्यापिकाओं व डीपी राहुल मोर, अजय ने छात्राओं की आयु,योग्यता एवं रुचि के अनुसार स्वास्थ्यवर्धक, ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजन युक्त खेलो का चयन किया गया। छात्रों ने 100मीटर, 200 मीटर रेस , गोला फेंक,रिले रेस,लम्बी छलांग,कबड्डी,कुश्ती, रस्सा कस्सी आदि प्रतियोगिताओं मे उत्कृष्ट प्रदर्शन किया । इस मौके पर मुख्य अतिथि गीता एजुकेशन सोसायटी के प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा, प्राचार्य जितेन्द्र उत्तम ने प्रतियोगिताओं मे प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को पुरस्कार और ट्राफी देकर सम्मानित किया ।



इस अवसर पर प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा ने बच्चों के खेल व होसले की सरहाना कर सभी को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वर्तमान प्रतियोगितावादी युग मे विद्यार्थियों मे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का भाव अवश्य होना चाहिए।

# बसंत ऋतु आते ही प्रकृति का कण कण खिल उठता है: उपाध्यक्ष सुमन सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद् द्वारा लघु बाल भवन अम्बाला छावनी में बंसत पंचमी समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद् की उपाध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री हरियाणा श्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की व दीपशिखा प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। यहां पहुंचने पर हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद् की मानद महासचिव सुषमा गुप्ता, नगराधीश पूजा कुमारी, जिला बाल कल्याण



अधिकारी विश्वास मलिक, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष बीनू गर्ग व अन्य ने मुख्यअतिथि को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनन्दन किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने बाल भवन में कम्पयूटर सैन्टर, सिलाई-कढाई व ओपन शैल्टर होम का अवलोकन करते हुए यहां पर जो गतिविधियां की जा रही है उसकी भी जानकारी हासिल की। इस मौके पर उन्होंने सिलाई-कढाई केन्द्र में आर्ट एण्ड कर्फट से बनाए गए सामान की जमकर सराहना भी की। इस अवसर पर एक बच्ची ने उपाध्यक्ष सुमन सैनी को मेहन्दी भी लगाई।

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद् की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने बसंत पंचमी त्योहार की पूरे प्रदेश वासियों को बधाई देते हुए कहा कि आज हम बसंत पंचमी का त्योहार मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं। यह दिन खासतौर पर बसंत ऋतु के आने और देवी सरस्वती की पूजा का होता है। इस दिन विद्या, ज्ञान और कला की देवी मां सरस्वती की पूजा का विशेष महत्व है। बसंत पंचमी का त्योहार भारत के अलग अलग हिस्सों में अलग अलग तरीकों से मनाया जाता है। यह त्योहार बसंत ऋतु की शुरूआत का प्रतीक है। बसंत पंचमी का त्योहार पुराने समय से मनाया जा रहा है। यह त्योहार बसंत ऋतु की शुरूआत का प्रतीक है, जब प्रकृति अपने सबसे सुंदर रूप में खिलती है। बसंत पंचमी को वसंत ऋतु के आगमन के रूप में भी मनाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन से ठंड का मौसम खत्म होने लगता है और मौसम में बदलाव आता है। खेतों में सरसों के पीले फूल खिलते हैं, जो वसंत पंचमी के पीले रंग को दशार्ते हैं। लोग इस दिन पीले कपड़े पहनते हैं और पीले रंग के पकवान जैसे खिचड़ी और हलवा बनाते हैं।

# गीता विधा मंदिर स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** सेवा भारती संस्था की और से वार्षिक उत्सव का आयोजन राधा लाल गीता विद्या मंदिर स्कूल में आयोजित किया गया । जिसमें सेवा भारती संस्था के भिन्न भिन्न विद्यालयों से आए हुए विद्यार्थियों ने देश भक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया । कार्यक्रम में मुख्यतिथि हरियाणा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य जगमोहन लाल कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । सेवा भारती संस्था की ओर से मुख्यतिथि जगमोहन लाल कुमार,कार्यक्रम अध्यक्ष डा सतपाल बहल,मुख्य वक्ता सेवा भारती हरियाणा प्रदेश प्रांत महासचिव पंकज



क्लेर,वशिष्ठ अतिथि योगी दिनेश कांत जिंदल , वशिष्ठ अतिथि उद्योगपति मुकेश जिंदल को वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में सेवा भारती संस्था की ओर से सम्मानित किया गया । संस्था जिला अध्यक्ष उत्तम चंद भोला,नगर अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल , जिला सचिव शैलेश दीवान , नगर सचिव उदयवीर सिंह चौहान आदि अन्य सदस्य कार्यक्रम में मौजूद रहे ।

## न्यूज फ्लैश

### विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करेगा यह बजट: अनिल



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** भारतीय जनता पार्टी के कला व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक व भाजपा नेता अनिल वर्मा का कहना है कि वर्तमान बजट माननीय नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत के विकसित राष्ट्र बनने के सपने को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।अनिल वर्मा ने कहा कि आयकर दाताओं ने स्वप्न में भी नहीं सोचा होगा कि नरेंद्र मोदी नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बारह लाख रुपए तक की आय को कर-मुक्त करने की ऐतिहासिक घोषणा करेंगी।इसके अतिरिक्त नौकरीपेशा लोगों को पचहत्तर हजार की छूट मिलेगी।इस घोषणा का बाजार के फायदे पर सीधा असर पड़ेगा क्योंकि उपभोक्ता की जेब में ज्यादा पैसा होने से वो खरीददारी के लिए बाजार का ही रूख करेगा जिससे बाजार में ज्यादा पैसों का लेन - देन होगा और दुकानदारों को भी लाभ होगा। अनिल वर्मा ने कहा कि इसके अतिरिक्त किसानों को क्रेडिट कार्ड में ऋण लेने की सीमा में बढ़ोतरी की गई है जिससे किसानों की खेती से संबंधित यंत्र,उपकरण खरीदने की क्षमता बढ़ेगी,जिनके उपयोग से अच्छा उत्पादन होगा और अच्छे उत्पादन से उनकी आय भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को भी रोजगार के लिए अधिक ऋण मिलने से वो आत्मनिर्भर होंगी और खुशहाल जीवन जीने में समर्थ होंगी। अनिल वर्मा ने यह भी कहा कि बजट में बिहार राज्य में मखाना बोर्ड की घोषणा ने हमारे बिहारी भाइयों की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा किया है जिससे इस व्यवसाय से जुड़े लोगों को निश्चित लाभ होगा और विकसित भारत के सपने को साकार करने में वो भी अपना योगदान दे सकेंगे।अनिल वर्मा ने कहा कि हरियाणा के लोगों ने मुक्त कंठ से इस बजट की सराहना की है क्योंकि यह बजट देश में समृद्धि के नए द्वार खोलने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

### गीता विद्यालय के लाजपत छात्रावास में मनाया गया बसंत पंचमी उत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय के लाजपत छात्रावास द्वारा बसंत पंचमी व मां सरस्वती पूजन उत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया। लाजपत छात्रावास के छात्रों के द्वारा विद्यालय प्रांगण में यज्ञ के द्वारा बसंत पंचमी व ज्ञान की देवी मां सरस्वती पूजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम मां सरस्वती उसके वाद्य यंत्रों वीणा ,गिटार एवं वीर बालक हकीकत राय के चित्र पर श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के उपाध्यक्ष अशोक रोशा,समिति सदस्य व छात्रावास पालक जंग बहादुर सिंगला, प्राचार्य अनिल मदान, छात्रावास अधीक्षक सुशील चौधरी, संरक्षक राजकुमार राणा व सभी छात्रावास प्रमुखों और छात्रों ने माल्यार्पण ,पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलित कर यज्ञ के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पंडित सतीश शास्त्री ने यज्ञ कार्य संपन्न करा कर वातावरण को शुद्ध कर सभी छात्रवासीय छात्रों के सुखद भविष्य तथा समाज व देश सेवा क्षेत्र में ज्ञान वर्धन का आशीर्वाद दिया। प्राचार्य अनिल मदान ने बसंत पंचमी उत्सव एवं भगवान ब्रह्मा जी के द्वारा मां सरस्वती के प्राकाट्य प्रयोजन पर प्रकाश डालते हुए मां सरस्वती के जन्म दिवस पर समर्पण राशि का सदुपयोग कहां-कहां होता है जैसे आर्थिक रूप से कमजोर राज्यों में निवास करने वाले विद्यार्थियों के शिक्षा सुधार हेतु एवं संस्कार केंद्रों, एकल विद्यालयों के विकास हेतु यह राशि विद्या भारती के द्वारा खर्च की जाती है।

यह एक बहुत ही पुण्यदायी कार्य है । साथ ही साथ विद्यार्थियों में इस पुनीत कार्य से समर्पण का भाव भी बढ़ता है। आगे उन्होंने बताया कि नवीन सत्र 2025 -26 में अपने छात्रावास तथा विद्यालय में प्रवेश लेने वाले छात्रों के द्वारा हमारी प्रवेश परीक्षा में कक्षा 6 से 9 व 11वीं कक्षा में 90% अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को 50% छात्रवृत्ति, 75 से 90% अंक प्राप्त करने वाले को 30% तथा 60 से 75% अंक प्राप्त करने वाले को 20% छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

# छोटू राम धर्मशाला में कार्यक्रम का किया आयोजन

## आयोजित कार्यक्रम में अलग-अलग स्कूल व कॉलेज के छात्रों ने लिया भाग

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सोनीपत** शहर के गोहाना रोड स्थित छोटू राम धर्मशाला में चौधरी छोटू राम स्मारक समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में चौधरी छोटू राम जयंती और वसंत पंचमी का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर सुखबीर सांगवान ने शिरकत की और समिति के प्रधान युद्धवीर सिंह ने छोटू राम के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों ने भी भाग लिया और छोटू राम के जीवन पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के अंत में विजेता छात्रों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा कि चौधरी छोटू राम एक महान नेता और समाज सेवक थे, जिन्होंने अपने जीवनकाल में समाज के लिए बहुत कुछ किया। उनके आदर्शों और मूल्यों से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उनकी सबसे बड़ी विशेषता थी उनकी ईमानदारी और निष्ठा। उन्होंने हमेशा समाज के गरीब और वंचित वर्गों के लिए काम किया और उनके अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि छोटू राम के जीवन से हमें यह भी सीखने को मिलता है कि कड़ी मेहनत और समर्पण से हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने अपने जीवन में कई चुनौतियों का सामना किया, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी और हमेशा आगे बढ़ते रहे। आज के समय में जब हमारा समाज कई चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब छोटू राम के आदर्शों और मूल्यों से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और समाज के लिए काम करने के लिए प्रेरित होना चाहिए। आयोजित कार्यक्रम में कई प्रमुख व्यक्तियों ने भाग लिया, जिसमें महासचिव जयलाल मान, जगदीप सिंह मलिक, बलजीत पहल, महताब, दहिया महताब खत्री, कुलदीप देशवाल, रणधीर भीम सिंह, मेयर राजीव सरोवा, डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत, पार्षद नीतू दहिया, जयवीर गहलावत और कुलवीर सहित अन्य लोग शामिल थे।

**याद किया**

**कई चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब छोटू राम के आदर्शों और मूल्यों से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है**

# अलग-अलग किसानों के खेतों से सामान चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: कुंडली थाना** व सदर थाना क्षेत्र में किसानों के खेतों से सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमें दर्ज कर लिए है। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। गांव नाहरी निवासी प्रदीप ने बताया कि वह सुबह खेत में गया तो ट्यूबवेल का सामान गायब मिला। आसपास के किसानों को अवगत कराया तो पता चला कि पड़ोसी किसान रामकरण, महेश, विनोद और राकेश के ट्यूबवेल का सामान भी गायब है। चोर ट्यूबवेल के दो इंजन और तीन पंखे चोरी कर ले गए। बारोटा चौकी पुलिस चोरों का पता लगाने में जुटी है। वहीं गांव रोहट के किसान रामचंद्र के खेत से चोर सोलर पंप की प्लेट और मोटर चोरी कर ले गए। वह सुबह खेत में गए तो चोरी का पता चला। जिसकी शिकायत थाना सदर पुलिस को दी। किसानों ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है। पुलिस ने रात्रि गश्त बढ़ाने का आश्वासन दिया है। पुलिस ने क्षेत्र के लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल देने की अपील की है।

# हिट एंड रन मोटर एक्सिडेंट केस में सरकार दे रही है पीड़ितों को आर्थिक सहयोग: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, ( कमाल हुसैन)** हिट एंड रन मोटर एक्सिडेंट केस में भारत सरकार की ओर से दुर्घटना का शिकार हुए व्यक्ति अथवा उसके पीड़ित परिवार को समय बद्धता सुनिश्चित करते हुए आर्थिक सहयोग दिए जाने का प्रावधान किया गया है। डीसी डॉक्टर विरेंद्र कुमार दहिया ने सरकार की ओर से दिए जाने वाले मुआवजे को लेकर कहा कि भारत सरकार की ओर से इस प्रक्रिया के लिए पूरी सहयोग स्वरूप व्यवस्था की गई है ताकि पीड़ित परिवार को निर्धारित समयावधि में ही राहत मिल सके। उन्होंने सरकार की इस कल्याणकारी सहयोग स्वरूप योजना के बारे में बताया कि हिट एंड रन मोटर एक्सिडेंट केस में यदि किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो उसके परिजनों को दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने का प्रावधान है तथा यदि उक्त केस में गंभीर चोट लगी है तो उस पीड़ित को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहयोग राशि प्रदान की जाती है।डीसी ने बताया कि उक्त दोनों केस में निश्चित समयावधि के साथ आर्थिक सहयोग राशि आवेदक तक पहुंच जाती है। उक्त आर्थिक सहयोग राशि के लिए गंभीर चोट से ग्रस्त पीड़ित अथवा मृत्यु होने पर उनका कानूनी प्रतिनिधि आवेदक के रूप में जिस क्षेत्र में दुर्घटना घटी है।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से श्रमिक की मौत

## पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: बहालगढ़** थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने श्रमिक को टक्कर मार दी। हादसे में घायल श्रमिक को अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के बेटे की शिकायत पर थाना बहालगढ़ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव मुढेरी बिहार हाल में बहालगढ़ पंजाब कॉलोनी निवासी सुमित ने बताया कि वह किराए के कमरे में रहता है। उसका परिवार दिहाड़ी-मजदूरी कर परिवार का गुजर-बसर कर रहे है। वह सुबह मजदूरी के लिए गए थे। जब वापस लौट रहे थे। उसी दौरान उसके पिता मनोज को बहालगढ़ के पास सड़क पर चलते वक्त एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। वह सड़क पर गिर कर घायल हो गए। राहगीरों ने मामले की सूचना उन्हें दी। वह मौके पर पहुंचा। जहां अपने पिता को लेकर नागरिक अस्पताल पहुंचा। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जांच अधिकारी एसआई जसमेर सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। वाहन चालक का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: क्राईम** यूनिट सेक्टर-27 की टीम ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित प्रवीन निवासी शास्त्री कॉलोनी रोहतक का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। उसे न्यायिक हिरासत में जेल दिया। सहायक उप निरीक्षक नरेश की टीम गश्त के दौरान एक फरवरी को खरखौदा बाईपास के पास मौजूद थी। उसी दौरान सूचना मिली कि एक युवक संदिग्ध हालत में फ्लाईओवर के पास सर्विस रोड पर हथियार सहित खड़ा है। टीम ने छापेमारी करके युवक को मौके से काबू कर लिया।

# धोखाधड़ी कर राशि को हड़पने में दो गिरफ्तार

## अदालत ने आरोपितों को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: मुरथल थाना** सोनीपत पुलिस ने मशीनों की डिलीवरी में धोखाधड़ी कर रुपये हड़पने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मनोज व सन्नी निवासी चेन्नई तमिलनाडु का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। गांव भिगान निवासी हरिओम ने गत 27 जनवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह चिपकाने वाली टेप बनाने का कार्य करता है। उसने अपनी फैक्टरी में चिपकाने वाली टेप के निर्माण के लिए व मशीनों और उपकरणों की आवश्यकता थी। उसने अपने दोस्त से संपर्क किया। उसने पीवीसी कोटिंग मशीनों के असेंबल करने की पेशकश की। उन्हें आठ नवंबर 2023 को कोटेशन दी। जिसमें राशि एक करोड़ सतासी लाख पचास हजार रुपये की कीमत पेशकश की। जिसको लेकर उनके प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया। कोटेशन की शर्तों के अनुसार मशीनों की डिलीवरी 120-150 कार्य दिवसों में की जानी चाहिए। पहला भुगतान दिनांक 22 अक्टूबर को किया है और मई 2024 के महीने में सहमत भुगतान किया। उन्होंने उक्त मशीनों को मार्च 2024 के महीने तक वितरित करना था, लेकिन मेरे बार-बार अनुरोध करने पर भी महीने से मशीनों के पुर्जे वितरित करना शुरू किया था। जिनकी हालत ठीक नहीं थी। मशीनों को काम करने की स्थिति में ठीक नहीं कर सके । उन्होंने यह कारण बताकर साइट छोड़ दी कि मशीनों को ठीक नहीं किया जा सकता। मशीनों के पार्ट गायब मिले। इस संबंध में कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। उन्हें खराब मशीनें व पार्ट देकर ठगी की गई। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए सहायक उप निरीक्षक मनमोहन की टीम ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

# गीता निकेतन विद्या मंदिर सैक्टर-3 कुरुक्षेत्र में छात्रों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस द्वारा महिलाओं विशेष रुप से लडकियों को जागरुक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के मार्ग-निर्देश में जिला पुलिस की सेफ सिटी टीमों द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। शिक्षण संस्थानो मे महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। बच्चों व महिलाओं को समझाया जाता है कि बच्चे हर छोटी बड़ी बातें अपने माता-पिता से हर रोज सांझा करें ताकि कोई अनहोनी न हो। कार्यक्रम के तहत दिनांक 3 फरवरी को सेफ सिटी की टीम ने गीता निकेतन विद्या मंदिर सैक्टर-3 कुरुक्षेत्र में छात्र/छात्राओं को महिला विरुद्ध होने अपराधों के बारे में जानकरी दी। पुलिस की टीम ने लड़कियों को सैल्फ डिफेन्स का प्रशिक्षण भी दिया। छात्राओं को सम्बोधित करते हुए सेफ सिटी टीम की हैड कांस्टेबल नीलम ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस हमेशा मुस्तैद है । उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग द्वारा दुर्गा-शक्ति एप्प लांच की गई है। उन्होंने कहा कि दुर्गा शक्ति एप्प का लाल बटन दबाने से आपको पुलिस मदद मिलेगी।

# ई-बसों के संचालन की देखरेख के लिए कुंडली बॉर्डर पर दो कर्मचारियों को किया तैनात

## बस डिपो में शामिल हुई है पांच ई-बसें, फ्री का सफर समाप्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिले** के सोनीपत डिपो के बेड़े में शामिल हुई ई-बसों के संचालन की देखरेख के लिए विभाग की तरफ से दो कर्मचारियों को तैनात किया गया है। कर्मचारी कुंडली बॉर्डर पर ई-बसों के खड़ा होने से लेकर यात्रियों के ठीक ढंग से बस में बैठाने तक की व्यवस्था पर नजर रखेगें। यही नहीं ई-बसों के परिचालन में किसी प्रकार की अन्य कोई बाधा पैदा होने पर भी समाधान करने की जिम्मेदारी उक्त कर्मचारियों की होगी। ताकि यात्रियों को बेहतर यात्रा मिल सके। बता दें कि सरकार ने पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के पांच जिलों में ई-बसें भेजी हैं। जबकि दो जिलों में एक साल पहले ही ई-बसों का परिचालन शुरू कर दिया गया था। जिले में पांच ई-बसें भेजी गई है। ट्रायल के बाद उक्त ई-बसों को गणतंत्र दिवस पर विधिवत रूप से रोडवेज बेड़े में शामिल कर लिया गया। गणतंत्र दिवस से लेकर 1 फरवरी तक उक्त बसों में सफर करने वाले यात्रियों को फ्री बस की सेवा उपलब्ध करवाई गई थी। लेकिन रविवार से उक्त बसों में यात्रियों को सफर करने पर किराया चुकाना पड़ेगा। ऐसे में सोनीपत से कुंडली बॉर्डर पर जाने वाली बसों के संचालन में किसी प्रकार की दिक्कत न आए, इसके लिए रोडवेज कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है।

# बी.के. बहनों ने बसंत पंचमी पर पिपली की गलियों में निकाली प्रभातफेरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: प्रजापिता** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, पिपली सेवा केन्द्र की इन्चार्ज बी.के. प्रेरणा बहन ने बताया कि बसंत पंचमी के सुअवसर पर पिपली की गलियों में प्रभातफेरी निकाली गई। फरवरी माह में शिव जयंती का पर्व है। इसलिए पूरा मास विभिन्न गांवो में जाकर शिव जयंती के पर्व के महत्व को भी बताया जाएगा। प्रेरणा बहन ने बताया कि आज ब्रह्म मुहर्त से ही आसपास के गांवों के भाई बहनो द्वारा प्रभातफेरी में उत्साह पूर्वक भाग लिया गया। गई। इस दौरान आमजन को शिव परमात्मा के नारों के द्वारा शिव संदेश भी दिया गया। जागो-जागो समय पहचानो, घरा पर भगवान



आये हैं....। इस प्रकार से पिपली की गलियों में नारों से लोगों ने प्रात: उठ कर प्रभात फेरी का स्वागत किया। इस अवसर पर धर्म पाल, फूल सिंह, कर्मजीत सैनी व प्रवीण कौर, परमजीत कौर, मीना कलाल माजरा, कमलेश, दीपमाला, नीना सैनी और बबीता रानी मौजूद रही।

# घर से हजारों रुपये की राशि व जेवरात चोरी, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र के गांव बैंयापुर स्थित मकान से हजारों रुपये की राशि व सोने-चांदी के जेवरात चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव बैंयापुर निवासी धर्मबीर सिंह ने बताया कि वह देर रात खाना खाकर परिवार के सदस्य सोने चले गए। सुबह उठे तो घर में सामान बिखरा पड़ा था। जांच की तो घर में रखे 20 हजार रुपये, सोने की कानो की दो जोड़ी बाली, दो चांदी के सिक्के, 20 हजार रुपये और मोबाइल गायब था। रात को किसी ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई सिलेंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। वहीं शाहपुर तुर्क के पास स्थित पार्श्वनाथ डेवलपर्स लिमिटेड कंपनी के कार्यालय से चोर कंप्यूटर चोरी कर ले गए। कंपनी के सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर संजय ने पुलिस को बताया कि उनके कार्यालय के चपरासी सत्यवान ने फोन कर सूचना दी कि कार्यालय का ताला टूटा हुआ है। उन्होंने मौके पर पहुंच कर जांच की तो कार्यालय में रखा कंप्यूटर सेट गायब था। चोर ताला तोड़कर कंप्यूटर चोरी कर ले गए। शिकायत पर मामला दर्ज कर थाना मुरथल पुलिस छानबीन कर रही है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।

# आदर्श नगरः चुनाव प्रचार के अंतिम दिन शिवांक सिंघल ने लगाया जोर

## ● कांग्रेस जनता से किया हुआ हर वादा करेगी पूराः शिवांक सिंघल ● शिवांक सिंघल उमड़ रहा भारी जनसमूह





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली विधानसभा** चुनाव में प्रचार थम गया। अब 05 फरवरी को वोटिंग होगी। जनता-जर्नादन अपने मतों का प्रयोग कर दिल्ली की सत्ता पर फैसला लेगी। सोमवार को चुनाव प्रचार के अंतिम दिन पार्टियों और प्रत्याशियों ने पूरा दमखम लगया। रोड़ शो से लेकर जनसंपर्क कर गली-गली मोहल्लों तक जनता के बीच अपनी पहुंच बनाई। इसी कड़ी में आर्दश नगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल ने जनसंपर्क कर लोगों से वोट की अपील की। इस मौके पर शिवांक ने लोगों के बीच कांग्रेस की नीतियों को रखा। कांग्रेस द्वारा जारी किए गए घोषणापत्र को रखा।

**शिवांक ने किया जनसंपर्क, हुआ भव्य स्वागतः** कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक ने जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान जनता ने शिवांक का जहां भव्य स्वागत किया वहीं फूल-मालाओं से अभिनंदन किया। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी जिंदाद, शिवांक सिंघल जिंदाबाद के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया।

शिवांक ने जनता का अभिवादन स्वीकार किया और कहा कि आप सबका प्यार पाकर मैं निशब्द हूं और आप सबका प्यार आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र का विकास कर लौटाऊंगा। यह मेरा वादा है।

**जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता का मिल रहा प्यार**
शिवांक सिंघल ने पदयात्रा के साथ-साथ डोर-टू-डोर अभियान कर लोगों से समर्थन की अपील की।
जनता ने भी शिवांक सिंघल को अपना भरपूर प्यार दिया और साथ ही जीता का आशीर्वाद भी। जनसंपर्क के दौरान लोग कह रहे थे कि शिवांक हमारे बीच का बच्चा है। क्षेत्र की समस्याओं से पूरी तरह से वाकिफ है, हमारा प्यार और आशीर्वाद शिवांक सिंघल के साथ है।

**शीला दीक्षित के किए हुए सारे विकास कार्यों को खत्म कर दिया केजरीवाल सरकार नेः** शिवांक सिंघल
शिवांक सिंघल ने आम आदमी पार्टी पर करारा हमला करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार के दलदल में डूबी हुई है और इस बार दिल्ली की जनता ने भ्रष्टाचारियों को हटाने का फैसला कर लिया है। केजरीवाल हार की डर से कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं को साध रहे हैं। केजरीवाल की घबराहट बता रही है कि वो अपनी सीट के साथ-साथ दिल्ली चुनाव बुरी तरह से हार रहे हैं।

**पूर्व मुख्यमंत्री जेल की खा चुके हैं हवाः** जनसंपर्क के दौरान पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल ने आम आदमी पार्टी की सरकार को घेरते हुए आरोपों की बौछार कर दी। जनता के आम आदमी पार्टी द्वारा किए गए घोटालों की लाईन लगा दी।













जहांगीरपुरी के ए ब्लॉक में आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया के समर्थन में घर-घर जाकर लोगों से वोट करने की अपील करते हुए भाजपा नेता आनंद नेगी। साथ में है कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता।

# बुराडी में नड्डा ने जेडीयू प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को किया संबोधित






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड में राष्ट्रीय जनता दल यूनाइटेड के प्रत्याशी शैलेंद्र कुमार के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर राष्ट्रीय जानता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा,उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा सांसद मनेज तिवारी, प्रत्याशी शैलेन्द्र कुमार, पार्टी नेता सुनील कुमार और देवेश चंद्र ठाकुर, बिहार में मंत्री मदन साहनी, दिल्ली प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष पूनम चौहान, मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 से निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर सहित अन्य पदाधिकारी और भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि तालियों की आवाज और नारों की गूंज इस बात का घोतक है कि दिल्ली में एनडीए की सरकार बनाने का निर्णय आपने ले लिया है। यह भीड़ बता रही है कि पाँच फरवरी को दिल्ली में ट्रैफिक जाम नहीं बल्कि अरविंद केजरीवाल की यात्रा का जाम लग जाएगा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव तीर ही कमल है और कमल ही तीर है का नहीं है बल्कि यह दिल्ली की तस्वीर और तकदीर बदलने का चुनाव है। इस दौरान गुलाब सिंह राठौर ने कहा कि जनसभा में उमड़ी अपार भीड़ ने यह साबित कर दिया कि दिल्ली बदलाव के लिए तैयार है। महिलाओं का भरपूर समर्थन एवं युवा शक्ति का जोश, जनता का अपार समर्थन और भाजपा की विकासवादी नीतियों ने यह स्पष्ट कर दिया कि 5 फरवरी को कमल खिलेगा। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है आप-दा से मुक्ति पाने का और दिल्ली को वास्तविक विकास की राह पर ले जाने का। कमल का बटन दबाएं, भाजपा को भारी बहुमत से विजयी बनाएं!

# भारी मतों से विजयी होगी भाजपा प्रत्याशी पूनम भारद्वाजः विष्णु चौहान



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता विष्णु चौहान ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। उन्होंने आगे बताया कि हम जनसंपर्क के दौरान जहां पर भी जा रहे है, हमें जनता का अच्छा समर्थन मिल रहा है। जनता इस बार दिल्ली में भाजपा की सरकार चाहती है।
विष्णु चौहान ने आगे बताया कि भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज भारी मतों से विजयी होगी। क्योंकि जनता भाजपा के साथ है। उन्होंने आगे बताया कि वजीरपुर जे.जे कॉलोनी में हम जहां पर भी जनसंपर्क कर रहे है जनता भाजपा को वोट करने की बात कह रही है। उन्होंने आगे यह भी बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने देश में विकास ही विकास किया है, जिससे लोग प्रभावित हो रहे है, भाजपा को वोट करने की बात कह रहे है। उन्होंने कहा कि दिल्ली वाले अब दिल्ली में एक बड़ा बदलाव देखना चाहते है।

# केजरीवाल के बहाने नहीं भाजपा की और विकास चाहिएः सचदेवा




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आज भाजपा के विधानसभा चुनाव संयोजक केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेन्द्र चंदोलिया, प्रवीन खंडेलवाल एवं बाँसुरी स्वराज के साथ मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर द्वारा संचालित चुनाव प्रचार अभियान समीक्षा प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित किया और कहा की दिल्ली वाले अब परिवर्तन का मन बना चुके है, उन्हे केजरीवाल के बहाने नही भाजपा का विकास बदलाव चाहिए। विधानसभा चुनाव प्रचार खत्म होने से ठीक पहले प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा की आज हम एक लम्बे चुनाव प्रचार का अंत कर रहे हैं और अगले 48 घंटे हम सब भाजपा कार्यकर्ता पूरे समर्पण से अंतिम सम्भव वोट को डलवाने के लिए काम करेंगे।
वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा इस चुनाव प्रचार में हमारी विरोधी आम आदमी पार्टी का पूरा प्रचार झूठ, भ्रम, अफवाहें फैलाने पर आधारित था और उसके चलते हमे त्रिकोणीय चुनाव प्रचार करना पड़ा।
एक तरफ हम हर पल आम आदमी पार्टी के भ्रमजाल को तोड़ने का काम करना था तो दूसरी ओर हमे आम आदमी पार्टी एवं अरविंद केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार एवं अकर्मण्यता को उजागर करने का काम किया तो तीसरी ओर दिल्ली के लिए केन्द्र सरकार के कामों एवं दिल्ली के लिए भाजपा के संकल्प को दोहराने का काम किया। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा की इस चुनाव प्रचार में हमे प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि का बड़ा लाभ मिला है और उनके द्वारा चुनाव की ओपचारिक घोषणा से पहले एक विशाल जनसभा के साथ ही प्रचार के दौरान की तीन जनसभाओं के बाद यह कहना अतिशयोक्ति ना होगा की दिल्ली की जनता ने

**वोट की अपील**

**▶▶ अगले 48 घंटे हम सब भाजपा कार्यकर्ता पूरे समर्पण से अंतिम सम्भव वोट को डलवाने के लिए काम करेंगेः सचदेवा**

# श्री विश्वकर्मा पांचाल ब्राह्मण समिति ने किया सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** श्री विश्वकर्मा पांचाल ब्राह्मण समिति की ओर से सोमवार को श्री विश्वकर्मा मंदिर धर्मशाला, रामनगर (शाहदरा) में श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। राकेश शर्मा के स्वर में श्रीराम भक्त हनुमान जी के सुंदर भजनों की प्रस्तुति भी की गई। श्री सुंदरकांड पाठ में विश्वकर्मा पांचाल समाज के लोग भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।
भक्तों ने सुंदर कांड का श्रवण करते हुए भगवान श्री राम के भजनों का भी भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर रोहतास नगर विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी जितेंदर महाजन ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई।
विश्वकर्मा पांचाल समाज ने भाजपा प्रत्याशी जितेंदर महाजन को चुनाव में बड़ा समर्थन देने का भी आश्वासन दिया। और भरोसा दिलाया कि समाज उनके साथ है और प्रभु श्री राम का आशीर्वाद उन पर बना रहेगा। श्री सुंदरकांड पाठ के बाद सभी भक्तों के लिए भोजन प्रसाद की भी व्यवस्था की गई। जितेंद्र महाजन ने भी विश्वकर्मा पांचाल समाज को आश्वस्त किया कि वह हमेशा उनके सुख-दुःख में साथ खड़े रहेंगे।
उन्होंने कहा कि पहले भी पांचाल समाज का इस तरह से आशीर्वाद मिलता रहा है और आगे भी यह मिलता रहेगा।

# मनजिंदर सिंह सिरसा ने मेगा रोड शो के साथ चुनाव प्रचार समाप्त किया

## हजारों लोगों ने रोड शो में भाग लेकर मनजिंदर सिंह सिरसा के प्रति एकजुटता व्यक्त की



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव और राजौरी गार्डन विधानसभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार मनजिंदर सिंह सिरसा ने आज दिल्ली विधानसभा चुनाव के प्रचार के अंतिम दिन एक भव्य रोड शो के साथ अपना चुनाव प्रचार समाप्त किया। इस रोड शो में हजारों लोगों ने भाग लिया, जिन्होंने सिरसा को अपना मजबूत समर्थन देने का संकल्प लिया और 5 फरवरी को होने वाले चुनाव में भारी मतदान का आश्वासन दिया। सिरसा ने इस मेगा रोड शो का नेतृत्व अपनी पत्नी सतविंदर कौर सिरसा और राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अरुण गोविल के साथ किया। इस रोड शो में हजारों युवा मोटरसाइकिल और दोपहिया वाहनों के साथ शामिल हुए। उन्होंने भाजपा के झंडे थामे हुए ह्यप्रधानमंत्री मोदी ज़िंदाबादह्ण, ह्यगृहमंत्री अमित शाह ज़िंदाबादह्ण, ह्यमनजिंदर सिंह सिरसा ज़िंदाबादह्ण और ह्यभाजपा ज़िंदाबादह्ण जैसे नारे लगाए। युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी वर्गों के लोगों ने जोश और उत्साह के साथ इस रोड शो में भाग लिया। उन्होंने सिरसा को भरोसा दिलाया कि उन्हें समाज के हर वर्ग का समर्थन मिलेगा और उनकी जीत सुनिश्चित होगी।जनसमर्थन के लिए धन्यवाद देते हुए सिरसा ने कहा कि वे राजौरी गार्डन की जनता की सेवा एक विनम्र सेवक के रूप में करेंगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने पहले भी विधायक के रूप में इस क्षेत्र के विकास के लिए काम किया है और जीतने के बाद भी इस कार्य को जारी रखेंगे।
उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और पार्टी के समस्त नेतृत्व का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उन्हें राजौरी गार्डन की जनता की सेवा का अवसर दिया है।
सिरसा ने विश्वास दिलाया कि वे जनता से किए गए सभी वादों को पूरा करने के लिए पूरी मेहनत और ईमानदारी से कार्य करेंगे।

# भाजपा के समर्थन में वोट करने की बात कर रही है जनताः करन सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भाजपा नेता करन सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो सभी के विकास के लिए कार्य करती है, आज जो आप देश में विकास देख रहे हैं वह भारतीय जनता पार्टी के शासन में ही हुआ है।
उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा ही जनहित में कार्य करती है, यही कारण है कि देश के कोने कोने में भारतीय जनता पार्टी का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आदर्श नगर विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया भारी मतों से विजयी होंगे और आदर्श नगर में कमल खिलेगा। उन्होंने आगे बताया कि हम जनसंपर्क के दौरान जहां पर भी जा रहे हैं हमें जनता का अच्छा समर्थन मिल रहा है और जनता भारतीय जनता पार्टी को वोट करने की बात कह रही है।
उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां एक और शहरों की स्थिति में सुधार किया है, वही गांव में भी विकास की लहर देखने को मिली है, जिससे लोग काफी खुश हैं और भारतीय जनता पार्टी को वोट करने की बात कह रहे हैं।
उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था में काफी सुधार किया है। जिससे देश की जनता की काफी ज्यादा खुश है और भाजपा के समर्थन में वोट करने की अपील कर रही है।

## न्यूज फ्लैश

### जिमी शेरगिल ने खूब चलेगा अभियान की सफलता के बाद एचएमडी के साथ जारी रखा अपना सफर

**शिमला/टीम एक्शन इंडिया**
ह्यूमन मोबाइल डिवाइस ने आज मशहूर अभिनेता जिमी शेरगिल के साथ अपनी सफल साझेदारी को आगे बढ़ाने की घोषणा की जिससे भारत में एचएमडी के फीचर फोन पोर्टफोलियो के चेहरे के रूप में उनकी भूमिका का विस्तार हुआ। यह विस्तार खूब चलेगा अभियान की उल्लेखनीय सफलता के बाद हुआ है।यह प्रचार अभियान पूरे देश में उपभोक्ताओं को खूब पसंद आया।यह नवीनीकृत गठजोड़ प्रारंभिक साझेदारी के दौरान स्थापित मजबूत नींव पर आधारित है।जिमी शेरगिल का प्रामाणिक व्यक्तित्व ने लाखों भारतीयों को विश्वसनीय और नवोन्मेषी संचार उपकरण प्रदान करने की एचएमडीकी प्रतिबद्धता के साथ पूरी तरह से मेल खाता है।
एचएमडी इंडिया और एपीएसी के मुख्य कार्यकारी और उपाध्यक्ष रवि कुंवर ने इस विस्तारित साझेदारी पर अपनी टिप्पणी में कहा हमें जिमी शेरगिल के साथ अपने सहयोग को आगे बढ़ाते हुए खुशी हो रही है। दर्शकों के साथ उनके वास्तविक जुड़ाव और विश्वसनीय स्क्रीन उपस्थिति ने हमारे ब्रांड संदेश और नवोन्मेष की कहानी को लोगों तक पहुंचाया है। उनकी प्रसिद्धि और अपील पूरी तरह से ह्यूमन मोबाइल डिवाइस के प्रौद्योगिकी को सभी के लिए सुलभ बनाने के दृष्टिकोण के अनुरूपहै।
जिमी शेरगिल ने नवीनीकृत साझेदारी के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा ह्यूमन मोबाइल डिवाइस के साथ मेरी यात्रा शानदार रही है और हमारा पहला अभियान बहुत सफल रहा है।मैं इस गठजोड़ को जारी रखने के लिए उत्साहित हूं।गुणवत्ता और विश्वसनीयता प्रदान करने के प्रतिब्रांड की प्रतिबद्धता मेरे अपने सिद्धांतों के अनुरूप है।मैं आने वाले समय में एचएमडीके मिशन का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं।
इस विस्तारित साझेदारी के तहत जिमी शेरगिल विभिन्न प्लेटफॉर्म पर एचएमडी के फीचर फोन की लाइन अप के आगामी अभियानों में दिखाई देंगे।यह गठजोड़ लक्षित दर्शकों तक पहुंच बनाने और पेश किए जाने वाले उत्पादों की श्रेणी के बारे में चर्चा पैदा करने के लिए एचएमडी मार्केटिंग मिक्स का हिस्सा है।ह्यूमन मोबाइल डिवाइसेस और आपके पसंदीदा हीरो जिमी शेरगिल एक बार फिर साथ मिलकर इस रोमांचक यात्रा पर निकल रहे हैं जो मोबाइल प्रौद्योगिकी के भविष्य को आकार देगा और उद्योग पर एक अमिट छाप छोड़ेगा।

### 69 हजार पेंशन धारकों को पेंशन के लिए अभी 10 दिन और करना पड़ेगा इंतजार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**
**ऊना :** जिला ऊना में सामाजिक सुरक्षा पेंशन का इंतजार कर रहे करीब 69 हजार पेंशन धारकों को अपनी पेंशन के लिए अभी 7 से 10 का ओर इंतजार करना पड़ेगा। सरकार द्वारा हर महीने की 25 तारीख को पेंशन जारी करने का प्रावधान है, लेकिन इस बार अगले माह की तीन दिन बीत जाने के बावजूद अभी तक पेंशन राशि जारी नहीं हुई है।
बता दें जिला के वृद्ध, विधवा, विकलांगता और एकल नारी पेंशन के लाभार्थी अपनी पेंशन को लेकर बार-बार बैंक व डाकघर के चक्कर लगाकर रहे हैं, ताकि पेंशन राशि का पता चल जाए। लेकिन पेंशन न मिलने से लाभार्थी कुछ मायूस है।
पेंशन न मिलने से लाभार्थी आशा कुमारी, जसवीर चंद, गीता देवी, व्यास देवी और रामस्वरूप सहित अन्यों का कहना है कि पिछले एक सप्ताह से कई बार डाकघर व बैंक जाकर अपने खातों में एंट्री करवा रहे हैं, ताकि उन्हें पेंशन आने की जानकारी मिल सके, लेकिन अभी तक पेंशन नहीं मिल पाई है। ऐसे में रोजमर्रा की जरूरतें पूरी नहीं हो पा रही है।
उधर, जिला कल्याण अधिकारी अनीता शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने पेंशन प्रक्रिया को आगे बढ़ा दिया है। बजट की व्यवस्था पूरा होते ही अगले 7 से 10 दिनों के भीतर पेंशन धारकों के खातों में राशि पहुंच जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया है कि पेंशन प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जा रहा है। उन्होंने सभी पेंशन धारकों से थोड़ा और धैर्य रखने की अपील की है।

# मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती में किसानों के पंजीकरण के लिए फार्म किया लांच

**मुख्यमंत्री ने कहा**

▶▶ किसान अब इस फार्म को भरकर आसानी से प्राकृतिक खेती से जुड़ सकते हैं



**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**
**शिमलाः** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गत दिवस को विधायकों की प्राथमिकता बैठक के दौरान राज्य में प्राकृतिक खेती में किसानों के पंजीकरण के लिए सरल फार्म लांच किया। किसान ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से फार्म भर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इच्छुक किसान अब इस फार्म को भरकर आसानी से प्राकृतिक खेती से जुड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि पंजीकरण फार्म में किसानों की भूमि, उगाई जाने वाली फसलों, पशुओं की नस्ल और प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण से संबंधित कुछ अन्य विवरण होंगे। यह फार्म प्रदेश की सभी पंचायतों में किसानों को वितरित किए जाएंगे। इससे राज्य में वर्ष 2025-26 में प्राकृतिक खेती को और अधिक बढ़ावा मिलेगा।
श्री सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हाल ही में 1508 किसानों से 398.976 मीट्रिक टन प्राकृतिक रूप से उगाई गई मक्की 30 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से खरीदी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश, देश में मक्की पर सबसे अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान कर रहा है। आगामी सीजन में प्राकृतिक रूप से उत्पादित गेहूं की खरीद के लिए भी इसी तरह की प्रक्रिया अपनाई जाएगी, जिसका न्यूनतम समर्थन मूल्य 40 रुपये प्रति किलोग्राम निर्धारित किया गया है। लोगों को प्राकृतिक रूप से उत्पादित मक्की के आटे के एक किलोग्राम और पांच किलोग्राम के पैकेट 'हिम भोगइ ब्रांड नाम से उपलब्ध करवाया जा रहा है उन्होंने कहा कि 1054 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से 1 फरवरी, 2025 तक 38.225 मीट्रिक टन मक्की के आटे की बिक्री की गई है और हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड की थोक इकाइयों के माध्यम से 73.52 मीट्रिक टन आटा बेचा गया है। कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा कि आत्मा स्टाफ किसानों द्वारा भरे गए फार्म का सत्यापन करेगा।

## बीदड़वाल में 51 ने किया रक्तदान



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**
**ऊना :** हरोली विधानसभा क्षेत्र के गांव बिदड़वाल में सोमवार को स्वामी श्री सर्वज्ञ नंद महाराज के जन्मदिवस पर रक्तदान कैंप लगाया गया।
श्री सर्वज्ञ पुरी कुटिया साहिब बीदडवाल में आयोजित शिविर के दौरान 51 सेवादारों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर सेवादार रविन्द्र कुमार, बलबीर सिंह, जगदेव सिंह, डॉ सुखदेव चौहान, सतीश कुमार, योगेश धीमान, विक्रम, प्रदीप, दीपू धीमान, मनु राणा, देवदत राणा, सौरभ धीमान, विशाल राणा, राहुल राणा, आकाश राणा, विक्की राणा व मोनी ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## छात्राओं ने कचरा प्रबंधन रैली निकालकर किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**
**ऊना :** राजकीय कन्या उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ऊना में सोमवार को यूथ एंड इको क्लब द्वारा विद्यालय के प्रांगण में कचरा प्रबंधन विषय पर भाषण प्रतियोगिता करवाई गई।
प्रतियोगिता मे 9वीं से 12वीं कक्षा की छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में एसआर विंग के मनप्रीत ने प्रथम, सपना ने द्वितीय और अवनीत कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जेआर विंग से अंजलि चौधरी ने प्रथम, दिव्यांका ने द्वितीय और एकम जोत कौर ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कचरा प्रबंधन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार ने कचरा प्रबंधन और स्वच्छता के महत्तव पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने कचरा प्रबंधन पर रैली निकाली। छात्राओं ने नारे लगाकर आसपास के समाज को भी कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया।

## धर्मशाला शहर के स्ट्रीट वेंडर्स 11 फरवरी तक जमा करवाएं दस्तावेज

**धर्मशाला,/टीम एक्शन इंडिया**
धर्मशाला शहर में रेहड़ी फहड़ी एवं अन्य पथ विक्रेता 11 फरवरी 2025 तक किसी भी कार्यदिवस के दौरान अपना पुराना स्ट्रीट वेंडिंग कार्ड व अन्य दस्तावेज परिवार के सदस्य की 2 फोटो व आधार कार्ड की प्रति धर्मशाला स्मार्ट सिटी लिमिटेड के चीलगाड़ी स्थित कार्यालय में 10 से 5 बजे तक जमा करवा सकते हैं। यह जानकारी देते हुए आयुक्त नगर निगम जफर इकबाल ने बताया कि धर्मशाला नगर निगम द्वारा शहर के रेहड़ी फहड़ी वाले तथा अन्य पथ विक्रेताओं का सर्वेक्षण 16 जनवरी से आरंभ किया गया लेकिन लेकिन कई वेंडर्स द्वारा अभी तक दस्तावेज जमा नहीं करवाए गए हैं उन के लिए अंतिम अवसर दस्तावेज जमा करवाने के लिए दिया गया है।

## अजय वर्मा ने संभाला पथ परिवहन निगम के उपाध्यक्ष का कार्यभार




**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**
**शिमलाः** हिमाचल पथ परिवहन निगम के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने कार्यभार संभाल लिया है। अजय वर्मा कांगड़ा जिला के रहने वाले हैं और काफी लंबे समय से कांग्रेस के साथ जुड़े हैं और मुख्यमंत्री के भी काफी करीबी माने जाते हैं। सोमवार को समर्थकों के साथ अजय वर्मा ओल्ड बस स्टैंड में अपने कार्यालय पहुचे जहा निगम के कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया इस दौरान नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान भी मौजूद रहे।
उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर अजय वर्मा ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। अजय वर्मा ने कहा कि जो जिम्मेवारी मुख्यमंत्री ने उन्हें सौंपी है उस पर भी खरा उतारने का पूरा प्रयास करेंगे और के हित में दिन-रात कर्मचारियों के साथ मिलकर काम करेंगे।
उन्होंने कहा कि वह काफी समय से कांग्रेस के साथ जुड़े हैं एनएसयूआई, युवा कांग्रेसओर कांग्रेस में मुख्यमंत्री के साथ काम किया है। अब उन्हें एचआरटीसी उपाध्यक्ष के रूप में जिम्मेवारी दी गई है तो उसे बखूबी निभाने का प्रयास करेंगे।

# सांसद खेल महाकुंभ 3.0 कबड्डी टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

**शुभारंभ**

▶▶ कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ गगरेट के पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने किया।



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**
**ऊना :** गगरेट विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंबोटा के समीप छिंज मैदान में सोमवार को सांसद अनुराग ठाकुर के नेतृत्व में दो दिवसीय कबड्डी टूर्नामेंट का आगाज हुआ। कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ गगरेट के पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने किया। इस टूर्नामेंट में करीब 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इस अवसर पर पहला मैच नंगल जरियाला और कलोह के बीच खेला गया, जिसमें कलोह टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नंगल जरियाला की टीम को हरा दिया। उद्घाटन समारोह में पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने सांसद अनुराग ठाकुर की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन उनकी दूरदर्शी सोच का परिणाम है।
उन्होंने बताया कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं, बल्कि युवाओं को मोबाइल और नशे जैसी बुराईयों से भी दूर रखते हैं।
उन्होंने खेलों के माध्यम से टीम भावना और अनुशासन सीखने पर जोर दिया। इस अवसर पर सांसद अनुराग ठाकुर के निजी सचिव अनुपम लखनपाल, गगरेट मंडल अध्यक्ष नितिन ठाकुर, दौलतपुर मंडल अध्यक्ष अजय ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुदेश ठाकुर, लक्ष्मी जरियाल और किरण देवी आदि उपस्थित रहे।

## जिला के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों की वाटिका में उगाया जाएगा पालक : उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**
**शिमलाः** जिला शिमला के सभी आंनवाड़ी केंद्रों की वाटिकाओं में पालक उगाया जाएगा। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने सोमवार को इस बारे में महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश जारी कर दिए है।
उपायुक्त अनुपम कश्यप ने जानकारी देते हुए कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों में वाटिकाएं है और अब उन सभी वाटिकाओं में पालक उगाया जाएगा ताकि बच्चों को दिए जाने वाले आहार में पालक को शामिल किया जा सके। इसके अलावा, जिन केंद्रों में वाटिकाएं नहीं हैं वहां पर वाटिकाएं तैयार करवाई जाएंगी और गमलों आदि में पालक उगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिला के 60 फीसदी आंगनवाडी.केंद्रों में पोषण वाटिकाएं बनाई गई है। राष्ट्रीय पोषण मिशन के तहत जिला शिमला के आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिका, बच्चों और गर्भवती महिलाओं को ताजा और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने का एक तरीका है। इस योजना के तहत, आंगनबाड़ी केंद्रों की वाटिकाओं में फल और सब्जियां उगाई जाती हैं। इनसे मिलने वाले फल और सब्जियां, बच्चों के मध्यान्ह भोजन में दी जाती हैं। जिला शिमला में 2154 आंगनवाड़ी केंद्र है।
पालक में होते हैं कई पोषक तत्व
पालक में कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं। पालक खाने से कई तरह के फायदे होते हैं। पालक खाने के फायदे होते है। इसमें विटामिन ए, सी, के, और फोलेट जैसे पोषक तत्व होते हैं। पालक में आयरन भी भरपूर मात्रा में होता है। पालक में मौजूद विटामिन-ए आंखों के लिए फायदेमंद होता है और पालक में मौजूद विटामिन-सी इम्यूनिटी बढ़ाता है।

## पौंग वांध मे मत्स्य विभाग की कार्यवाही, अण्डर साईज जाल पकड़े

**टीम एक्शन इंडिया**
कांगड़ा विजय समयाल
- हिमाचल प्रदेश के पौंग झील में अंडर साइज जाल लगाने, दिन में जाल लगाकर मछली शिकार करने व अवैध रूप से ही रहे मछली शिकार को रोकने के लिए मत्स्य विभाग ने कमर कस ली है तथा लगातार मोटरबोट से झील में गश्त की जा रही है। फिशरीज ऑफिसर पंकज पटियाल व टीम द्वारा लगातार मोटरबोट से झील का निरीक्षण किया जा रहा है। पिछले सात दिनों में मत्स्य विभाग ने दिन के समय जाल लगाकर अवैध तरीके से मछली शिकार के 12 केस पकड़े हैं तथा अंडरसाइज 13जाल जब्त किए हैं। वर्ष 2024-25 में अवैध मत्स्य आखेट के 284केस पकड़े जा चुके हैं तथा इनसे 174640रुपए मुआवजा वसूला गया है।

## बंगाणा कॉलेज में स्वंयसेवियों का जांचा स्वास्थ्य




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**
**ऊना :** अटल बिहारी बाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वंयसेवियों के स्वास्थ्य की जांच की गई।
दिन की शुरूआत एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. सिकंदर नेगी की अध्यक्षता में ड्रिल से हुई। इसके बाद स्वयंसेवियों ने योगाभ्यास कर अपना मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य सुदृढ़ किया। इस दौरान पहले सत्र में महाविद्यालय द्वारा स्वयंसेवियों के लिए एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें राजकीय हेल्थ सेंटर बंगाणा की लेबोरेटरी टेक्नीशियन सपना शर्मा ने एचआईवी और एचपीसीएल के टेस्ट किए। उन्होंने स्वंयसेवियों को स्वास्थ्य रहने के महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए। दूसरे सत्र में दो प्रमुख रिसोर्स पर्सन ने अपने ज्ञान से स्वयंसेवियों को लाभान्वित किया। जिसमें एडवोकेट बबीता ने साइबर सिक्योरिटी, साइबर लॉ और डिजिटल लिटरेसी के बारे में विस्तृत जानकारी दी, जिससे स्वंयसेवी डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के बारे में जागरूक हुए। इस अवसर पर एनएसएस के प्रधान राहुल शर्मा, उप प्रधान शुभम शर्मा, एनएसएस कैप्टन तीक्षण और परीक्षा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## श्री कृष्ण की भक्ति करने वाला भक्त हो जाता है अमरः कुमार स्वामी



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**
**ऊना :** कुमार स्वामी ने कहा कि जो लोग श्री कृष्ण, राधा और राम की निर्गुण भक्ति करते हैं, वो जो चाहें बन सकते हैं। कुमार स्वामी सोमवार को श्री राधा कृष्ण मंदिर में चल रही वार्षिक सम्मलेन के तीसरे दिन प्रवचन दे रहे थे। इससे पहले बाबा बाल आश्रम पहुंचकर मंदिर में माथा टेका और राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। सम्मलेन में गगरेट के विधायक राकेश कालिया भी मंदिर पहुंचकर महाराज का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उनके साथ युवा कांग्रेस के महासचिव राघव राणा भी मौजूद रहे। कुमार स्वामी ने कहा कि कृण भगवान ने कहा है कि जो व्यक्ति मेरी पूजा करता है। उसे मृत्यु के बाद दोबारा 84 योनियों में नहीं आना पड़ता। बल्कि वह व्यक्ति अमर हो जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण कुछ भी कर सकते हैं। उन्होंने गिरिराज को अपनी उंगली पर उठा लिया था। उन्होंने कहा कि अल्लाह श्री कृष्ण का नाम था, जो ऋग्वेद में लिखा है। उन्होंने कहा कि बुराई का कार्य हमें शुरू में अच्छा लगता है, लेकिन परिणाम बुरे होते हैं। हम लोगों के बहकावे में आ जाते हैं और बुरे कार्य शुरू कर देते हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसी का बच्चा बुरी लत में लग जाए, तो आदर करेंगे क्या? हर बात में गुस्सा व कलह करने वाले का आदर होता हैं क्या? उन्होंने कहा कि गुस्सा करने वाला अपना आदर खो देता है। बुराई का परिणाम कभी अच्छा नहीं होता। प्रलाद ने भी अनेक कष्टों के दौरान कभी प्रभु नारायण का नाम नहीं छोड़ा। पर्वत से नीचे गिराया, आग में बैठा दिया, तो भी नारायण का नाम नहीं छोडा। हम विपदा में भगवान को भूल जाता। सर दर्द होने पर नाम छूट जाता है। भजन पाठ छोड़ देता है, लेकिन प्रलाद ने हर स्थिति में नारायण का नाम लेकर हर विपदा को पार किया। कुमारी स्वामी ने कहा कि हम सभी जीवन में कुछ पाना चाहते हैं। सभी की इच्छा, आस्था और कामना अलग-अलग हो सकती है, लेकिन गरीब हो या धनवान, किसी जाति या वर्ग से हो, चाहे किसी भी देश से हो या कोई भी पात्र हो सभी जीवन में एक वस्तु अवश्य चाहते है वह है मानसिक शांति। मानसिक शांति हमें भगवत गीता से मिलती है। मनुष्य न केवल सहजता से प्रभु नाम का सिमरण करते है, ब्लकि नाम की महिमा के प्रभाव में खोकर मस्त हो जाते है।
संतो के भजन का फल दूसरों के लिएः बाबा बाल
राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने आश्रम में पहुंचे भक्तों को अपना आशीर्वाद देते हुए प्रवचनों से निहाल किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह नदी का जल और वृक्ष का जीवन दूसरों के लिए है। उसी प्रकार संतो का सब कुछ दूसरों के लिए होता है।

## जीव जंतु कल्याण दिवस के अवसर पर हरिपुर में कार्यक्रम का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**
**कुल्लू :** बसंत पंचमी के अवसर पर माइंडस्केप आर्ट गैलरी तथा पशुपालन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जीव जंतु कल्याण दिवस के अवसर पर माइंड्स के गैलरी हरिपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपनिदेशक पशुपालन विभाग कुल्लू डॉ राजेंद्र पॉल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जीव जंतु कल्याण बोर्ड द्वारा प्रत्येक वर्ष बसंत पंचमी के अवसर पर जीव जंतु कल्याण दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इसी उपलक्ष्य में आज के कार्यक्रम में पेंटिंग तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जीव जंतु कल्याण तथा बसंत पंचमी को दशार्ते पेंटिंग तथा चित्र बनाकर प्रतिभागियों ने जीव जंतु कल्याण को लेकर जागरूकता लाने का प्रयास किया।
पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने जीव जंतु कल्याण तथा समाज के लिए जीव जंतुओं के अस्तित्व को बचाने को लेकर अपने विचार रखें। इस अवसर पर पशुपालन विभाग से सेवानिवृत डॉ संजू पॉल सहित पशुपालन विभाग के विभिन्न अधिकारी भी उपस्थित रहे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 04 फरवरी 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# देश की बहू ने आदर्श नगर की जनता से मांगा राजकुमार के लिए जीत का आशीर्वाद

## ● आदर्श नगर विधानसभा में राजकुमार भाटिया के लिए स्मृति ईरानी ने किया रोड शो, विपक्षी खेमे में निराशा', राजकुमार भाटिया जीत को लेकर आश्वस्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** क्यूंकि सास भी कभी बहू थी, सीरियल से देश के घर-घर में अपनी पहचान बनाने वाली वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने आदर्श नगर की धरती पर आकर भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया के लिए जीत का आशीर्वाद माँगा। उन्होंने कहा की आदर्श नगर की जनता को एक आदर्श नेता की जरूरत है। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन राजकुमार भाटिया ने भव्य रोड शो निकाला, रोड शो से पहले भाटिया और उनके समर्थक भाजपा कार्यालय पर इक्ठ्ठा हुए। सुबह से ही कार्यकर्ताओं को जुटना शुरू हो चुका था। 11 बजे तक पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी भी कार्यकर्ताओं के बीच पहुंच चुकी थी। स्मृति का खैरमकदम करने के लिए भाटिया और उनके साथी पलक पावड़े बिछाये हुए थे। जैसे ही स्मृति ईरानी कार्यकर्ताओं के बीच पहुंची वैसे ही जय श्री राम के जय घोष होने शुरू हो गए। इस दौरान कार्यकर्ताओ का उत्साह अपने चरम पर था। इसके बाद कार्यालय से शुरू हुआ रोड शो देखते ही देखते बाइक, स्कूटी, ई रिक्शा, गाड़िया और ओपन जीप से भगवा रंग में सजा, लाव लश्कर अपनी ताकत का खूब बा खुद एहसास करवा रहा था। आदर्श नगर की सभी मुख्य सड़कों से गुजरता हुआ भाजपा का ये काफिला ये बता रहा था की इस बार आदर्श नगर में सिर्फ और सिर्फ राजकुमार।

दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार थम गया। 5 फरवरी को मतदान होगा और 8 फरवरी को परिणामों के साथ सभी 70 सीटों पर प्रत्याशियों के भाग्य का निर्णय सामने आ जाएगा। आदर्श नगर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया ने बड़ी ही मजबूती और सूझबूझ से चुनाव लड़ा जो जमीन पर भी देखने को मिला। आज उन्होंने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन विशाल भव्य रोड़ शो निकाला जिसमें स्टार प्रचारक पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी उनके साथ विजय रथ पर रही व लोगों से राजकुमार भाटिया को भारी बहुमतों से विजयी बनाने की अपील की। भाजपा दिल्ली प्रदेश में उपाध्यक्ष राजकुमार भाटिया बाल्यकाल से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े हुए हैं। विश्वविद्यालय में अपनी पढ़ाई के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ छात्र जीवन में राजनीति की शुरूआत की। स्वदेशी जागरण मंच सहित अनेक संगठनो में विभिन्न पदों पर कार्य करने से कार्यकौशल में कुशलता के साथ सांगठनिक संचालन व नेतृत्व क्षमता में कुशलता प्राप्त की। आजादपुर मंडी में सफल व्यवसायी के रुप मे खुद को स्थापित करने वाले राजकुमार भाटिया मृदुभाषी , व्यवहार कुशल व जनहित के मामलों में संवेदनशील है। रोटी बैंक के संस्थापक राजकुमार भाटिया समाज सेवा के प्रति निस्वार्थ भाव से समर्पित एक निष्ठावान व्यक्ति के रूप में लोगों के दिलों में गहराई तक उतरे हुए हैं जिसके चलते अपने चुनाव अभियान में लोगों का अपार प्रेम व समर्थन मिलता दिखा। अपने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन चुनाव कार्यालय से रोड़ शो आरम्भ किया जो इंदिरा नगर म्यूजिक कार्नर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, राजन बाबू रोड़ , नन्दा रोड़ , कैलाश देव होटल, कृष्णा स्वीट्स , एच ब्लॉक डिस्पेंसरी जहाँगीर पुरी से होते हुए अग्रवाल स्वीट्स चौक, गुजराती समाज से गुजरते हुए जहाँगीर पुरी के जी ब्लॉक में समापन हुआ।



# वजीरपुर: पूनम भारद्वाज ने निकाला रोड शो, जनता ने की फूलों की वर्षा







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज ने वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कई इलाकों में रोड़ शो किया और इसके अलावा वजीरपुर के कई क्षेत्र में जनसंपर्क व जनसंवाद भी किया।

**पूनम शर्मा भारद्वाज के समर्थन में करें वोट: मनोज तिवारी** सांसद मनोज तिवारी ने भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज के समर्थन में वजीरपुर क्षेत्र में आयोजित रोड शो के दौरान कहा कि आप सभी भाजपा का समर्थन करें और पूनम भारद्वाज को भारी मतों से विजयी बनाएं।

**अशोक विहार में सांसद ने लोगों को किया भाजपा के प्रति जागरूक:** भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज के समर्थन में आयोजित रोड़ शो के दौरान लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी पूनम भारद्वाज के समर्थन में वोट करें।

**पूनम शर्मा भारद्वाज ने वजीरपुर जेजे कॉलोनी में किया जनसंपर्क, लोगों ने दिया जीत का आशीर्वाद:** भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज ने वजीरपुर जेजे कॉलोनी में जनसंपर्क किया। इस दौरान वहां के निवासियों ने भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज का स्वागत किया और उन्हें जीत का आशीर्वाद भी दिया।

**केशवपुरम में भाजपा प्रत्याशी पूनम भारद्वाज ने किया जनसंवाद:** भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज ने केशवपुरम में जहां एक ओर झूलेलाल मंदिर में जाकर माथा टेका, वहीं वहां पर जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों को संबोधित भी किया। जहां पर बुजुर्गों ने प्रत्याशी पूनम भारद्वाज को जीत का आशीर्वाद दिया।







